www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार, 17 जून 2025 । वर्ष – 35 । अंक –48 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु.




दबाव के चलते केंद्र को जाति जनगणना कराने के लिए मजबूर होना पड़ा : कांग्रेस — पृष्ठ 3

- दुनिया में मित्रविहीन क्यों होता जा रहा है भारत?
- होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल यातायात पर ईरान क्या करेगा? — पृष्ठ 4

- जी-7 सम्मेलन में वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा व सुरक्षा होगा फोकस
- पश्चिम एशिया में तनाव पर एस जयशंकर ने यूएई के उप-प्रधानमंत्री से की चर्चा — पृष्ठ 9

भारत और श्रीलंका में होगा आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 क्रिकेट का उद्घाटन मैच — पृष्ठ 10

### इजराइल का बड़ा दावा

# तेहरान के आसमान पर अब हमारा कब्जा

## इजरायल और ईरान दोनों ने ही एक दूसरे पर जबरदस्त हमले किए

- ईरान ने इजरायल के कई शहरों पर मिसाइल से हमला किया
- इजरायल के हमलों में भी ईरान के सैकड़ों लोगों की मौत हुई



**तेल अवीव**, 16 जून (एजेंसियां)। इजरायल और ईरान दोनों ने ही एक दूसरे पर जबरदस्त हमले किए हैं। इजरायल ने ऑपरेशन राइजिंग लायन के तहत ईरान के कई न्यूक्लियर ठिकानों, मिसाइल लॉन्च सिस्टम्स और एयर डिफेंस को तबाह कर दिया है। तो वहीं, ईरान ने भी इजरायल के तेल अवीव समेत कई बड़े शहरों पर मिसाइल से हमला किया है। बीते शुक्रवार से जारी जंग के बीच अब इजरायल ने बड़ा ऐलान किया है।

इजरायल ने दावा किया है कि उसने ईरान की राजधानी तेहरान के ऊपर हवाई श्रेष्ठता हासिल कर ली है। इसके साथ ही इजरायल ने पश्चिमी ईरान से लेकर राजधानी तेहरान तक के आसमान पर नियंत्रण का दावा किया है। इजराइल ने सोमवार शाम सेंट्रल ईरान पर फिर से एयरस्ट्राइक की। इजरायली सेना ने कहा है कि उसने ईरान के एयर डिफेंस और मिसाइल सिस्टम्स को इस लेवल तक कमजोर कर दिया है कि इजरायली विमान बिना किसी बड़े खतरे का सामना किए तेहरान के ऊपर उड़ान भर सकते हैं।

**ईरान पर अब तक का सबसे बड़ा हमला**

इजरायल का ये हमला 1980 के इराक़ युद्ध के बाद से ईरान पर अब तक का सबसे बड़ा हमला है। इजरायल के हमले में ईरान के सैकड़ों लोगों की मौत हो गई है। ईरान के दर्जनों शीर्ष सैन्य अधिकारी और परमाणु वैज्ञानिक मारे जा चुके हैं। शेष पृष्ठ 2 पर

### अमेरिकी समर्थन ने पश्चिम एशिया को खतरे में डाला : ईरानी

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने कहा है कि इजरायल के लिए अमेरिका के समर्थन ने पश्चिम एशिया और दुनिया की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। श्री बाघई ने कहा, जिस समय इजरायल ने आक्रमण किया, उस समय हम एक कूटनीतिक प्रक्रिया में लगे हुए थे।

उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा कृत्य है, जिसकी अमेरिकी सहयोग के बिना कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इसने कूटनीतिक और बातचीत की प्रक्रिया को निरर्थक बना दिया है। उन्होंने कहा कि ईरान को उम्मीद है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इजरायल के खिलाफ 'बाध्यकारी' प्रस्तावों को अपनाएगा।

### ट्रंप को मारना चाहता है ईरान : नेतन्याहू

तेल अवीव। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बड़ा दावा किया है। नेतन्याहू का कहना है कि ईरान, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मारने की कोशिश कर चुका है, क्योंकि ट्रंप ने उनकी परमाणु महत्वाकांक्षाओं का कड़ा विरोध किया।

नेतन्याहू ने ट्रंप को तेहरान का 'दुश्मन नंबर एक' बताया। इसके साथ ही ईरान पर ट्रंप की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया।

# स्कूलों में लौटी रौनक

## शाला प्रवेशोत्सव के साथ नए सत्र का आगाज





**रायपुर**, 16 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में आज 16 जून से नया शिक्षा सत्र 2025-26 की शुरुआत हो गई है। इस मौके पर राज्य भर के सरकारी और निजी स्कूलों में 'शाला प्रवेश उत्सव' बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। कई स्कूलों में बच्चों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। कहीं तिलक लगाकर तो कहीं मिठाई और फूल माला पहनाकर बच्चों की अगवानी हुई।

शाला प्रवेश उत्सव के तहत इस बार खास तैयारी की गई है। स्कूलों को साफ-सफाई कर सजाया गया है। स्कूलों में पहली बार आने वाले बच्चों को गुलाब का फूल और चॉकलेट दी गई। सरकारी स्कूलों में प्रवेश लेने वाले बच्चों को शेष पृष्ठ 2 पर

### शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरुण साव

- खाद्य मंत्री बघेल ने किया छात्र-छात्राओं का अभिनंदन
- मंत्री टंकराम वर्मा ने 50 छात्राओं को वितरित की सायकिल

**बिलासपुर/बेमेतरा/बलौदाबाजार।** केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज बिलासपुर के सरकण्डा स्थित पीएमश्री सेजेस कन्या शाला में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए। शाला प्रवेशोत्सव उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। उप मुख्यमंत्री तथा बिलासपुर जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने स्कूल में विभिन्न कार्यों के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा की। बाल अतिथियों प्रियांशु, साहिल, प्राची और धनमती का तिलक शेष पृष्ठ 2 पर

### स्कूलों के समय में बदलाव, आज से सुबह लगेगी कक्षाएं

- नई समय-सारणी 17 से 21 जून तक लागू

प्रदेश में जारी भीषण गर्मी के चलते राज्य सरकार ने स्कूलों के संचालन समय में बदलाव किया है। 16 जून से प्रदेश भर के स्कूलों में कक्षाएं शुरू हो चुकी हैं, लेकिन बढ़ते तापमान को देखते हुए छात्रों की सेहत को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है। राज्य शासन ने आदेश जारी करते हुए बताया कि शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त और अशासकीय स्कूलों की कक्षाएं 17 जून से 21 जून तक सुबह 7 बजे से 11 बजे तक संचालित की जाएंगी। शासन की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि, वर्तमान में प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है, जिसे ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

## सार संक्षेप

### सोनिया की हालत स्थिर, चिकित्सा निगरानी में रखा गया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। श्रीमती गांधी को पेट में दर्द की शिकायत के कारण रविवार रात यहां सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि 78 वर्षीय श्रीमती गांधी की हालत स्थिर बनी हुई है और उन्हें चिकित्सा निगरानी में रखा गया है। श्रीमती गांधी की पिछले सप्ताह भी अस्पताल में स्वास्थ्य जांच की गई थी।

### गृह मंत्रालय ने जनगणना के लिए जारी की अधिसूचना

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में आगामी जनगणना कराने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश को छोड़कर देश भर में जनगणना की संदर्भ तिथि एक मार्च 227 होगी जबकि बर्फबारी से प्रभावित जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश मैं संदर्भ तिथि एक अक्टूबर 226 रहेगी। इस बार जनगणना में जाति गणना भी की जाएगी।

### मई में बेरोजगारी की दर बढ़कर 5.6 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** देश में मई 225 में बेरोजगारी की दर बढ़कर 5.6 प्रतिशत हो गई है। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने सोमवार को यहां जारी श्रम बल सर्वेक्षण - मई 225 में कहा कि अप्रैल 225 में बेरोजगारी की दर 5.1 प्रतिशत रही थी जो मई में बढ़कर 5.6 प्रतिशत हो गई है।

### ईपीएफओ ने अनधिकृत एजेंटों से बचने की दी सलाह

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने कहा है कि संगठन के पोर्टल पर सभी सेवाएं निशुल्क और सुरक्षित हैं और किसी भी अनधिकृत एजेंट से बचा जाना चाहिए। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सोमवार यहां कहा कि अपने सेवाओं और शिकायतों के लिए अंशधारकों को ईपीएफओ के आधिकारिक पोर्टल का उपयोग करना चाहिए। ईपीएफओ ने केवाईसी या सदस्य विवरण में सुधार तथा स्थानांतरण दावें, पेंशन वितरण प्रक्रिया निशुल्क हैं।

# पीडीएस के राशनकार्डों में सभी सदस्यों का ई-केवायसी जरूरी

**रायपुर**, 16 जून (देशबन्धु)। भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा दिए गए निर्देश पर राज्य में एक राष्ट्र एक राशनकार्ड योजना के तहत शत-प्रतिशत हितग्राहियों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना है। राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 81.56 लाख राशनकार्ड प्रचलित है। इन राशनकार्डो में 2.73 करोड़ सदस्य पंजीकृत है। इन सदस्यों में से 2.35 करोड़ सदस्यों का ई-केवायसी पूर्ण हो गया है। 38 लाख सदस्यों का ई-केवायसी शेष है। भारत सरकार द्वारा 05 वर्ष से कम उम्र के सदस्यों को ई-केवायसी में छूट दिया गया है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सभी उचित मूल्य दुकानों में संचालित ई-पॉस मशीन में ई-केवायसी की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा जारी ''मेरा ई-केवायसी'' एप्प के माध्यम से भी ई-केवायसी कर सकते है। मेरा ई-केवायसी एप्प के माध्यम से ई-केवायसी करने हेतु एंड्रायड मोबाईल में गूगल प्लेस्टोर से एप्प डाउनलोड कर हितग्राही राज्य का चयन कर अपना आधार नंबर डालकर, आधार ओटीपी के माध्यम से फेस ई-केवायसी कर सकते है। राशनकार्डो में पंजीकृत सदस्य जिन्होंने अभी तक ई-केवायसी नहीं कराया है, ऐसे सभी हितग्राही किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने हेतु 30 जून, 2025 तक अपना ई-केवायसी अनिवार्य रूप से पूर्ण करवा सकते है।

# कोरोना से बुजुर्ग की मौत
## नए वेरिएंट से प्रदेश में पहली मौत

**राजनांदगांव**, 16 जून (देशबन्धु)। देश में कोरोना के नए वरिएंट के बढ़ते मामले ने एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग को चिंता में डाल दिया है, इसी बीच छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के 86 वर्षीय सोनराज गोलछा की कोविड संक्रमण से मौत हो गई है, जो शहर के आजाद चौक निवासी थे। छत्तीसगढ़ में भी नए वैरिएंट के बाद पहली मौत हुई है। बताया जाता है कि बुजुर्ग को पहले से हाइपरटेंशन और हाई शुगर की शिकायत थी। उन्हें इलाज के लिए रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनका कोविड टेस्ट पॉजिटिव पाया गया। इलाज के दौरान शनिवार को उनकी मौत हो गई।



पिछले 24 घंटों में भारत में 11 लोगों की मौत हुई है. लगातार दूसरा दिन है, जब कोविड संक्रमण से मरने वालों शेष पृष्ठ 2 पर

# तबादला के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित

**रायपुर**, 16 जून (देशबन्धु)। प्रदेश में तबादला से प्रतिबंध हटने के बाद तबादलों के लिए आवेदन आ रहे हैं. अधिकारियों, कर्मचारियों के ट्रांफसर अभ्यावेदनों की सुनवाई के लिए सरकार ने आईएएस मनोज कुमार पिंगुआ की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। इसका आदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया है।

अपर मुख्य सचिव गृह मनोज पिंगुआ के अलावा सिद्धार्थ कोमल परदेशी सचिव को सदस्य और भार साधक अधिकारी सामान्य प्रशासन विभाग को सदस्य सचिव बनाया गया है।

# गृह मंत्रालय ने जनगणना के लिए जारी की अधिसूचना

**नईदिल्ली**, 16 जून (एजेंसियां) सरकार ने देश में आगामी जनगणना कराने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश को छोड़कर देश भर में जनगणना की संदर्भ तिथि एक मार्च 2027 होगी जबकि बर्फबारी से प्रभावित जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश मैं संदर्भ तिथि एक अक्टूबर 2026 रहेगी। इस बार जनगणना में जाति गणना भी की जाएगी।

गृह मंत्री अमित शाह ने अधिसूचना जारी किए जाने से एक दिन पहले रविवार को केंद्रीय गृह सचिव, महापंजीयक और जनगणना आयुक्त तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आगामी जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की थी।

- इस बार जाति गणना भी की जाएगी
- दो चरणों में की जाएगी जनगणना

गृह मंत्रालय के अनुसार जनगणना दो चरणों में की जाएगी। पहले चरण यानी घरों की सूची तैयार करने के ऑपरेशन (एचएलओ) में प्रत्येक घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जाएगा। इसके बाद, दूसरे चरण यानी जनसंख्या गणना (पीई) में प्रत्येक घर में प्रत्येक व्यक्ति की जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य जानकारी एकत्र की जाएगी। जनगणना गतिविधियों के लिए लगभग 34 लाख गणनाकार और पर्यवेक्षक तथा लगभग एक लाख 30 हजार जनगणना कार्यकर्ता तैनात किए जाएंगे। यह जनगणना शुरू से अब तक की 16वीं और स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना है। आगामी जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करके डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लोगों को स्व-गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। संग्रह, प्रेषण और भंडारण के समय डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहुत कड़े डेटा सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे।

# एयर इंडिया ड्रीमलाइनर में फिर आई तकनीकी खराबी

> समस्या का पता लगने पर वापस हांगकांग लौटना पड़ा

**नई दिल्ली**, 16 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद लंदन एयर इंडिया विमान हादसे के चार दिन बाद हांगकांग से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के एक और बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान में उड़ान भरने के चंद मिनट बाद तकनीकी समस्या का पता लगने पर उसे वापस हांगकांग लौटना पड़ा।

सूत्रों के अनुसार हांगकांग से दिल्ली आने वाली एयर इंडिया की उड़ान एआई315 बीती रात 11 बज कर 59 मिनट पर हांगकांग से रवाना हुई थी। रिकार्ड्स के अनुसार यह उड़ान तीन घंटे नौ मिनट के विलंब से रवाना हुई थी। उड़ान भरने के बाद पायलट को हवा में ही तकनीकी समस्या का संदेह हुआ। इस पर पायलट ने विमान को समुद्र के ऊपर कुछ देर उड़ाया और जब दिक्कत दूर नहीं हुई तो वापस लौटने का फैसला किया। इसके बाद विमान करीब एक घंटे 19 मिनट बाद अपने मूल स्थान यानी हांगकांग हवाई अड्डे पर वापस लौट आया। विमान स्थानीय समयानुसार एक बज कर 18 मिनट पर हांगकांग हवाई अड्डे पर उतरा। जहां उसकी गहन तकनीकी जांच की जाएगी।

गौरतलब है कि 12 जून को एयर इंडिया

### 119 शवों की पहचान हुई, 76 सौंपे गए

अहमदाबाद विमान हादसा हुए आज चौथा दिन है। इन चार दिनों में 250 शवों का डीएनए सैंपल लिया गया। अब तक 119 डीएनए मैच हो गए हैं, जिनमें से 76 शव उनके परिजनों को सौंपे गए हैं।

# मोदी को मिला साइप्रस का सर्वोच्च सम्मान

**निकोसिया**, 16 जून (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सोमवार को यहां साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया गया। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने राष्ट्रपति महल में प्रधानमंत्री श्री मोदी का स्वागत किया और द्विपक्षीय बैठक के बाद एक संक्षिप्त समारोह में साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'दि ग्रांड क्रॉस ऑफ दि ऑर्डर ऑफ मकारियोस-3' से अलंकृत किया। इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि यह किसी नरेन्द्र मोदी का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है और वह भारत के नागरिकों की ओर से पूरी विनम्रता से इस सम्मान को स्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने भारत एवं साइप्रस के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने पर भी बल दिया। साल 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से उन्हें अब तक 23 देश अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाज चुके हैं, जो दुनिया के तमाम देशों के साथ भारत के बढ़ते संबंधों को भी दर्शाता है।



### एफएटीएफ ने की पहलगाम हमले की निंदा

# ऐसा हमला बिना आतंकी फंडिंग के संभव नहीं

**नई दिल्ली**, 16 जून (एजेंसियां)। वैश्विक निगरानी संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि उसने आतंकवाद की फंडिंग रोकने के लिए देशों द्वारा लागू किए गए उपायों की प्रभावशीलता पर अपना ध्यान और अधिक केंद्रित किया है।

एफएटीएफ ने एक बयान में कहा, आतंकी हमले दुनिया भर में लोगों को मारते हैं, घायल करते हैं और भय पैदा करते हैं। एफएटीएफ 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए निर्मम आतंकी हमले को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त करता है और इसकी निंदा करता है। यह और हालिया अन्य हमले पैसे और आतंकियों के समर्थकों के बीच धन के आदान-प्रदान के बिना संभव नहीं हो सकते थे। यह बयान उस समय आया है जब भारतीय एजेंसियों ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को लगातार समर्थन देने और बहुपक्षीय फंड्स का हथियार खरीद के लिए उपयोग करने का आरोप लगाया है।

एफएटीएफ ने कहा कि आतंकवाद दुनिया भर के समाजों और नागरिकों के लिए खतरा है। इसलिए वैश्विक निगरानी संस्था अपने वैश्विक नेटवर्क के भीतर 200 से अधिक न्यायक्षेत्रों को आतंकी फंडिंग के खिलाफ अपने उपायों को बनाने और बढ़ाने के लिए समर्थन दे शेष पृष्ठ 2 पर

### विडंबना — राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के आंकड़ों से मिली जानकारी

# भारत में हर महीने औसतन हो रही है 17 बाघों की मौत

**नई दिल्ली, 16 जून (एजेंसी)भारत में इस साल अवैध शिकार, क्षेत्रीय विवाद, मानव-वन्यजीव संघर्ष, ट्रेन दुर्घटनाओं और प्राकृतिक कारणों से अब तक 91 शाही बाघों की मौत हो चुकी है। यह एक खतरनाक आंकड़ा है जिसके मुताबिक देश में हर महीने औसतन लगभग 17 बाघों की मौत हो रही है।**

*राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के आंकड़ों के अनुसार पिछले साढ़े पांच महीनों में देश ने अवैध शिकार, क्षेत्रीय विवाद, मानव-वन्यजीव संघर्ष, ट्रेन दुर्घटनाओं और प्राकृतिक कारणों से 91 शाही बाघों को खो दिया है। यह खतरनाक आंकड़ा बताता है कि हर महीने देश में औसतन 17 बाघ मौत के मुंह में समा रहे हैं। अगर यही सिलसिला जारी रहता है तो इस साल बाघों की मौत के कुल मामलों की संख्या पिछले साल के 126 के आंकड़े को पार कर सकती है। गौरतलब है कि 2019 से 2023 तक की पांच साल की अवधि में समूचे भारत में कुल 628 'धारीदार वन्य शिकारी' मारे गए हैं। भारत में प्रोजेक्ट टाइगर की देखरेख करने वाले एनटीसीए के आंकड़ों के अनुसार देश में 2019 में 96, 2020 में 106, 2021 में 127, 2022 में 121 और 2023 में 178 बाघों की मौत हुई थी। इस बीच 2025 के पहले पांच महीनों में बाघो की मौत से जुड़े आंकड़े हर राज्य में असमान ही है जिसमें आधे से अधिक यानी 49 मौतें मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में हुई हैं जहाँ ट्रेन दुर्घटनाएँ और संक्रामक रोग भी इनकी मौत के जिम्मेदार पाये गये हैं।*



***अकेले महाराष्ट्र में ही 26 बाघों की मौत***

*अकेले महाराष्ट्र में ही 26 बाघों की मौत की सूचना है। उसके बाद मध्य प्रदेश में 24 बाघों की मौत हुई। अन्य प्रभावित राज्यों में केरल (नौ), असम (आठ), उत्तराखंड (सात), कर्नाटक और उत्तर प्रदेश (चार-चार) और तेलंगाना (एक) शामिल हैं। आंकड़ो से जानकारी मिली है कि 42 बाघ अपने अपने संरक्षित स्थानों के अंदर ही मृत पाए गए जो प्राकृतिक कारणों या क्षेत्रीय लड़ाई के कारण हो सकते हैं। वहीं 35 बाघ इन संरक्षित क्षेत्रों के बाहर मरे पाए गए। अधिकारियों ने इसका कारण मानव-पशु संघर्ष और बिजली के झटके के अलावा अन्य कारणों को बताया। इनमें एक महत्वपूर्ण आंकड़ा बाघो के 14 शावकों का है। उसके बाद 26 मादा और 20 नर बाघो का आंकड़ा आता है। इस क्षेत्र में काम कर रहे एक गैर सरकारी संगठन 'भारतीय वन्यजीव संरक्षण सोसायटी' (डब्ल्यूपीएसआई) से उपलब्ध डेटा अधिक चिंताजनक है। इस बीच एनटीसीए के आंकड़ों के अनुसार पिछले 12 वर्षों में समूचे भारत में 1,386 बाघों की मौत हुई जिनमें से लगभग पचार प्रतिशम मौतें नामित बाघ अभयारण्यों में हुई हैं।*

# जीआरपी ने बगैर शिनाख्त कराए रेल दुर्घटना में मरने वाली सेवानिवृत्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को दफन किया

## प्रशासन की दखल के बाद कब्र खोदकर निकाली गई डेड बॉडी सौंपा गया परिजनों को

### परिजनों ने लगाई प्रशासन से डेड बॉडी प्राप्त करने की गुहार

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 16 जून (देशबन्धु)। पेंड्रारोड जीआरपी द्वारा रेल दुर्घटना में मरने वाली एक सेवानिवृत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कि बगैर शिनाख्त कराए दफनाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका के परिजनों को इसकी सूचना एक दिन बाद मिलने पर उन्होंने प्रशासन से कब्र खोदकर डेड बॉडी निकालने की गुहार लगाई इसके बाद प्रशासन हरकत में आया और मृतका के परिजनों को डेड बॉडी सौंपी गई तब कहीं जाकर मृतिका का हिंदू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया।

पूरा मामला गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के ग्राम पंचायत सेमरा का है जहां ग्राम पंचायत सेमरा की निवासी श्रीमती सरस्वती शुक्ला जो के सेवानिवृत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बीते 14 जून को ट्रेन हादसे का शिकार होने के कारण उसकी मौत हो गई थी। ट्रेन हादसे में मौत के बाद जीआरपी ने मृतिका सरस्वती शुक्ला का डेड बॉडी टिकर कल गौरेला स्थित श्मशान घाट में दफन करवा दिया था। दफन करवाने के पूर्व जीआरपी ने डेड बॉडी की शिनाख्त के लिए भीम का ठीक ढंग से पालन नहीं किया। सोशल मीडिया और व्हाट्सएप की दौड़ में उन्होंने जिले के किसी व्हाट्सएप ग्रुप को भी इसकी सूचना नहीं दी ताकि मृतका की शिनाख्त हो सके। इसकी सूचना एक दिन बाद मृतिका



सरस्वती शुक्ला के परिजनों को मिलने पर उन्होंने इस मामले की जानकारी एटीएम पेंड्रा रोड को दी तथा ग्राम पंचायत सेमरा के सरपंच एवं ग्रामीणों के साथ एसडीएम कार्यालय जाकर एसडीएम रिचा चंद्राकर से कब्र खोदकर डेड बॉडी निकालने की गुहार लगाई। एसडीम ने घटना की गंभीरता को समझते हुए तत्काल इस मामले में जाकर कलेक्टर लेना कमलेश मंडावी से मार्गदर्शन लिया। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने मामले की गंभीरता को समझाते हुए संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल मृतक के परिजन को कब्र खोदकर डेड बॉडी निकालने के निर्देश दिए इसके बाद गौरेला के तहसीलदार उमेश सिंह चौहान की उपस्थिति में टीकर कला स्थित श्मशान घाट से जीआरपी द्वारा दफन किए गए मृतक सरस्वती शुक्ला की डेड बॉडी निकल गई और परिजनों को सोपा गया। परिजनों ने अमृत का सरस्वती शुक्ला की डेड बॉडी प्राप्त करने के बाद उसका अंतिम संस्कार हिंदू रीति रिवाज के साथ किया।

## नुनियाकछार प्राथमिक स्कूल में बच्चों का तिलक व पुस्तक देकर किया स्वागत

**मुंगेली** 16 जून (देशबन्धु)। विकासखंड के ग्राम नुनियाकछार स्थित प्राथमिक शाला में नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच विनय कुमार बंजारे, विशिष्ट अतिथि एसएमसी अध्यक्ष महेन्द्र निषाद व प्रधानपाठक आर.एस. मार्को सहित शिक्षकों ने दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती की पूजा से शुरुआत की।मुख्यमंत्री का संदेश पढ़ा गया एवं अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को तिलक, पुस्तक वितरण व मुँह मीठा कराकर प्रवेश दिलाया गया। कक्षा 5वीं के होनहार विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सरपंच बंजारे व अध्यक्ष निषाद ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात कही। पालकों द्वारा कॉपी-पेन वितरित किए गए एवं सभी के लिए न्योताभोज का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में शिक्षक, मितानिन, रसोइया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व ग्रामवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# बासुदेव इस्पात प्रा लि में ऊंचाई से गिरे दो मजदूर गंभीर रूप से झुलसे

### सुरक्षा में लापरवाही का आरोप

**मुंगेली, 16 जून (देशबन्धु)।** रामबोड़ क्षेत्र स्थित बासुदेव इस्पात प्राइवेट लिमिटेड (Basudev Ispat Pvt. Ltd.) के स्पंज आयरन प्लांट में रविवार को मेंटेनेंस कार्य के दौरान एक गंभीर दुर्घटना हो गई।

झप्लांट में कार्यरत फिटर पंकज निषाद और ठेकेदार संजय सिंह ऊंचाई पर मरम्मत कार्य करते समय संतुलन खो बैठे और सीधे गर्म डस्ट में गिर पड़े। दोनों मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए हैं और उन्हें तत्काल बिलासपुर के सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय दोनों कर्मचारी शेड की ऊपरी संरचना पर मरम्मत कर रहे थे। अचानक फिसलने या संतुलन बिगड़ने के कारण वे नीचे गिर पड़े, और गर्म डस्ट के संपर्क में आने से उनके शरीर का बड़ा हिस्सा झुलस गया। प्लांट में मौजूद अन्य कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को बाहर निकाला और एंबुलेंस से तुरंत अस्पताल भेजा।

यह घटना बासुदेव इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के सुरक्षा इंतजामों पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। मजदूर संगठनों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि न तो श्रमिकों को सेफ्टी बेल्ट दी गई थी और न ही गर्म व खतरनाक क्षेत्र में कार्य के लिए कोई सुरक्षात्मक पोशाक उपलब्ध कराई गई थी। यह औद्योगिक लापरवाही का जीवंत उदाहरण माना जा रहा है।

हादसे के बाद क्षेत्र में गहरा आक्रोश फैल गया है। मजदूर यूनियनों ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। साथ ही प्रशासन और श्रम विभाग से निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है।

फिलहाल दोनों घायल सिम्स अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में उपचाराधीन हैं और उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। यह हादसा कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति लापरवाही और प्रबंधन की उदासीनता को उजागर करता है, जिससे भविष्य में और भी गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं।

# कलेक्टर व एसपी ने धरमपुरा स्कूल का किया औचक निरीक्षण

## शिक्षण गुणवत्ता, अनुशासन व स्वच्छता पर विशेष जोर, विद्यार्थियों को टॉप टेन में आने किया प्रेरित

**मुंगेली**, 16 जून (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के शासकीय स्कूलों में हर्षोल्लासपूर्वक शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में कलेक्टर कुन्दन कुमार और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने मुंगेली विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धरमपुरा का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय में साफ-सफाई, पेयजल, पठन-पाठन, विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं पाठ्यपुस्तक वितरण जैसी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से संवाद कर विद्यालय के पहले दिन के अनुभव और आवश्यकताओं की जानकारी ली।कलेक्टर कुमार ने कहा कि शिक्षा जीवन परिवर्तन का सशक्त माध्यम है और छात्रों को अपने कंफर्ट ज़ोन से बाहर निकलकर सतत मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा



में टॉप टेन में स्थान बनाने हेतु प्रेरित करते हुए पढ़ाई में आत्म-अनुशासन अपनाने की सलाह दी। निरीक्षण के दौरान परिसर में गंदगी मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने प्राचार्य को साफ-सफाई सुनिश्चित करने और शिक्षकों को अध्यापन कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक श्री भोजराम पटेल ने, जो स्वयं भी पूर्व में शिक्षक रह चुके हैं, विद्यार्थियों से भावनात्मक जुड़ाव के साथ संवाद किया। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों की पढ़ाई को प्राथमिकता देने और निर्धारित समय में पाठ्यक्रम पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई शिक्षक किसी विद्यार्थी के जीवन में उजाला लाता है, तो उसका जीवन भी स्वयं प्रकाशित हो जाता है।इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने विद्यालय परिसर में ई-रिक्शा रखे होने पर असंतोष व्यक्त किया और ग्राम पंचायत सचिव व सरपंच को गांव की स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय परिसर को हराभरा बनाने के लिए पौधरोपण की योजना तैयार करने को कहा।कार्यक्रम में संबंधित विभागीय अधिकारी, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अधिकारियों की यह पहल विद्यार्थियों में नया उत्साह भरने वाली रही।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जांजगीर (तहसील अकलतरा एवं बलौदा)
जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
// राजस्व नोटिस //
प्रकरण क्रमांक 202503065200026/ धारा 122/2024-25
क्रमांक / Q/ अ.वि.अ./ रीडर/ 2025
अकलतरा, दिनांक 10.06.2025
रामपाल सिंह बनाम खोलबहरीन वगै. ग्राम मदनपुर
प्रति,
1. प्रीति बबलू, जगत पति बबलू जगत निवासी मदनपुर तहसील अकलतरा
2. कृष्ण कुमार राठौर पीठासीन अधिकारी शासकीय हाईस्कूल औराईकला तहसील जांजगीर
3. अमरनाथ निर्मलकर मतदान अधिकारी शा.प्रा.शाला औराईकला
4. राम कुमार देवांगन मतदान अधिकारी शा.उ.मा.विद्यालय सिवनी
5. संगीता सिंह सिदार मतदान अधिकारी शा.प्रा.शाला महमदपुर
6. प्राधिकृत अधिकारी रिटर्निंग आफिसर ग्राम पंचायत महमदपुर तहसील अकलतरा जिला-जांजगीर-चांपा छ.ग.
आवेदक रामपाल सिंह पिता नेपाल सिंह जाति कंवर निवासी ग्राम महमदपुर तहसील अकलतरा जिला जांजगीर छ.ग. के द्वारा ग्राम पंचायत महमदपुर के सरपंच पद के निर्वाचन में मतों के गिनती में हुए अनियमितता के कारण मतगणना का पुर्नगणना कराये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
उक्त मामले की सुनवाई हेतु आपको नोटिस जारी किया गया था किन्तु तामिल नहीं होने के कारण पुनः दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से उपस्थित हेतु ईश्तहार प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में उपस्थित होना है तो इस मामले की सुनवाई दिनांक 19/06/2025 को न्यायालय अकलतरा में प्रातः 11.00 बजे से होगी। अतः आप अपना पक्ष पेश करने स्वतः/ अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा/ आपत्ति पेश कर सकते हैं।
समयावधि बाद प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जांजगीर (तहसील अकलतरा एवं बलौदा)
सील जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

# आत्मानंद स्कूल सरगांव में शाला प्रवेशोत्सव

### डिप्टी सीएम और केन्द्रीय राज्य मंत्री हुए शामिल, विद्यार्थियों को प्रदान किए गए गणवेश व पाठ्य पुस्तकें

**मुंगेली**/सरगांव, 16 जून (देशबन्धु)। ग्रीष्मावकाश के पश्चात प्रदेशभर में 16 जून से शालाएं पुनः प्रारंभ हो गई हैं। शासन के निर्देशानुसार पहले दिन को शाला प्रवेशोत्सव के रूप में हर्षोल्लास से मनाया गया। इसी क्रम में जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर पंचायत सरगांव स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अंबालिका साहू सहित कई जनप्रतिनिधि, कलेक्टर कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल एवं जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया और परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान




विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा पांचवीं के बच्चों को अंकसूची, सभी विद्यार्थियों को गणवेश व पाठ्य पुस्तकें प्रदान की गईं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सरकार पूरी तरह संकल्पित है। उन्होंने अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से बच्चों को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि (हर बच्चा स्कूल पहुंचे, यही सरकार की प्राथमिकता है।) उन्होंने सरगांव नगर पंचायत में स्कूल भवन निर्माण हेतु 1.50 करोड़ रुपए की घोषणा की। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि ईमानदारी, परिश्रम और अनुशासन ही सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से उपलब्ध सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाने की अपील की। कलेक्टर कुंदन कुमार ने बताया कि जिले में रिक्त पदों की पूर्ति करते हुए शिक्षकों की पारदर्शी पदस्थापना की गई है जिससे शिक्षा व्यवस्था में सुधार होगा। उन्होंने (मिशन 90 प्लस) की जानकारी देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को 90% से अधिक अंक दिलाने हेतु विशेष रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है। उन्होंने (ज्ञानार्थ प्रवेश, देवार्थ प्रस्थान) मंत्र का उल्लेख करते हुए बच्चों को सोशल मीडिया से सतर्क रहते हुए उत्कृष्ट लक्ष्य साधने का आह्वान किया।

**'बदलाव की शुरुआत सुरक्षा के साथ' कार्यक्रम का शुभारंभ**

कार्यक्रम के अंतर्गत यातायात नियमों के पालन, नशा मुक्ति, और जीवन रक्षा के प्रति जागरूकता हेतु पुलिस विभाग द्वारा (बदलाव की शुरुआत सुरक्षा के साथ) पहल की शुरुआत की गई। डिप्टी सीएम एवं केंद्रीय मंत्री ने इस अभियान का विधिवत शुभारंभ किया।पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए जनभागीदारी को इस पहल की सफलता की कुंजी बतायाइस अवसर प जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**तेहरान के आसमान पर...**

अब तक ईरान ने 224 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। इसके अलावा 1,277 लोग घायल बताए जा रहे हैं। ईरानी हमलों से इजराइल में 24 लोग मारे गए-ईरान भी लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। सोमवार सुबह ईरानी सेना ने सेंट्रल इजराइल में कई जगहों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 200 से ज्यादा लोग घायल हैं। पिछले 4 दिनों के दौरान इजराइल में ईरान का यह सबसे बड़ा हमला है। ईरानी हमलों से इजराइल में अब तक 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 600 से ज्यादा घायल हैं।

**स्कूलों में लौटी...**

निःशुल्क किताबें, यूनिफॉर्म और मिड डे मील भी मिलेगा। शिक्षा विभाग ने बताया कि इस वर्ष राज्य भर में करीब 20 लाख बच्चों के स्कूल आने की उम्मीद है। कई जगह जनप्रतिनिधि और शिक्षा विभाग के अफसर भी बच्चों के स्वागत के लिए पहुंचे। स्कूलों में सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी गाइडलाइन का पालन भी अनिवार्य किया गया है। शिक्षकों को बच्चों की मानसिक स्थिति समझने और पढ़ाई के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए हैं। रायपुर जिले के सभी स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें सुबह बच्चों स्कूल में का तिलक लगाकर स्वागत किया, मिठाई खिलाई गई। उन्हें जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में नए गणवेश दिए गए और पुस्तकों का भी वितरण किया गया। बच्चों में उमंग था और चेहरें में मुस्कुराहट थी। जहां जनप्रतिनिधियों-शिक्षकों ने लक्ष्य प्राप्त करने का आव्हान किया। वहीं विद्यार्थियों ने अच्छा परिणाम लाने और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने का संकल्प लिया। राजधानी के आत्मानंद शासकीय शहीद स्मारक उत्कृष्ट विद्यालय में विधायक पुरंदर मिश्रा और शासकीय दानी स्कूल में विधायक सुनील सोनी ने विद्यार्थियों का स्वागत किया।

**शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए ...**

लगाकर, माला पहनाकर और मुंह मीठा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में बच्चों को बैग, किताब, ड्रांइग किट तथा सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण भी किया गया। वहीं ग्राम मोहरेंगा, विकासखंड बेमेतरा (विधानसभा नवागढ़) स्थित पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल ने शाला में नवप्रवेशी बच्चों का पारंपरिक गुलाल तिलक एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया एवं सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत कक्षा 9 वीं की 10 बालिकाओं को सायकल वितरित की गई। बच्चों ने देशभक्ति गीतों एवं लोकनृत्य के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। प्रस्तुति से प्रभावित होकर खाद्य मंत्री ने प्रतिभागी छात्राओं को 20-20 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, विधायक साजा ईश्वर साहू, छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रह्लाद रजक भी शामिल हुए। जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में आयोजित समारोह को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने अपने सम्बोधन में सभी नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह हमेशा बने रहना चाहिए। सफल होने के लिए अपनी पूरी क्षमता को सही दिशा में लगाएं। निष्ठा और लगन के साथ मेहनत करें। अतिथियों ने कहा कि पिछले वर्ष जिले में 10 वीं और 12 वी का उत्कृष्ट परिणाम रहा जिसमें 5 छात्रों ने प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया। भले ही माता पिता बच्चों का पालन पोषण व जरूरतों को पूरा करते है लेकिन सही दिशा, दशा और व्यक्तित्व का निर्माण स्कूल में ही होता है। इस अवसर पर सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत 50 छात्राओं को सायकिल वितरित किया गया।

**कोरोना से बुजुर्ग की ...**

की संख्या 10 के पार पहुंची है। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण से 11 और मरीजों की मौत होने से इस वायरस से मरने वालों की कुल संख्या 108 पहुंच गयी और 119 सक्रिय मामले घटने के साथ कुल सक्रिय मामले 7264 हो गये हैं। इससे पहले रविवार को कोरोना सक्रिय मामलों की कुल संख्या 7383 थी।

**छत्तीसगढ़ में 51 एक्टिव केस**

छत्तीसगढ़ में कोविड संक्रमण के एक्टिव केस 50 के पार जा चुके हैं. सोमवार को राज्य में एक और नया मामला दर्ज किया गया, जिससे कुल केस 51 हो गए। छत्तीसगढ़ में कोविड से जो पहली मौत दर्ज हुई है, वो 85 साल के एक बुजुर्ग व्यक्ति थे। सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि सोमवार को मृतक के परिवार के सभी सदस्यों के सैंपल लिए जाएंगे। साथ ही उनके संपर्क में आने वालों का भी कोविड टेस्ट किया जाएगा। फिलहाल, परिवार के किसी अन्य सदस्य में कोई लक्षण सामने नहीं आए हैं।

**ऐसा हमला बिना आतंकी फंडिंग...**

रही है। इसमें वित्तीय खुफिया जानकारी का रणनीतिक उपयोग भी शामिल है। इसके अलावा हमने देशों द्वारा किए गए उपायों की प्रभावशीलता पर ध्यान दिया है। बयान में कहा गया कि एफएटीएफ जल्द ही आतंकी फंडिंग को लेकर एक व्यापक विश्लेषण जारी करेगा, जिसमें हमारे वैश्विक नेटवर्क द्वारा उपलब्ध कराए गए मामलों को संकलित किया जाएगा।

**भारत लगातार कर रहा मांग**

भारत लगातार मांग कर रहा है कि पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला जाना चाहिए। भारत ने कहा है कि पाकिस्तान ने आतंकियों को सुरक्षित पनाह दह हुई है। एफएटीएफ के एशिया प्रशांत समूह (एपीजी) की 25 अगस्त और एफएटीएफ समूह की 20 अक्तूबर को होने वाली बैठक से पहले भारत एफएटीए के मानकों के उल्लंघन को लेकर पाकिस्तान के खिलाफ एक डोजियर तैयार कर रहा है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
विविध कार्य हेतु निविदा सूचना
निविदा क्रमांकः CPM/EL/RIG/ JGS/2025-26-04 (खुली निविदा) (टू पैकेट सिस्टम)
कार्य : एस.ई.सी.आर. के बिलासपुर डिविजन के रायगढ़-झारसुगड़ा खंड (सभी यार्ड सहित) के बीच मौजूदा 1X25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2X25 केवी इलेक्ट्रिक सिस्टम में अपग्रेड करने के लिये डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग (70 आरकेएम/280 टीकेएम)"।
निविदा मूल्यः 97,80,18,762/- (सत्तान्वे करोड़ अस्सी लाख अठारह हजार सात सौ बासठ रूपये), अमानत राशिः ₹ 50,40,100/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 18 (अठारह माह। निविदा बंद होने का समय एवं दिनांकः 24-06-2025 को 15.00 बजे, निविदा खोलने होने का समय एवं दिनांकः 24-06-2025 को 15.30 बजे,
विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का पात्रता का मादंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के कार्यालय, पुराना कंस्ट्रक्शन भवन, महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कार्यालय के बगल, बिलासपुर पिन : 495004 में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट www. ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउन लोड कर/देख सकते हैं।
उप मु.वि.इंजी./परियोजना
द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
सीपीआर/10/FL/95
South East Central Railway @secrail

NAME CHANGE
It is informed to the general public that I, GIRISH LALCHANDANI S/O SURAT RAM LALCHANDANI resident of KD LALCHANDANI GALI, SINDHI COLONY, BILASPUR, (C.G.) 495001 have changed my old name GIRISH LALCHANDANI S/O SURAT RAM LALCHANDANI so in future I should be recognized by my new name that is GIRISH KUMAR LALCHANDANI S/O SURAT RAM LALCHANDANI in all Government and other documents.
GIRISH KUMAR LALCHANDANI
KD LALCHANDANI GALI, SINDHI COLONY, BILASPUR, (C.G.) 495001

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
// ईश्तहार //
क्रमांक / / तह./ वा./ 2024-25
अकलतरा, दिनांक 13/06/2025
रा.प्र.क्र. .../ ब-121/ 2024-25
ग्राम ...... प.ह.नं. .......
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक जगदीश सिंह पिता रामकिशुन जाति मौवार निवासी ग्राम चंदनिया थाना अकलतरा तहसील अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनके पिता रामकिशुन पिता पितामबर का मृत्यु दिनांक 01/04/2000 को ग्राम चंदनिया में हुआ पर भूलवश मृत्यु पंजीयन ग्राम चंदनिया में नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण-पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 28/06/2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 13/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सील अकलतरा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार मालखरौदा
जिला-सक्ती (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. ........
ग्राम बंरभाठा
// ईश्तहार //
सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नाम शिव प्रसाद आत्मज रैस्याराम जाति गाड़ा ग्राम बंरभाठा तहसील मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा (जन्म/मृत्यु) नाम रैस्याराम पिता हेतराम जाति गाड़ा का मृत्यु दिनांक 30/12/2013 को हो गया है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीयन हेतु आदेश जारी किये जाने बाबत् आवेदन पेश किया गया है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति निर्धारित पेशी दिनांक 20/06/2025 तक स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकता है। बाद में किये गये दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 26/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर लगाकर जारी किया गया।
अतिरिक्त तहसीलदार
उप तहसील-छपोरा
सील जिला-सक्ती (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका
तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
सूचना
क्रमांक/ Q/ सीमांकन/ रा.नि./ 2024
बिलासपुर, दिनांक 24/04/2025
प्रति,
1/ आवेदिका श्रीमती अनुपमा तिवारी पति विनय पाण्डेय
आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमिस्वामी
2/ नन्दकिशोर सिन्हा
3/ आशुतोष तिवारी
4/ दिनेशधर दीवान
5/ नंदकिशोर सिन्हा
अध्यक्ष सरकारी कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति।
विषयः- सीमांकन में उपस्थिति बाबत ।
संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक क्यू/ तह./ ना.तह./ वा./ 2024 बिलासपुर, दिनांक 22/01/2024
ग्राम लगरा प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 78/16 प्लाट नं. 26 रकबा 0.014 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदिका श्रीमती अनुपमा तिवारी निवासी देविका विहार राजकिशोर नगर के द्वारा छ.ग.भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 20/06/2025 को समय 10:00 से 05.00 बजे के बीच किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात् की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
राजस्व निरीक्षक
मोपका

नाम परिवर्तन सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दशमंत जायसवाल S/O राम लाल जायसवाल,निवासी देवनंदन नगर, फेस 1 गली नंबर 3, सीपत रोड, सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.) 495006, डी के जयसवाल (दशमंत कुमार जयसवाल) S/O राम लाल जायसवाल को त्यागकर नया नाम दशमंत जायसवाल S/O राम लाल जायसवाल रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम दशमंत जायसवाल S/O राम लाल जायसवाल के नाम से जाना और पहचाना जावे।
दशमंत जायसवाल
देवनंदन नगर,
फेस 1 गली नंबर 3,
सीपत रोड, सरकण्डा,

न्यायालय कार्यपालिका दण्डाधिकारी
अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
// ईश्तहार //
क्रमांक/ / तह./ वा./ 2024-25
अकलतरा, दिनांक 19/06/2025
रा.प्र.क्र. .../ ब-121/ 2024-25
ग्राम ........... प.ह.नं. ......
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक संतोष कुमार पिता रामचरण जाति केंवट निवासी ग्राम किरारी थाना अकलतरा तहसील अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनके माता सेलबाई पति रामचरण का मृत्यु दिनांक 20/06/1993 को ग्राम किरारी में हुआ पर भूलवश मृत्यु पंजीयन ग्राम किरारी में नहीं करा पाने के कारण जन्म/मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 26/06/2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 19/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सील पामगढ़

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका
तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
सूचना
क्रमांक/ Q/ सीमांकन/ रा.नि./ 2024
बिलासपुर, दिनांक 24/04/2025
प्रति,
1/ आवेदक शशिकांत दुबे पिता कमलकांत दुबे
आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमिस्वामी
2/ दिनेशधर दीवान
3/ व्यासधर दीवान
4/ नंदकिशोर सिन्हा
5/ अध्यक्ष सरकारी कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति।
एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार
विषयः- सीमांकन में उपस्थिति बाबत ।
संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक क्यू/ तह./ ना.तह./ वा./ 2024 बिलासपुर, दिनांक 22/05/2024
ग्राम लगरा प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 78/5 प्लाट नं. 30 रकबा 0.014 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक शशिकांत दुबे निवासी राजकिशोर नगर बिलासपुर के द्वारा छ.ग.भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 20/06/2025 को समय 10:00 से 05.00 बजे के बीच किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात् की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
राजस्व निरीक्षक
मोपका

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका
तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
सूचना
क्रमांक/ Q/ सीमांकन/ रा.नि./ 2024
बिलासपुर, दिनांक 24/04/2025
प्रति, 1/ आवेदक आशुतोष तिवारी पिता लक्ष्मीप्रसाद तिवारी
आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमिस्वामी
2/ नंदकिशोर सिन्हा
3/ अनुपमा तिवारी
4/ दिनेशधर दीवान
5/ अध्यक्ष सरकारी कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति।
एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार
विषयः- सीमांकन में उपस्थिति बाबत ।
संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक क्यू/ तह./ ना.तह./ वा./ 2024 बिलासपुर, दिनांक 27/05/2024
ग्राम लगरा प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 78/12 प्लाट नं. 27 रकबा 0.014 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक आशुतोष तिवारी निवासी देविका विहार राजकिशोर नगर के द्वारा छ.ग.भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 20/06/2025 को समय 10:00 से 05.00 बजे के बीच किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात् की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
राजस्व निरीक्षक
मोपका

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका
तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
सूचना
क्रमांक/ Q/ सीमांकन/ रा.नि./ 2024
बिलासपुर, दिनांक 24/04/2025
प्रति,
1/ आवेदक व्यासधर दीवान पिता....
आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमिस्वामी
2/ अशोक राय
3/ शशिकांत दुबे
4/ जयश्री कौशिक
5/ अध्यक्ष सरकारी कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति।
एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार
विषयः- सीमांकन में उपस्थिति बाबत ।
संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक क्यू/ तह./ ना.तह./ वा./ 2024 बिलासपुर, दिनांक 22/05/2024
ग्राम लगरा प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 78/27 प्लाट नं. 31 रकबा 0.014 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक व्यासधर दीवान निवासी राजकिशोर नगर बिलासपुर के द्वारा छ.ग.भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 20/06/2025 को समय 10:00 से 05.00 बजे के बीच किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात् की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
राजस्व निरीक्षक
मोपका

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका
तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
सूचना
क्रमांक/ Q/ सीमांकन/ रा.नि./ 2024
बिलासपुर, दिनांक 24/04/2025
प्रति,
1/ आवेदक दिनेशधर दीवान पिता लखेश्वर धर दीवान
आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमिस्वामी
2/ अनुपमा तिवारी
3/ शशिकांत दुबे
4/ जयश्री कौशिक
5/ अध्यक्ष सरकारी कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति।
एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार
विषयः- सीमांकन में उपस्थिति बाबत ।
संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक क्यू/ तह./ ना.तह./ वा./ 2024 बिलासपुर, दिनांक 22/05/2024
ग्राम लगरा प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 78/13 प्लाट नं. 29 रकबा 0.3 1/2 एकड़ के सीमांकन हेतु आवेदक दिनेशधर दीवान निवासी लगरा के द्वारा छ.ग.भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 20/06/2025 को समय 10:00 से 05.00 बजे के बीच किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात् की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
राजस्व निरीक्षक
मोपका

# देश

**उवाच**

“ पुणे पुल हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के प्रति हमारी संवेदना है। पुल जर्जर था लेकिन, जिस तरह से घटनास्थल पर महाराष्ट्र सरकार के मंत्री, विधायक बोले रहे हैं उससे भारत के लोग दुखी हैं, मुझे भी बहुत पीड़ा हो रही है।

–प्रमोद तिवारी,कांग्रेस सांसद



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 32` | 28` |
| मुंबई | 28` | 27` |
| कोलकाता | 3` ` | 27` |
| चेन्नई | 34` | 28` |

# दबाव के चलते केंद्र को जाति जनगणना कराने के लिए मजबूर होना पड़ा : कांग्रेस

■ जाति जनगणना को लेकर अधिसूचना जारी करने के बाद किया दावा



पूरे विपक्ष को लेकर इस पर चर्चा करें प्रधानमंत्री मोदी : सप्तगिरि उलाका

**नई दिल्ली,** 16 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जाति जनगणना को लेकर अधिसूचना जारी करने के बाद कांग्रेस सांसद सप्तगिरि उलाका ने दावा किया है कि कांग्रेस पार्टी के दबाव के चलते केंद्र सरकार को जाति जनगणना कराने पर मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने इसके लिए स्पष्ट समय सीमा की मांग की है। सप्तगिरि उलाका ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के लगातार दबाव के कारण सरकार जाति जनगणना कराने के लिए मजबूर हुई।

हालांकि, हमारी मांग सिर्फ जाति जनगणना की घोषणा के लिए नहीं है, हम एक स्पष्ट समयसीमा, आबंटित बजट का विवरण और जनगणना के संचालन के लिए अपनाए जाने वाले मॉडल के बारे में स्पष्टता चाहते हैं। हम नहीं चाहते कि जाति का नाम लेकर यह किया जाए। तेलंगाना में जिस तरह से बातचीत कर मॉडल निकाला गया है, वैसे ही होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे विपक्ष को लेकर इस पर चर्चा करें। बता दें कि यह पहली बार है, जब जाति गणना को जनगणना में शामिल किया जा रहा है। हाल ही में हुई कैबिनेट बैठक में केंद्र ने जाति आधारित गणना को मंजूरी दी थी, ताकि सरकार बेहतर नीतियां बना सके और इन्हें लक्ष्य-आधारित कर सके। सप्तगिरि उलाका ने ओडिशा सरकार के एक साल पूरे होने पर कहा कि इस एक साल में राज्य में कोई भी काम नहीं किया गया है। लेकिन हर जगह घूमकर सरकार विकास मेला कर अपनी उपलब्धियों को गिना रही है। सरकार ने हर वृद्ध, विधवा और दिव्यांग लोगों को 3,000 रुपए पेंशन देने का वादा किया था। बिजली फ्री करने, हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने जैसे कई वादे किए थे, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि ओडिशा सरकार हर मोर्चे पर फेल है, कानून-व्यवस्था खराब हो चुकी है और इस सरकार में भ्रष्टाचार हो रहा है। राज्य में महिलाओं पर अत्याचार, बेरोजगारी और पलायन बढ़ा है, विकास नहीं। आदिवासी मुख्यमंत्री होने के नाते लोगों को उम्मीद थी कि आदिवासियों की रक्षा करेंगे, लेकिन शोषण बढ़ गया है। जाति जनगणना 2027 को लेकर केंद्र की ओर आधिकारिक अधिसूचना जारी होने पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भारत की जनता को बधाई, इंडिया ब्लॉक को बधाई। कांग्रेस पार्टी के साथ राहुल गांधी को सलाम। राहुल गांधी ने हर मंच से सरकार को चुनौती दी थी। संसद में उन्होंने कहा था कि पीएम मोदी आपकी सरकार को जाति जनगणना करानी ही पड़ेगी। अगर आप नहीं करेंगे तो हम सरकार में आएंगे और इसे कराएंगे। सरकार को राहुल गांधी के सामने झुकना पड़ा। यह जीत राहुल गांधी के दृढ़ संकल्प की जीत है। भाजपा सरकार ईमानदार नहीं है, राजनीतिक रूप से बेईमान है। मैं कहना चाहता हूं कि यह जातिगत जनगणना तेलंगाना मॉडल पर होनी चाहिए।

## जातिगत जनगणना के लिए सरकार को उचित बजट आबंटित करना चाहिए : सुखदेव भगत




**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जातिगत जनगणना को लेकर अधिसूचना जारी की गई है। इस पर कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि कहीं यह एक और नारा बनकर न रह जाए। इसके लिए सरकार को उचित बजट आबंटित करना चाहिए। कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि देर आए दुरुस्त आए, लेकिन मैं यह भी कहना चाहूंगा कि यह सिर्फ एक और नारा बनकर न रह जाए। अधिसूचना के साथ ही सरकार को इसके लिए उचित बजट भी आबंटित करना चाहिए, क्योंकि इन खर्चों के लिए अभी तक कोई अलग से प्रावधान नहीं किया गया है। दूसरी बात, मैं यह कहूंगा कि राहुल गांधी एक दूरदर्शी नेता हैं, जिनकी बातों पर लोग अमल कर रहे हैं, क्योंकि वे जनता और देश के लिए बोलते हैं और उनकी कही बातें सच साबित हो रही हैं।

## बड़ा हो सकता था अहमदाबाद विमान हादसा : शिवकुमार

**बेंगलुरु,** 16 जून (एजेंसियां)। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार ने सोमवार को कहा कि अहमदाबाद विमान हादसा और भी बड़ा हो सकता था। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया कि वो चिन्नास्वामी भगदड़ जैसी घटनाओं पर सहानुभूति दिखाने के बजाय उस पर राजनीति कर रही है। दुर्घटनास्थल का दौरा करने के बाद शिवकुमार ने कहा कि विमान दो बड़े भवनों के बीच गिरा, जहां सैकड़ों छात्र रहते हैं। अगर यह 500 मीटर और आगे जाता, तो बड़ी त्रासदी हो सकती थी। यह चमत्कार ही है कि हताहतों की संख्या ज़्यादा नहीं हुई।

शिवकुमार ने हादसे के कई पीड़ितों से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को मामूली चोटें आईं, लेकिन मानसिक आघात गंभीर है। एक पीड़ित मानसिक रूप से बेहद परेशान है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे हादसे की टीवी फुटेज देखकर काफी व्यथित हुए थे और पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाने को कहा था। उन्होंने कहा कि हम संवेदना और समर्थन जताने आये हैं। ऐसा किसी के साथ न हो, न इस देश में और न ही दुनिया में कहीं और।

## आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करना हमारी शीर्ष प्राथमिकता : मनोज सिन्हा



■ उधमपुर में पासिंग आउट परेड कार्यक्रम को किया संबोधित

**जम्मू,** 16 जून (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि उन्हें जम्मू-कश्मीर पुलिस के बहादुर जवानों एवं अधिकारियों पर गर्व है और केंद्र शासित प्रदेश से आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करना उनके प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है। सिन्हा ने कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर पुलिस के बहादुर जवानों और अधिकारियों पर गर्व महसूस करता हूं। पूरा देश हमारे पुलिस बल की पेशेवर क्षमता, सुरक्षा चुनौतियों का सफल प्रबंधन करने एवं आतंकवाद का कठोरता से मुकाबला करने के लिए इसे सम्मान के साथ देखता है।

उप राज्यपाल उधमपुर स्थित शेर-ए-कश्मीर पुलिस अकादमी में पुलिस उपाधीक्षकों (डीएसपी) और प्रशिक्षु उप निरीक्षकों (पीएसआई) की पासिंग आउट परेड कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुशल एवं समन्वित परेड 49 डीएसपी और 1,112 पीएसआई के जीवन में एक नयी सुबह का संदेश देती है और मैं उनसे जम्मू-कश्मीर पुलिस के मूल्यों, परंपराओं एवं लोकाचार को बनाए रखने का आह्वान करता हूं। सिन्हा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की धरती से आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करना हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के हमारे बहादुर जवानों को बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए और खुफिया जानकारी, सामुदायिक जुड़ाव, प्रौद्योगिकी एवं अंतर-एजेंसी सहयोग की शक्ति का उपयोग करना चाहिए। उप राज्यपाल ने कहा कि हमारे प्राचीन मूल्य सत्य, न्याय, नैतिकता, कानून एवं सुशासन पर केंद्रित हैं और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा समाज में इनकी रक्षा और इन्हें बनाए रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बहादुर जवानों को शांति, विकास एवं स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव तरीके से समाज की रक्षा करनी चाहिए।

## सार संक्षेप

### इंदौर का दौरा करेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**इंदौर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का दो दिवसीय इंदौर प्रवास कार्यक्रम 18 एवं 19 जून को प्रस्तावित है। राष्ट्रपति मुर्मु के इस महत्वपूर्ण दौरे को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में कलेक्टर आशीष सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, एडीएम रोशन राय, राजेन्द्र रघुवंशी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### हंदवाड़ा में हुए विस्फोट में तीन लोग घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शहर हंदवाड़ा में सोमवार को हुए एक विस्फोट में तीन लोग घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार कचरी लंगेट में पुरानी मस्जिद तोड़ते समय एक संदिग्ध वस्तु फटने से तीन लोग घायल हो गये। घायलों में मुदसिर अहमद मीर, गुलाम अहमद टंट्रे और ओवैस अहमद लोन शामिल हैं, जो हंदवाड़ा के अलग-अलग गांवों के निवासी हैं। सभी को पहले उप-जिला अस्पताल लंगेट में भर्ती कराया गया है। इनमें से एक घायल व्यक्ति को विशेष उपचार के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज हंदवाड़ा में स्थानांतरित किया गया है।

### मुंबई के दो स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** मुंबई में पिछले कुछ दिनों से आ रहे धमकी भरे फोन के बाद पुलिस अलर्ट मोड पर है। स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ मुंबई के देवनार और समतानगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। मुंबई पुलिस के मुताबिक, मुंबई के देवनार स्थित कनाकिया इंटरनेशनल स्कूल और कांदिवली के समतानगर स्थित रायन इंटरनेशनल स्कूल को धमकी भरे ईमेल मिले हैं। मेल भेजने वाले अज्ञात शख्स ने स्कूलों और मुंबई में बम धमाके की धमकी दी है।

### कुंए की सफाई के दौरान दो मजदूरों की मौत

**सिवनी।** मध्य प्रदेश के जिला मुख्यालय सिवनी के भैरोगंज क्षेत्र में सोमवार सुबह एक कुंए की सफाई करने के दौरान दम घुटने से दो मजदूरों की मौत हो गई। नगर निरीक्षक कोतवाली सिवनी किशोर बावनकर ने बताया कि उपनगरीय क्षेत्र भैरोगंज में कुंए की सफाई के कार्य में लगे दो मजदूरों की मौत हो गई है। कुंए में सफाई के दौरान गहराई अधिक होने के कारण मजदूरों को कार्य के दौरान पर्याप्त आक्सीजन नहीं मिल पाई, जहां दम घुटने के कारण दोनों ही मजदूरों ने कुंए में ही दम तोड़ दिया। मृतकों में सोनू उइके निवासी ग्राम भानेरी थाना लखनादौन और अशोक धुर्वे निवासी ग्राम कोकीवाड़ा (बर्राटोला) थाना नैनपुर जिला मंडला के नाम शामिल है।

## मध्य प्रदेश में बढ़ रहे कोरोना के मरीज

**भोपाल,** 16 जून (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में धीरे-धीरे कोरोना के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है और मौत का आंकड़ा भी बढ़ने लगा है। वहीं, राज्य सरकार ने कोरोना से निपटने की सभी तैयारियां पूरी कर रखी हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को राज्य में कोरोना के चार प्रकरण सामने आए और इस तरह राज्य में इस साल कोरोना पीड़ितों की संख्या बढ़कर 200 हो गई है। वहीं, जबलपुर में रविवार की देर रात को कोरोना संक्रमित एक मरीज की मौत हो गई। बताया गया है कि मंडला निवासी महिला को लगभग चार दिन पहले कोरोना होने की पुष्टि हुई थी। मंडला के नारायणपुर निवासी महिला को खांसी और सर्दी की शिकायत थी। वह गर्भवती भी थी। लिहाजा, सर्जरी के जरिए प्रसव कराया गया और उसे जबलपुर स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि बच्चा अभी उपचाररत है। नवजात शिशु को बच्चा वार्ड में भर्ती किया गया है। इस सीजन में अभी तक तीन मरीजों को कोरोना होने की पुष्टि हुई है, जिनमें से एक जबलपुर का है जबकि दो मरीज आसपास के क्षेत्र के हैं।



■ पीड़ितों की संख्या बढ़कर 200 पहुंची

राष्ट्रीय जनता दल को मिला नया प्रदेश अध्यक्ष

# बिहार में मंगनी लाल मंडल निर्विरोध निर्वाचित

■ तेजस्वी ने मंगनी लाल मंडल को दी बधाई



**पटना,** 16 जून (देशबन्धु)। आरजेडी को उसका नया प्रदेश अध्यक्ष मिल गया है। आरजेडी प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए मंगनी लाल मंडल निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। बीते शनिवार को उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया था। इस पद के लिए पार्टी के किसी और नेता ने नामांकन दाखिल नहीं किया, जिसके बाद उन्हें आरजेडी का प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित कर दिया गया है। तेजस्वी यादव ने इसकी जानकारी एक्स के जरिए दी है। तेजस्वी ने मंगनी लाल मंडल के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई देते हुए एक्स पर लंबा चौड़ा पोस्ट लिखा है।

तेजस्वी ने तस्वीरों को साझा करते हुए लिखा, निर्विरोध राजद का प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर मंगनी लाल मंडल जी को मिठाई खिलाकर बधाई दी। बिहार में किसी भी पार्टी द्वारा प्रथम बार 'अतिपिछड़ा वर्ग' से प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने आगे लिखा, राजद से अनुसूचित जाति वर्ग, मुस्लिम वर्ग, पिछड़ा वर्ग एवं अगड़ा वर्ग से पूर्व में प्रदेश अध्यक्ष रह चुके है। अब अतिपिछड़ा वर्ग से संबंध रखने वाले वरिष्ठ एवं अनुभवी समाजवादी नेता मंगनीलाल मंडल को अध्यक्ष बनाया गया है। सर्वप्रथम किसी अतिपिछड़ा को प्रदेश अध्यक्ष बनाने का गौरव राजद को ही हासिल हुआ है। आरजेडी नेता ने लिखा, सनद रहे, देश में राजद ही सर्वप्रथम एवं अकेली ऐसी पार्टी है जिसने अपने संगठन में दलितों और अतिपिछड़ों के लिए आरक्षण लागू किया हुआ है। अंत में तेजस्वी लिखते हैं, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह का कार्यकाल सकारात्मक व गुणात्मक परिवर्तन के लिए सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने 85 वर्ष की उम्र में भी जिस कर्मठता, समर्पण, त्याग, अनुशासन एवं लग्न के साथ इस महत्ती ज़िम्मेवारी का निर्वहन किया वह वर्णन से परे है। हम जुबानी खर्च नहीं करते बल्कि वास्तव में सामाजिक न्याय की अवधारणा को धरातल पर उतारते है। हमें आशा ही नहीं पूर्व विश्वास है कि मंगनीलाल मंडल के नेतृत्व में प्रदेश राजद नई उचाईयों को छुएगा। पार्टी के राष्ट्रीय सहायक निर्वाचन पदाधिकारी चित्तरंजन गगन ने बताया कि राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. रामचंद्र पूर्वे, राज्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. तनवीर हसन और अन्य सहायक निर्वाचन पदाधिकारियों के समक्ष मंगनी लाल मंडल ने चार सेटों में अपना नामांकन पत्र भरा था। इस अवसर पर मंगनी लाल मंडल ने इसे एक बड़ी जिम्मेदारी बताया था और कहा था कि चुनावी वर्ष में वह पूरी ताकत झोंक देंगे। आरजेडी के इतिहास में मंगनी लाल मंडल से पहले छह प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। पहले प्रदेश अध्यक्ष कमल पासवान मात्र 24 दिनों तक इस पद पर रहे। उनके बाद उदय नारायण चौधरी (30 जुलाई 1997 से 17 अप्रैल 1998), पीताम्बर पासवान (18 अप्रैल 1998 से 29 सितंबर 2003), अब्दुलबारी सिद्दीकी (30 सितंबर 2003 से 4 दिसंबर 2010), और डॉ. रामचंद्र पूर्वे (5 दिसंबर 2010 से 26 नवंबर 2019) ने यह पद संभाला।

### 19 जून को होगी ताजपोशी

हालांकि, मंगनी लाल मंडल की औपचारिक ताजपोशी 19 जून को ज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में की जाएगी। मंगनी लाल मंडल आरजेडी के सातवें प्रदेश अध्यक्ष बने हैं। इससे पहले शनिवार को आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की उपस्थिति में मंगनी लाल मंडल ने आरजेडी कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया था। चूंकि, केवल एक ही नामांकन था, इसलिए उनका प्रदेश अध्यक्ष बनना पहले से ही तय था।

## हिंदू धर्म में विश्वास नहीं है तो फुलवारी शरीफ जाकर प्रायश्चित करें लालू : गिरिराज सिंह



**पटना,** 16 जून (देशबन्धु)। राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव पर संविधान निर्माता भीम राव आंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगा है, जिसको लेकर विरोधी उन पर लगातार हमलावर है। अब केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी इस विवाद पर प्रतिक्रिया दी है।

■ लालू यादव पर आंबेडकर का अपमान करने का लगाया आरोप

गिरिराज सिंह ने कहा कि लालू प्रसाद यादव को अपने इस कृत्य के लिए बालू-गोबर खाकर प्रायश्चित करना चाहिए। पटना में मीडियाकर्मियों से बातचीत में गिरिराज सिंह ने कहा कि दलितों के प्रति लालू प्रसाद यादव का असली चेहरा सामने आ गया है। अगर हिंदू धर्म में विश्वास नहीं है, तो फुलवारीशरीफ जाकर वहां भी प्रायश्चित करें। यह विवाद लालू प्रसाद यादव के 78वें जन्मदिन समारोह के दौरान वायरल हुए एक वीडियो के कारण हुआ। वीडियो में बीमार लालू प्रसाद यादव एक सोफे पर बैठे हैं, उनके पैर पास के सोफे पर रखे हैं। तभी एक समर्थक डॉ. भीम राव आंबेडकर की तस्वीर लेकर कमरे में आता है और उसे उनके पैरों के पास रख देता है। इस कृत्य की विपक्षी पार्टियों ने तीखी आलोचना की है।

### दलितों से माफी मांगनी होगी

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि आंबेडकर को पूरे देश में भगवान की तरह पूजा जाता है लेकिन लालू ने उनका अपमान किया और उन्हें पैरों के नीचे कुचलने जैसा काम किया है। इसके लिए उन्हें देश के दलितों से माफी मांगनी होगी और प्रायश्चित करना होगा। केवल माफी ही नहीं, बल्कि गंगा के किनारे जाकर बालू-गोबर खाकर गंगाजल से प्रायश्चित करें।

## अरुणाचल में चार एनपीपी विधायकों ने थामा पीपीए का दामन

**ईटानगर,** 16 जून (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के चार विधायकों ने क्षेत्रीय पार्टी पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल (पीपीए) का दामन थाम लिया है। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष टेसम पोंगटे ने सोमवार को अपने वक्तव्य में यह जानकारी दी। पीपीए में शामिल होने वाले विधायकों में तवांग निर्वाचन क्षेत्र से नामगे त्सेरिंग, पेसी जिलेन (लिरोमोबा), तापी दरांग (पासीघाट पूर्व) और मरियांग-गेकू से ओनी पनयांग शामिल हैं। इन विधायकों के इस कदम से राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में रणनीतिक बदलाव आया है और एकमात्र क्षेत्रीय पार्टी पीपीए की स्थिति मजबूत हुई है। 2024 के चुनावों अरुणाचल प्रदेश की 60 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने 46 सीटें जीती थी। जबकि एनपीपी ने पांच सीटें हासिल की थीं। पीपीए ने दो सीटों पर जीत दर्ज की थी। कांग्रेस ने एनसीपी के तीन के मुकाबले सिर्फ एक सीट जीती। विधानसभा में तीन निर्दलीय भी हैं।

## आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा भारत : अमित शाह



■ राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के आपदा मोचन बलों के सम्मेलन को किया संबोधित

**नई दिल्ली,** 16 जून (एजेंसियां)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारत आपदाओं के प्रबंधन में क्षमता, दक्षता, गति और सटीकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर विश्व में अग्रणी देश बनने की दिशा में बढ़ रहा है। शाह ने सोमवार को यहां राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों तथा आपदा मोचन बलों के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने पिछले दो वर्षों में राहत तथा आपदा प्रबंधन से जुड़ी सभी एजेंसियों की विभिन्न कार्यशालाओं को एक ही बैठक के तहत लाकर संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण के साथ एक वैचारिक मंच बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इससे कमियों को दूर करने और पूरे देश को आपदा से लड़ाई के लिए तैयार करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि इससे सभी हितधारक और एजेन्सियां मिलकर अच्छे तालमेल से काम कर पाती हैं। गृह मंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण पूरा विश्व आपदाओं से जूझ रहा है। पिछले दस वर्षों में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना के लिए राष्ट्रीय गठबंधन के योगदान के कारण भारत आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की दिशा में अग्रसर है। शाह ने कहा कि जब भी भारत के आपदा प्रबंधन का इतिहास लिखा जाएगा तो मोदी सरकार के ये दस वर्ष परिवर्तनकारी दशक के रूप में दर्ज किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने

तैयारी | ऑपरेशन सिंदूर के बाद पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए उल्टी गिनती शुरू


# तीन जुलाई को बालटाल व पहलगाम से आरंभ होगी यात्रा

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 16 जून (देशबन्धु)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद संपन्न होने जा रही अमरनाथ यात्रा की उल्टी गिनती आरंभ हो गई है। तीन जुलाई को यह यात्रा बालटाल और पहलगाम से आरंभ होगी जबकि जम्मू से पहला जत्था दो जुलाई को रवाना होगा। 145 फुट की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा में स्वयंभू बनने वाले हिमलिंग के पहले दर्शन तीन जुलाई को ही होंगें।

यात्रा की सकुशलता की खातिर कोई चूक न होने के निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों से माहौल तनावपूर्ण भी है। कश्मीर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिर्दी के बकौल, साउथ कश्मीर में एक्टिव अधिकतर आतंकियों को मार गिराया जा चुका है।

ऑप्रेशन क्लीन के तहत अमरनाथ यात्रा मार्ग को आतंकियों से मुक्त करवा लिया गया है पर हाइब्रिड आतंकियों के प्रति सभी पक्ष खामोश हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो जिस तरह का खतरा स्टिकी बमों का है उसी प्रकार का हाइब्रिड आतंकियों का। इसे



■ तनावपूर्ण माहौल में यात्रा में कोई चूक नहीं होने देने के निर्देश

माना जा रहा है कि स्टिकी बमों से निपटने का फिलहाल कोई रास्ता नजर नहीं आया है। सिवाय वाहन चालकों को यह निर्देष देने के कि वे अपने वाहनों का ख्याल रखें और उन्हें स्टार्ट करने से पहले पूरी जांच कर लें। इन दो खतरों के बीच सुरक्षाधिकारियों को वे सूचनाएं भी विचलित कर रही हैं जिनमें कहा जा रहा है कि आपरेशन सिंदूर के बाद आतंकी ड्रोन की सहायता से अमरनाथ यात्रियों और यात्रा मार्ग पर तैनात सुरक्षाबलों पर हमले बोल सकते हैं।

यही कारण था कि रेडियो फ्रीक्वेंसी जैमरों के साथ ही सैंकड़ों के हिसाब से ड्रोनों को आतंकी हमलावर ड्रोनों के मुकाबले के लिए तैयार कर दिया गया है जो प्रथम जुलाई की सुबह से ही आसमान में उड़ान भरना आरंभ कर देंगें। और जमीन के नीचे आईईडी की तलाश की खातिर पांच दर्जन श्वान दस्ते भी अपने अहम भूमिका निभाऐंगें। वैसे सच्चाई यह भी है कि आतंकियों के निशाने पर टाप पर आने के बाद अमरनाथ यात्रा चुनौती के रूप में सामने आने लगी है। एक तो मौसम ऊपर से आतंकी खतरा। तीसरे यात्रा को पर्यटन बाजार में बदलने के प्रयास। इन सबको मिला आधिकारिक तथा सुरक्षा के मोर्चे पर मिलने वाली चेतावनी यही कहती है कि अमरनाथ यात्रा को खतरों से मुक्त बनाना हो तो इसे पर्यटन बाजार में न बदला जाए क्योंकि आतंकियों के लिए यह नर्म लक्ष्य बन सकती है। जम्मू-कश्मीर सरकार ने प्रदेश में अमरनाथ यात्रा के पूरे मार्ग को आतंकी हमले के लिहाज से अत्याधिक संवेदनषील घोषित किया है और सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिया है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक कदम उठाए जाएं।

यूटी गृह विभाग ने सभी संबंधित एजेंसियों को कहा है कि सुरक्षा परिदृश्य, यात्रा क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति पर विचार करते हुये यात्रियों पर आतंकियों के हमले का खतरा है। यात्रा की संवेदनशीलता और प्रसिद्धि की वजह से यह आतंकी हमले के लिहाज से बहुत संवेदनशील है।

देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार 17 जून 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## इजरायल-ईरान के बीच अमेरिका

इजरायल और ईरान के बीच पिछले चार दिनों से चल रही जंग और तेज होती जा रही है, और ऊटपटांग बयानों की रफ्तार भी बढ़ रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि वह इजरायल और ईरान के बीच उसी तरह का समझौता कराने की कोशिश कर रहे हैं जैसा समझौता उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच मई में सैन्य टकराव के दौरान कराया था। हालांकि ट्रंप ये भी कह रहे हैं कि ईरान पर हमले में अमेरिका शामिल नहीं है, इसलिए ईरान किसी अमेरिकी ठिकाने को निशाना बनाने की गलती न करे। अगर ईरान ने ऐसा किया तो अमेरिका उसे ऐसा सबक सिखाएगा, जिसकी उसने कल्पना नहीं की होगी। वहीं इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया है कि ईरान का इस्लामी शासन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपना सबसे बड़ा खतरा मानता है और उसने उनकी हत्या की भी कोशिश की थी। ईरान के साथ टकराव में खुद को ट्रंप का जूनियर पार्टनर बताते हुए नेतन्याहू ने कहा कि दोनों नेता तेहरान के परमाणु हथियार विकसित करने की कोशिशों के खिलाफ मजबूती से खड़े हैं।

डोनाल्ड ट्रंप और बेंजामिन नेतन्याहू के बयान असल में मनोवैज्ञानिक तरीके से बढ़त बनाने की कोशिश लग रही है। क्योंकि इजरायल के बड़े हमलों के बावजूद ईरान को झुकाया नहीं जा सका है और न ही उसके परमाणु किले को भेदने में इजरायल को कोई सफलता अब तक मिली है। ईरान के फोर्डो परमाणु संयंत्र तक इजरायल किसी भी तरह न पहुंच पा रहा है, न उसे नष्ट कर पा रहा है। यह संयंत्र मध्य ईरान में एक पहाड़ी के अंदर बना है। इसकी बनावट ने इसे एक किले की तरह अभेद्य बना दिया है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स के बेस में बने इस संयंत्र को तोड़ने के लिए शक्तिशाली बंकर बस्टर बमों की जरूरत है, जिसे अमेरिकी बी-2 बॉम्बर्स से गिराया जा सकता है, इजरायल के पास यह अभी नहीं है, इसलिए वह चाहता है कि किसी भी तरह अमेरिका इस युद्ध में सीधे तौर पर शामिल हो जाए।

इजरायल ने परमाणु हथियार को बहाना बनाकर ईरान पर हमला बोला है। हालांकि ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने एक बार फिर कहा है कि उनका इरादा परमाणु हथियार बनाने का नहीं है। याद कीजिए अमेरिका ने इराक पर विनाशकारी हथियार होने का आरोप लगाते हुए इसी तरह हमला किया था, सद्दाम हुसैन को फांसी पर चढ़ा दिया, लेकिन वो हथियार इराक से कभी बरामद ही नहीं हुए, क्योंकि थे ही नहीं। अब ईरान के साथ ऐसा ही करने की कोशिश हो रही है। लेकिन यहां अमेरिका इजरायल का साथ देगा तो फंस जाएगा। क्योंकि इस साल मार्च में अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने अमेरिकी कांग्रेस को बताया था कि ईरान का 'समृद्ध यूरेनियम भंडार' अपने उच्चतम स्तर पर है लेकिन उन्होंने ये भी कहा था कि अमेरिकी खुफिया तंत्र के आकलन के अनुसार ईरान परमाणु हथियार नहीं बना रहा है क्योंकि ईरान के सर्वोच्च नेता ने परमाणु हथियार कार्यक्रम को अधिकृत नहीं किया है। वहीं अमेरिका में आर्म्स कंट्रोल एसोसिएशन में परमाणु अप्रसार नीति की निदेशक केल्सी डेवनपोर्ट ने कहा, 'अगर नेतन्याहू के पास परमाणु प्रसार के खतरे की जानकारी होती, तो वो उसे अमेरिका के साथ साझा करते। लेकिन अब तक उन्होंने कोई ठोस सबूत नहीं दिए हैं।'

वैसे पिछले हफ्ते आईएईए की रिपोर्ट में कहा गया था कि ईरान ने 60फीसदी शुद्धता तक समृद्ध यूरेनियम जमा कर लिया है। एजेंसी के अनुसार अगर ये स्तर 90फीसदी तक पहुंचा तो तकनीकी तौर पर इससे नौ परमाणु बम बनाए जा सकते हैं। इसलिए इजरायल को अगर सचमुच ईरान को परास्त करना है, तो उसे किसी भी तरह फोर्डो को ध्वस्त करना होगा, अगर वो इस में नाकाम रहता है तो अब तक ईरान को जितना नुकसान हुआ है, उसके बावजूद उसे झुकाना मुश्किल होगा। इजरायल किसी भी तरह अमेरिका को साथ लेना चाहता है, लेकिन ट्रंप राजनेता से पहले व्यापारी हैं तो वह अपना मुनाफा देखकर ही ईरान के साथ युद्ध में उलझेंगे। अभी तो इजरायल का अघोषित पार्टनर बनकर ही काम चल रहा है।

ईरान को रूस और चीन का साथ तो मिल ही चुका है, पाकिस्तान ने सारे इस्लामिक देशों को ईरान के साथ खड़े होने का आह्वान किया है। इधर कतर और ओमान को ईरान ने साफ कर दिया है कि इजरायली हमले का जवाब देने के बाद ही सीजफायर पर बात हो सकती है। इस संदेश से साफ है कि ईरान पूरी ताकत से दुनिया के शक्तिशाली देशों के सामने खड़ा है। जिस तरह गरीब वियतनाम ने अरबों रुपए युद्ध में लगाने वाले अमेरिका को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था क्या वही इतिहास एक बार फिर दोहराया जाएगा, यह देखना होगा। वैसे तो यूक्रेन भी रूस के साथ जंग जारी रखे हुए है, लेकिन यूक्रेन को अमेरिका और पश्चिमी देशों का समर्थन मिल रहा है। मगर ईरान समय अकेला डटा हुआ है और अब यमन के हूती विद्रोही भी इजरायल पर हमला बोलकर ईरान का साथ दे रहे हैं। गज़ा को खत्म करने की सनक में इजरायल पहले ही काफी नरसंहार कर चुका है और इसके खिलाफ इजरायली जनता में भी नाराजगी है। और अभी तो इजरायल की राजधानी समेत हाइफा जैसे व्यापार के लिहाज से प्रमुख शहरों पर ईरान के हमले हो रहे हैं तो इसका असर इजरायल की आर्थिक स्थिति पर भी पड़ेगा। अडानी जैसे जिन व्यापारियों के अरबों डॉलर इजरायल में लगे हुए हैं, वे आखिर कब तक इस नुकसान को बर्दाश्त कर पाएंगे। जाहिर वे इजरायल और अमेरिका पर दबाव बनाएंगे।

तो कुल मिलाकर इस समय इजरायल और अमेरिका दोनों की हालत ईरान के सामने बिगड़ रही है। हालांकि ईरान को भी इजरायल के हमलों में बड़े नुकसान हो चुके हैं, उसके कई परमाणु वैज्ञानिकों की जान इजरायल ले चुका है। इजरायल ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई को भी निशाने पर लेने जा रहा था, लेकिन अमेरिका की चेतावनी के बाद इजरायल ने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। क्योंकि अमेरिका जानता है कि खामेनेई को अगर कुछ हुआ तो इसका व्यापक असर इस्लामिक देशों के साथ उसके संबंध पर पड़ेगा।

# दुनिया में मित्रविहीन क्यों होता जा रहा है भारत?


इससे विडंबना ही कहा जाएगा कि करीब पांच दर्जन सांसदों तथा कूटनीतिज्ञों के सात दलों के 33 देशों ज़े दौरे से भी, कम से कम विदेश नीति ज़े मामले में मोदी सरकार ने कोई सबक नहीं लिया लगता है। यह तब है जब जैसा कि आम तौर पर सभी जानते भी हैं और मानते भी हैं, 7 से 10 मई के बीच भारत और पाकिस्तान के बीच हुई सैन्य झड़पों की पृष्ठभूमि में मोदी सरकार को, जो राजनीति में उभयपक्षीयता के विचार से सिर्फ कोसों दूर ही नहीं है, एक प्रकार से इस तरह की परंपराओं की शत्रु ही बनी रही है, दुनिया भर में इन बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों को भेजने की जरूरत इसीलिए महसूस हुई थी कि, उक्त टकराव के संदर्भ में भारत की विदेश नीति पूरी तरह से विफल रही थी। जैसाकि सभी ने दर्ज किया था, मोदी राज की विदेश नीति के 11 साल का हासिल यही था कि छोटे से बड़ा तक और विकसित से पिछड़ा तक, दुनिया का एक भी देश इस टकराव में स्पष्ट रूप से भारत का पक्ष लेने के लिए सामने नहीं आया था। और तो और रूस जैसा भारत का सदाबहार मददगार और समर्थक तक, दुविधाग्रस्त नजर आ रहा था। बाकी सारी दुनिया को छोड़ भी दें तो हमारा एक भी पड़ौसी देश, दक्षिण एशिया का कोई भी देश, भारत के साथ खड़ा नहीं हुआ था। अलबत्ता, अफगानिस्तान ही इस मामले में अपवाद साबित हुआ था, जहां की तालिबान सरकार के साथ बढ़ती नजदीकियों के बावजूद, भारत अब तक उसे कूटनीतिक मान्यता देने की हिकमत नहीं जुटा पाया है।

इस कूटनीतिक आउटरीच कार्यक्रम के बाद, इन बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से प्रधानमंत्री मोदी ने बहुप्रचारित मुलाकात भी की थी। इस मुलाकात के संबंध में प्रेस में आए कुछ ब्यौरों में, प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों द्वारा इन दौरों में बने अपने इंप्रैशन बेलाग तरीके से प्रधानमंत्री से साझा किए जाने के जोर–शोर से दावे किए गए हैं, हालांकि विवरणों पर प्राय: चुप्पी साध ली गयी है। फिर भी यह मानने का कोई कारण नहीं है कि कम से कम राजनीतिक राय के इंद्रधनुष के अधिकांश रंगों का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसदों ने सारे संकोच के बावजूद, इन विदेश दौरों के अपने वास्तविक इंप्रैशन प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से, कम से कम इशारतन, प्रधानमंत्री से साझा नहीं किए होंगे। इनमें इसे समझने के लिए कुछ–न–कुछ संकेत भी जरूर रहे होंगे कि आंतकवाद जैसे मुद्दे पर भी भारत आज दुनिया में इतना अलग–थलग क्यों है? लेकिन, प्रधानमंत्री की उक्त बैठक के बाद का मोदी सरकार का प्रकट कूटनीतिक आचरण यही दिखाता है यह सरकार न कुछ भी न सीखने को तैयार है और न रत्तीभर बदलने को।

उक्त प्रतिनिधिमंडलों की स्वदेश वापसी के फौरन बाद, मोदी सरकार की कूटनीति की महत्वपूर्ण परीक्षा एक नहीं दो अलग–अलग किन्तु परस्पर जुड़े हुए मामलों में हुई। इनमें से पहला मामला इजरायली नरसंहार की शिकार गज़ा की जनता की प्राण रक्षा के लिए, तुरंत युद्धविराम कराने के संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव का था। गज़ा पर दो साल से ज्यादा से जारी इजरायली हमलों में साठ हजार से ज्यादा असैनिक मारे जा चुके हैं, जिनमें बहुमत बच्चों और महिलाओं का ही है। इस नरसंहारकारी युद्ध में इजरायल सिर्फ हवाई हमलों से लेकर जमीनी चढ़ाई तक, सैन्य हथियारों का ही इस्तेमाल नहीं कर रहा है बल्कि घेरेबंद गज़ा में न्यूनतम आपूर्तियां तक पहुंचने के रास्ते बंद करने के जरिए, भूख को समान रूप से घातक हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है और गज़ावासियों को सामूहिक दंड के रूप में भुखमरी में धकेल रहा है। हैरानी की बात नहीं है कि विश्व न्यायिक मंचों ने इस मामले में इजरायल को युद्ध अपराधों का दोषी तक करार दिया है।

स्वाभाविक रूप से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रचंड बहुमत से गज़ा के खिलाफ जंग बंद किए जाने का प्रस्ताव स्वीकार किया। 149 देशों ने प्रस्तावे के समर्थन में वोट किया, जबकि इजरायल तथा अमेरिका समेत कुल 12 देशों ने प्रस्ताव खिलाफ वोट किया। लेकिन पूरी तरह से अप्रत्याशित न होते हुए भी बहुतों को हैरान करते हुए, भारत ने उन 18 अन्य देशों के साथ वोट किया, जिन्होंने खुद को इस प्रस्ताव पर मतदान से अलग रखे जाने के लिए मतदान किया था। भारत का यह रुख इसलिए और भी हैरान करने वाला था कि इससे पहले भारत ने, दो साल पहले इसी तरह के जंगबंदी के संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया था। यह समझना वाकई तर्क से परे था कि संयुक्त राष्ट्र संघ के पिछले और इस ताजातरीन प्रस्ताव के बीच ऐसा क्या बदल गया था, जो मोदी का भारत जंगबंदी की मांग का समर्थन करना छोड़कर, इस मांग पर तटस्थता का रुख अपनाने पर आ गया था! बेशक, गज़ा के खिलाफ इजरायली सैन्य कार्रवाइयों की शुरूआत से ही मोदी सरकार, फिलिस्तीन के समर्थन के भारत के परंपरागत रुख के विपरीत, जिसकी जड़ें भारत के अपने साम्राज्यवादविरोधी स्वतंत्रता संग्राम में थीं, आमतौर पर इजरायलपरस्त रुख ही अपनाए रही है। लेकिन, गज़ा में नरसंहार रोके जाने पर भी तटस्थ हो जाने की हद तक इजरायलपरस्ती तो, मोदी सरकार के मानकों के हिसाब से भी नयी ही है। कहने की जरूरत नहीं है कि अपनी इस पल्टी से भारत ने खुद को दुनिया भर से, जिसमें जाहिर है कि सबसे बड़ी संख्या विकासशील देशों की ही है, अलग ही कर लिया। यहां तक कि भूटान जैसे देश ने भी भारत से भिन्न रुख अपनाते हुए, प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया।

इसके फौरन बाद, मोदी राज की विदेश नीति की दूसरी परीक्षा भी हो गयी। इस परीक्षा का भी संबंध इजरायली आक्रामकता से था, जिसका प्रदर्शन इजरायल पश्चिमी विकसित दुनिया के पूरे–पूरे समर्थन के बल पर ही करता आया है। गज़ा के खिलाफ अपने नरसंहारकारी हमले के बीच, इजरायल ने अचानक ईरान पर सैकड़ों जंगी जहाजों, ड्रोनों और मिसाइलों से हमला कर दिया। इस हमले में ईरानी सेना के कुछ शीर्ष नेताओं तथा देश के कई प्रमुख नाभिकीय वैज्ञानिकों समेत सैकड़ों लोग मारे गए। इनमें से अनेक की टार्गेट कर के हत्याएं की गयी थीं, जिसमें इजरायल को खास महारत हासिल है। स्वाभाविक रूप से, ईरान ने इस हमले का जवाब देने का ऐलान किया है और इससे दोनों के बीच व्यापक लड़ाई छिड़ सकती है।



राजेंद्र शर्मा

**स्वाभाविक रूप से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रचंड बहुमत से गज़ा के खिलाफ जंग बंद किए जाने का प्रस्ताव स्वीकार किया। 149 देशों ने प्रस्तावे के समर्थन में वोट किया, जबकि इजरायल तथा अमेरिका समेत कुल 12 देशों ने प्रस्ताव खिलाफ वोट किया। लेकिन पूरी तरह से अप्रत्याशित न होते हुए भी बहुतों को हैरान करते हुए, भारत ने उन 18 अन्य देशों के साथ वोट किया, जिन्होंने खुद को इस प्रस्ताव पर मतदान से अलग रखे जाने के लिए मतदान किया था।**

इजरायल ने यह हमला इसके नाम पर किया है कि वह ईरान को नाभिकीय हथियार बनाने से रोकना चाहता है और इसलिए उसके नाभिकीय प्रतिष्ठान पर हमला किया गया है। लेकिन, इजरायल को जो पश्चिम की कृपा से नाभिकीय हथियार लिए बैठा है, इसके नाम पर हमला करने का अधिकार किसने दिया है? फिर यह बहाना भी कितना झूठा है, इसका अंदाजा एक इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि यह हमला, ठीक ईरान के नाभिकीय कार्यक्रम के प्रश्न पर ही, अमेरिका और ईरान के बीच जारी वार्ताओं के बीच में किया गया है, जब दोनों के बीच पांच दौर की वार्ता हो चुकी थी और छठे दौर की वार्ता अगले ही दिन होनी थी। इस हमले में ईरानी पक्ष के वार्ताकारों की चुन–चुनकर हत्या कर दी गयी। हैरानी की बात नहीं है कि इस हमले की व्यापक रूप से निंदा हो रही है। लेकिन, शंघाई सहयोग संगठन ने, जिसका भारत पूर्ण सदस्य है, जब इस इजरायली हमले की निंदा के एक प्रस्ताव पर विचार करने के लिए बैठक बुलाई, मोदी के भारत ने इस बैठक से ही खुद को अलग कर लिया। इस सबके बाद, 'ग्लोबल साउथ' यानी विकासशील दुनिया का 'प्रवक्ता' होने के भारत के दावे, एक भद्दा मजाक ही लगते हैं।

बेशक, यह महज इजरायल प्रेम का ही मामला नहीं है। मोदी राज के इजरायल प्रेम का सीधा संबंध, इजरायल की पीठ पर अमेरिका समेत समूची साम्राज्यवादी दुनिया का हाथ होने से है। मोदी राज की विदेश नीति की मुख्य पहचान, जो उसे भारत की स्वतंत्रता आंदोलन की विरासत और आजादी के बाद के पांच दशक से ज्यादा की भारत की विदेश नीति से बुनियादी तौर पर अलग करती है, उसका भारत को साम्राज्यवादी मंसूबों का जूनियर पार्टनर बना देना है। यह दूसरी बात है कि मोदी राज ज़े इजरायल प्रेम में, अमेरिका समेत साम्राज्यवादी ताकतों के प्रेम के अलावा एक तत्व और भी शामिल है, जो इस विदेश नीति को उसकी घरेलू नीति का प्रत्यक्ष विस्तार बनाता है। यह तत्व है, मुस्लिमविरोध, जो संघ–भाजपा के मुस्लिम विरोध का दोस्ताना, इजरायली यहूदीवादियों के इस्लामविरोध से जोड़ता है।

इसी सब के चलते, मोदी राज के 11 साल में, खासतौर पर विकासशील दुनिया में, भारत की नैतिक प्रतिष्ठा ध्वस्त हो गयी है। जो भारत कभी गुटनिरपेक्ष आंदोलन के माध्यम से विकाशील दुनिया की सबसे भरोसेमंद आवाज हुआ करता था, अब अपने मुंह से विकासशील दुनिया की ओर से बोलने के दावे भले ही करे, विकासशील देश उस पर रत्तीभर विश्वास नहीं करते हैं। दूसरी ओर, पश्चिम की पंगत में किसी तरह शामिल होने के लालच में विकासशील दुनिया के हितों की ओर से मुंह मोड़ने के ईनाम के तौर पर उसे निचली मेजों के न्यौते जरूर मिल रहे हैं, लेकिन वहीं तक जहां तक सामराजी मंसूबों के लिए उसका उपयोग है। दूसरी ओर, मोदी राज में देश में जो कुछ हो रहा है और खासतौर पर धर्मनिरपेक्षता समेत सभी प्रमुख पहलुओं से जिस तरह जनतंत्र का त्याग किया जा रहा है, वह विकासशील दुनिया के साथ–साथ, पश्चिम की इस बारात में भी उसकी उपस्थिति को असहज और असामान्य बनाता है। जिसका पता अनेकानेक सूचकांकों पर भारत के खराब प्रदर्शन से चलता है। नतीजा यह कि विश्व समुदाय में भारत का कद घटता जा रहा है और उसके मित्रों का दायरा तेजी से सिकुड़ता जा रहा है।

जैसे–तैसे कर के जी–7 के आउटरीच कार्यक्रम का न्यौता हासिल करने और शर्तों पर न्यौता हासिल करने के बाद, नरेंद्र मोदी जिस तरह लपक कर कनाडा समेत तीन देशों की पांच दिन की यात्रा पर रवाना हुए हैं, वह यही दिखाता है कि वर्तमान शासन में विदेश नीति, विदेश में नरेंद्र मोदी की छवि चमकाने का औजार भर बनकर रह गयी है, ताकि विश्व नेता की इस छवि के प्रतिबिंबन से, देश के लोगों को चकाचौंध किया जा सज़े। ऐसी विदेश नीति से ज्यादा समय तक तो विदेश में राष्ट्रीय गोदी पूंजीपति के हितों तक को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है, भारत जैसे विशाल देश के हितों को आगे बढ़ाने का तो सवाल ही कहां उठता है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल यातायात पर ईरान क्या करेगा?

■ के रवींद्रन

ईरान पर इजरायल के हमले ने वैश्विक ऊर्जा बाजार में एक परिचित तनाव को फिर से जगा दिया है, जिससे तेल की कीमतें 70 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर चली गयीं। अब विश्लेषकों और रणनीतिकारों द्वारा तैयार किये जा रहे कई परिदृश्यों में से एक सबसे अधिक महत्वपूर्ण है: क्या ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को निशाना बनायेगा? फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी से अलग करने वाला यह संकीर्ण जलमार्ग लंबे समय से वैश्विक तेल व्यापार में सबसे महत्वपूर्ण चोकपॉइंट माना जाता है। लगभग 120लाख बैरल कच्चा तेल प्रतिदिन इससे होकर गुजरता है–जो वैश्विक खपत का 20 प्रतिशत से अधिक है। इस मात्रा का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा एशिया से जुड़ा है, जो भारत और चीन से लेकर जापान और दक्षिण कोरिया तक क्षेत्र की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की ऊर्जा जीवन रेखाओं को बनाये रखने में जलडमरूमध्य की अपरिहार्य भूमिका को रेखांकित करता है।

अभी तक, बाजार की भावना सतर्क हिचकिचाहट की स्थिति में प्रतीत होती है। कीमतों में उछाल सार्थक रहा है, लेकिन अव्यवस्थित नहीं, मुख्यत: इसलिए क्योंकि ईरान की प्रतिक्रिया अभी भी अनिश्चित है। यदि इतिहास कोई मार्गदर्शक है, तो ईरान इजरायली सैन्य स्थलों या क्षेत्रीय प्रॉक्सी को लक्षित करके एक सुनियोजित जवाबी कार्रवाई का विकल्प चुन सकता है, जिससे व्यापक टकराव से बचा जा सके। इस तरह के कदम, सुर्खियां बटोरने के बावजूद, आमतौर पर तेल की कीमतों में केवल अल्पकालिक उछाल लाते हैं।

लेकिन इस बार, गणित अलग लगता है। अगर ईरान सऊदी अरब या यूएई में तेल के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर, या होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने या बाधित करने का प्रयास करके– तो तेल की कीमतें बहुत अधिक अस्थिर चरण में प्रवेश कर सकती हैं। ये सैद्धांतिक जोखिम नहीं हैं। ईरान के पास जलडमरूमध्य को बंद करने की धमकी देने का एक लंबा रिकॉर्ड है, और हालांकि यह कभी भी पूरी तरह से सफल नहीं हुआ है, लेकिन इसकी पिछली कार्रवाइयों – मिसाइल लॉन्च से लेकर तेल टैंकरों को जब्त करने तक– ने साबित कर दिया है कि इसमें महत्वपूर्ण व्यवधान और अनिश्चितता पैदा करने की क्षमता है।

जो बात वर्तमान परिदृश्य को और अधिक अनिश्चित बनाती है, वह यह है कि जलडमरूमध्य के लिए उपलब्ध विकल्प सीमित और पूर्ण प्रवाह निरंतरता बनाये रखने के लिए अपर्याप्त हैं। सऊदी अरब ईस्ट–वेस्ट पाइप लाइन का संचालन करता है, जो पूर्वी प्रांत से तेल को लाल सागर तक ले जाता है, जो जलडमरूमध्य को पूरी तरह से दरकिनार कर देता है। इसी तरह, यूएई हबशान–फुजैरा पाइप लाइन का उपयोग करता है, जिससे कुछ तेल होर्मुज से गुजरे बिना वैश्विक बाजारों तक पहुंच जाता है। हालांकि, ये मार्ग एक साथ केवल लगभग 60 लाख बैरल प्रतिदिन संभालते हैं – जो आमतौर पर जलडमरूमध्य से गुजरने वाली मात्रा का बमुश्किल आधा है। इस प्रकार कोई भी लंबे समय तक व्यवधान एक बड़ी बाधा उत्पन्न करेगा, जिससे रिफाइनर, व्यापारी और सरकारें रणनीतिक भंडारों को कम करने या वैकल्पिक स्त्रोतों के लिए संघर्ष करने के लिए मजबूर होंगी, जिससे कीमतें तेजी से बढ़ेंगी।

इसके अलावा, होर्मुज जलडमरूमध्य की रणनीतिक भौगोलिक स्थिति चुनौती को और बढ़ा देती है। जलडमरूमध्य का सबसे संकरा बिंदु केवल 21 मील चौड़ा है, जिसमें शिपिंग लेन दोनों दिशाओं में केवल दो मील चौड़ी हैं। यह ओमान के साथ साझा है, लेकिन ईरान की निकटता और इसके उत्तरी तटों पर नियंत्रण इसे जल पर काफी प्रभाव डालने की अनुमति देता है। ईरान ने पहले टैंकरों को अपने जल में गलत दिशा में ले जाने के लिए जीपीएस सिग्नल जाम करने जैसी रणनीति का इस्तेमाल किया है, साथ ही जहाजों को परेशान करने या जब्त करने के लिए तेज़ नावों को तैनात किया है – ऐसे कदम जो जरूरी नहीं कि तेल के प्रवाह को रोकें लेकिन यात्रा को जोखिम भरा और अधिक महंगा बनाते हैं। शिपमेंट पर बीमा प्रीमियम बढ़ता है, और इसी तरह चार्टर दरें और माल ढुलाई लागत भी बढ़ती है, जो सभी वैश्विक तेल के लिए बढ़ती लागत आधार में योगदान करते हैं।

जटिलता की एक और परत क्षेत्र में अमेरिकी नौसैनिक बलों की उपस्थिति है, जिन्हें जलडमरूमध्य के माध्यम से मुक्त मार्ग सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है। अगर ईरान अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाता है– चाहे वह फारस की खाड़ी में हो या मध्य पूर्व में स्थित ठिकानों पर–तो संघर्ष नाटकीय रूप से बढ़ने का जोखिम है। ऐसी स्थिति में जोखिम में निरंतर वृद्धि देखने को मिलेगी

तेल की कीमतों में उछाल, संभवत: 100 के निशान से भी ऊपर चली जायेगी, क्योंकि बाजार की कीमतें एक बार की झड़प के बजाय एक लंबे समय तक चलने वाले व्यवधान पर निर्भर हैं।

यह भी महत्वपूर्ण है कि जिस व्यापक रणनीतिक माहौल में यह सब हो रहा है, उस पर विचार किया जाये। वैश्विक तेल बाजार कोविड युग के झटकों से धीरे–धीरे उबर रहा है, आपूर्ति–मांग संतुलन सख्त हो रहा है, लेकिन अभी भी नाजुक है। ओपेक+ अपनी उत्पादन रणनीति के साथ सतर्क रहा है, तथा अतिरिक्त क्षमता का प्रबंधन करते हुए मूल्य स्थिरता बनाये रखने का प्रयास कर रहा है। कोई भी भू–राजनीतिक झटका जो आपूर्ति को और कम कर देता है, इस संतुलन को बिगाड़ सकता है, खासकर अगर यह उत्तरी गोलार्ध में मौसमी मांग में वृद्धि के साथ मेल खाता हो।

मध्य पूर्वी तेल के दो सबसे बड़े उपभोक्ता चीन और भारत भी बढ़ती बेचैनी के साथ स्थिति को देख रहे हैं। दोनों अपने तेल आयात में विविधता ला रहे हैं और रणनीतिक भंडार बना रहे हैं, लेकिन दोनों में से कोई भी आसानी से होर्मुज के माध्यम से बहने वाले तेल की मात्रा को प्रतिस्थापित नहीं कर सकता है। लंबे समय तक व्यवधान का खतरा उन्हें पर्दे के पीछे कूटनीतिक रूप से जुड़ने के लिए प्रेरित कर सकता है, जो संभवत: खाड़ी सहयोगियों पर निर्भर हो सकता है या तनाव को कम करने के लिए तेहरान के साथ लाभ का उपयोग कर सकता है। इस बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका, हालांकि पिछले दशकों की तुलना में मध्य पूर्वी तेल पर कम निर्भर है, अपनी सुरक्षा प्रतिबद्धताओं और क्षेत्र में व्यापक भू–राजनीतिक हितों के कारण एक प्रमुख खिलाड़ी बना हुआ है।

**जो बात वर्तमान परिदृश्य को और अधिक अनिश्चित बनाती है, वह यह है कि जलडमरूमध्य के लिए उपलब्ध विकल्प सीमित और पूर्ण प्रवाह निरंतरता बनाये रखने के लिए अपर्याप्त हैं। सऊदी अरब ईस्ट–वेस्ट पाइप लाइन का संचालन करता है, जो पूर्वी प्रांत से तेल को लाल सागर तक ले जाता है, जो जलडमरूमध्य को पूरी तरह से दरकिनार कर देता है। इसी तरह, यूएई हबशान–फुजैरा पाइप लाइन का उपयोग करता है, जिससे कुछ तेल होर्मुज से गुजरे बिना वैश्विक बाजारों तक पहुंच जाता है।**

## आपके पत्र

### गुस्साए इजरायल ने फिर ईरान पर किया हमला

एक तरफ यहूदी और दूसरी तरफ मुस्लिम राष्ट्र के बीच मिसाइल हमलों से जहर उगलते बन रहा है और न निगलते बन रहा है। शुक्रवार के दिन ईरान के हमले से इजरायल के तीन, नागरिक मरने के बाद शनिवार को ही इजरायल ने ईरान पर मिसाइलें दागी है जिससे ईरान को भारी नुकसान हुआ है। यह विश्व युद्ध की तरफ इशारा करता दिखाई दे रहा है। बड़े–बड़े शक्तिशाली देशों के बीच तनातनी से युद्ध से हालात खराब हो गए है। रूस –यूक्रेन भारत– पाकिस्तान और ईरान –इजरायल के बीच हमले तीसरे विश्व युद्ध की तरफ इशारा है। इजरायल के पीएम बेंजामिन नेत्यान्हू ने अंतराष्ट्रीय अपील को खारिज करते हुए हमले यथावत जारी रखने के निर्देश दिए हैं। इजरायल ने ईरान के प्रतिष्ठानों और सैन्य ठिकानों पर हमले किये। चारों तरफ मुस्लिम राष्ट्र की आबादी है और बीच में एक ही शक्तिशाली देश इजरायल को कोई चुनौती देने की हिम्मत नहीं कर सकता। टेक्नालॉजी में अग्रणी देश इजरायल की आबादी एक करोड़ के आसपास है और हर घर से एक नागरिक को सेना में भर्ती होना ही पड़ता है। यह संविधान है फिर प्रधानमंत्री का घर ही क्यों न हो ।देश की सही ताकत सैनिकों के हाथ में है। इजरायल के हमले में 138 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की गई है। ईरान ने भी कहा है कि इजरायल को बहुत भुगतना पड़ेगा। ईरान ने तिनसों बैलेस्टिक मशीन दागी है। ताजा हमलों में ईरानी को निशाना बनाया है। ईरान चुप नहीं बैठने वाला है। इजरायल का एक ही मकसद है। आतंकवाद को इस धरती से खत्म करना है। भारत ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। वैसे ही कई देश आतंकवाद को जड़–मूल से खत्म करने की फिराक में है। अगर यही स्थिति रही तो दुनिया में तीसरे विश्व युद्ध के बादल मंडराने लग सकते हैं। शांति बनाए रखने की भी अपील विश्व समुदाय कर रहा है। दुनिया की स्थितियों पर अंतराष्ट्रीय समुदाय नजर बनाए हुए है। युद्ध किसी भी काल में संभव नहीं है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### राजनीति में वंचित समाज के लिए जगह कहाँ?

*'राष्ट्रपति चुनाव में आदिवासी उम्मीदवार और अपने पुराने मित्र पी.ए. संगमा का खुला समर्थन कर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरविन्द नेताम ने इस प्रौढावस्था में अपना राजनीतिक भविष्य, जितना भी बाकी है, खतरे में डाल दिया। कहा जा सकता है कि उन्होंने जानते–बूझते अपने लिए मुसीबत मोल ली। कांग्रेस ने उन्हें पार्टी की सदस्यता से तो निलंबित कर ही दिया है, हो सकता है कि आगे कोई और बड़ी कार्रवाई हो। हम यह समझना चाहते हैं कि 1971 में मात्र उनतीस या तीस वर्ष की आयु में जिस व्यक्ति को इंदिरा गांधी ने अपने मंत्रिमण्डल में शामिल किया उसे आज की कांग्रेस पार्टी संभालकर क्यों नहीं रख सकी! इसी प्रश्न से दूसरा बड़ा सवाल उठता है कि कांग्रेस हो या भाजपा या अन्य कोई दल– उसमें आदिवासियों के लिए कितनी जगह है।'*

*सच पूछा जाए तो इस प्रसंग से उजागर होता है कि भारत की राजनीतिक दलों में आंतरिक जनतंत्र किस तरह कमजोर है और उसमें समाज के कमजोर वर्गों की हैसियत किस तरह दोयम दर्जे की बना दी गई है। ऐसा क्यों हुआ है कि किसी भी पार्टी में आदिवासी, दलित व हाशिए के अन्य समुदायों को राजनीति में निर्णायक अथवा प्रबल भूमिका निभाने के लिए या तो तैयार किया ही नहीं गया या उन्हें स्वयं तैयार होने का अवसर नहीं दिया गया। पी.ए. संगमा, गिरधर गोमांग, अमर सिंह चौधरी और अरविंद नेताम– ये कुछ आदिवासी नेता हैं जो सत्तर के दशक में उभरे। इनमें पी.ए. संगमा ही केन्द्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण हैसियत हासिल कर सके। बाकी के साथ राजनीति के भीतर लगभग वैसा ही व्यवहार हुआ जैसा आम जीवन में प्रभुत्वशाली वर्ग बस्तर या झाबुआ के आदिवासियों के साथ करता है।*

**( देशबंधु में 05 जुलाई 2012 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2012/07/blog-post.html

## पावन प्रसंग

### जीवन का शोधन है त्याग

त्याग प्राप्ति और प्रगति का नवचरण है। त्याग ही जीवन है। त्याग जीवन का सारांश है। इसके बिना जीवन की परिकल्पना संभव नहीं है। त्याग जीनन का एक आवश्यक धर्म है। यह अशुभ के स्थान पर शुभ की प्रतिष्ठा का नियम है। अशुभ के स्थान पर शुभ की प्रतिष्ठा का नियम है। एक को छोड़ने पर ही दूसरे की प्राप्ति संभव होती है। रखा हुआ कदम उठाकर ही पथ पर आगे नवचरण धरा जा सकता है। शुद्ध वायु ग्रहण करने के लिए फेफड़ों में स्थित अशुद्ध वायु को छोड़ना पड़ता है। संग्रह करने से, पदार्थों को चिपकाए रखने से तो जीवन गति में विषमता पैदा हो जाती है। रुका हुआ पानी सड़ने लगता है।

त्याग बिना विकास, प्रगति, उन्नति का पथ प्रशस्त नहीं होता। जब हम किन्हीं पदार्थों, परिस्थितियों, यहां तक कि विचारों, भावनाओं में बंधे पड़े रहते हैं, तब तक अन्य विषयों की ओर हमारी गति ही नहीं होगी। इसलिए किसी वस्तु या विषय विशेष से बंधना,उसमें लिप्त रहना सर्वथा त्याज्य है। जो कुछ हमारे पास है, हम जो कुछ भी जानते हैं उसे हम अपनी उन्नति का आधार बना सकते हैं। जिस सीढ़ी पर आप खड़े हैं, उसका सहारा लेकर ऊपर उठ सकते हैं, लेकिन अंतत: सीढ़ी हमें छोड़नी ही पड़ेगी। यह असंभव है कि हम उस पर खड़े भी रहें और ऊपर भी पहुंच जाएं। जीवन की पगडंडी बड़ी लंबी है. संसार का क्षेत्र बड़ा विस्तृत है.आगे बढ़ने के लिए, प्राप्त करने के लिए हमें नित्य त्याग करना ही पड़ेगा। यहां कोई भी तो ऐसा धाम नहीं है, जहां पहुंचकर कह सकें कि बस हमारी यात्रा पूरी हो गई, अब यहां से हटना नहीं है। जब तक जीवन है, संसार है तब तक हमें छोड़ना पड़ेगा, त्याग करते रहना होगा। इसलिए त्याग कीजिए 'मैं' और 'मेरेपन' का, ताकि हम 'परम सत्ता' की अनुभूति कर सकें। जब तक मैं है, हम परमात्मा की विराट सत्ता की अनुभूति प्राप्त नहीं कर सकेंगे। मेरेपन के कारण वस्तुओं, पदार्थों, विषयों की सीमा से बाहर नहीं, निकल सकेंगे। ऐसी स्थिति में हम विश्वचक्र गति से पिछड़ जाएंगे। चूंकि सारा संसार ही त्याग धर्म पर चल रहा है, अत: संग्रह और रोके रखने की वृत्ति हमारे लिए जीवन में संघर्ष पैदा कर देगी।

यहां का धर्म है कि विश्व जीवन को गति देने कुछ न कुछ त्याग किया जाए। यदि आप चाहेंगे कि मैं नहीं दूंगा, मैं नहीं छोड़ूंगा तो ऐसी स्थिति में विश्व प्रकृति के विरोध का सामना करना पड़ेगा और तब आपको विवश होकर एक पराजित योद्धा की तरह छोड़ना पड़ेगा तो क्यों न स्वेच्छा से त्याग करके विश्वचक्रम में सहयोग दिया जाए। इससे दो लाभ होंगे–एक स्वधर्म पालन करने का संतोष, दूसरे हमारा जीवन एकाकी,संकीर्ण न रह कर विश्वजीवन से संयुक्त हो जाएगा। हम जीवन की उच्च भूमिकाओं में प्रवेश पा सकेंगे। चूंकि त्याग एक को हटाकर दूसरे की प्रतिष्ठा का अवसर देता है, इसलिए मन, कर्म, वचन से अशुभ का त्याग कीजिए। जिस तरह द्वार की किवाड़ों को खोलते ही सूर्य का प्रकाश सहज भवन को प्रकाशित कर देता है, उसी तरह जीवन ले अशुद्ध तत्वों को निकाल देने पर शुभ का उदय स्वत: हो जाता है, बुराइयों के छूटते ही अच्छाइयां स्वत: पैदा हो जाती हैं। ईर्ष्या, द्वेष, मोह, लोभ आदि बुराइयों के छूटने पर दया,प्रेम,करुणा, श्रद्धा, तितिक्षा, शम,दम आदि सात्विक तत्वों का उदय होने लगता है।

**–अखंड ज्योति**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
मंगलवार,17 जून 2025

उल्टा पुल्टा

मरीज- डॉक्टर साहब, मेरी दायीं टांग में बहोत दर्द रहेता है।

डॉक्टर- ये तो उम्र का तकाजा है।

मरीज- लेकिन मेरी बायीं टांग की भी तो उम्र उतनी ही है फिर दायीं टांग में ही तकलीफ क्यों?

## महिला आयोग ने एडीएम बिलासपुर को भेजा पत्र

# महिलाओं का अपमान करने वालों पर हो कड़ी कार्रवाई

## फर्जी पुलिस वाला बनकर किया था आवेदिका से विवाह, आयोग करेगी निगरानी हुआ सुलहनामा

### दूसरा विवाह करने वाले उसलापुर के शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का मुगेली जिला शिक्षा अधिकारी को आयोग करेगा अनुशंसा

**बिलासपुर,** 16 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ0 किरणमयी नायक, सचिव श्रीमती किरण कुजुर व सदस्य श्रीमती सरला कोसरिया ने प्रार्थना सभा कक्ष जल संसाधन विभाग में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रस्तुत 31 प्रकरणों पर जनसुनवाई की। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ0 किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज प्रदेश स्तर पर 325 व बिलासपुर जिले में 18वीं सुनवाई हुई।

आज के सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका ने अनावेदक के खिलाफ अपने विभाग में अनावेदक के खिलाफ कार्यस्थल पर उत्पीड़न के शिकायत सितम्बर 2024 में किया था। दिसम्बर 2024 में आयोग में शिकायत किया है शिकायत के साथ आवेदिका आंतरिक परिवाद समिति में दर्ज हुआ है बयान की प्रणाणित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। जिसमें सभी गवाहों ने आवेदिका के बयान की पुष्टि किया है लेकिन आंतरिक परिवाद समिति के द्वारा प्रकरण का निराकरण नही किया जा रहा है इसलिए आवेदिका ने स्थानीय परिवाद समिति में अपना प्रकरण भेजने का अनुरोध किया है। स्थानीय परिवाद समिति के द्वारा जॉच किया जा रहा है जो स्थानीय समिति 01 माह के अंदर जॉच कर आयोग को प्रेषित् करें ताकि अनावेदक के खिलाफ कार्यवाही किया जा सके। वर्तमान में अनावेदक एडीएम का ड्रावईर है उन्हे भी पत्र प्रेषित किया जावे कि महिला के खिलाफ अपमान जनक टिप्पणी करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें अगामी सुनाई अगस्त 2025 में रायपुर में सुनवाई करने का निर्देश।

अन्य प्रकरण प्रस्तुत उभय पक्ष उपस्थित आवेदिका ने बताया कि दोनो का सुलह हो गया है एक साथ रह रहे है आवेदिका द्वारा बताया गया है लेकिन पति के द्वारा गाली गलौच करते है उसके लिए समझाईस दिया जाये सखी सेन्टर बिलासपुर को निगरानी के लिए 06 माह के लिए दिया जाता है इसके बाद प्रकरण नस्तिबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण प्रस्तुत अनावेदन उपस्थित आवेदिका ने शिकायत किया है अनावेदक ने आरक्षक बताकर शादी किया था जिसमें उसके परिवार वाले ने साथ दिया था पता चलने के बाद आवेदक ने शिकायत किया विगत चार माह से अपने मायके में रह रही है अनावेदक बड़ी बड़ी नेताओं के साथ लगातार धोखा दिता कहा कि आवेदिका के परिजनों ने दस लाख का समान शादी में दिया था और आवेदक कि मामा नरेन्द्र कुमार साहु तथा अनावेदक के पिता प्रेम सहु उपस्थित तथा आवेदक को यह जिम्मेदारी लिया है वह आवेदक से किसी प्रकार से परेशानी नही होने देंगे और उसका अच्छे से ख्याल रखेगे। इस स्तर पर उभय पक्ष के मध्य लिखित राजीनामा आज ही प्रस्तुत करे ताकि सुलहनामा के आधार पर अग्रिम कार्यवाही किया जा सकें। उभयपक्ष ने अपना सुलहनामा के एग्रीमेन्ट की फोटो का प्रस्तुत पूरा कापी उभयपक्ष को दिया गया सुलहनामा कि आधार पर प्रकरण नस्तिबद्ध किया गया।




अन्य प्रकरण प्रस्तुत अनावेदक पटवारी संघ में पामगढ़ तहसील का अध्यक्ष है और इसने अपने सर्विस बुक में आवेदिका का नाम दर्ज नही किया है अनावेदक को 15 दिवस का समय दिया जाता है कि अपने सर्विस बुक की कापी आयोग में 30 जून को उपस्थित होकर अपने 10-10 शर्तो के साथ आयोग में प्रस्तुत करे तथा अगली सुनवाई उपस्थित होने का निर्देश अगली सुनवाई हेतु प्रस्तुत। अन्य प्रकरण प्रस्तुत आवेदिका ने अनावेदक के खिलाफ लैगिंक उत्पीड़न कानून के तहत शिकायत किया है जिसके तहत कोई कार्यवाही नही की गई है तब आवेदिका ने बाज् कैट में औरइ उच्च न्यायालय में शिकायत किया था जिस पर जॉच अभी जारी है लेकिन ओवदिका को इसी अनावेदक के इसी अनावेदक अधिनस्त कार्य करने को मजबुर किया जा रहा है। अनावेदक ने बताया कि उनके विभाग में चार उच्च अधिकारी है आवेदिका को किसी अन्य अधिकारी के तहत कार्य करने के लिए भेजा जा सकता है

इस प्रकरण मे आवेदिका ने मुख्य पोस्ट मास्टर को भी पक्षकार बनाया और एक पत्र. भेजा जाकर आवेदिका के प्रकरण में आंतरिक परिवाद समिति की जॉच रिपोर्ट दो माह के अंदर में आयोग में प्रेषित करने का पत्र भेजा जाये साथ ही यह भी भेजा जाये आवेदिका अथवा अनावेदक का स्थानांतरण रिपोर्ट 15 दिवस में भेजा जाये। इस स्तर पर आवेदिका ने कहा कि 10 माह का वेतन नही मिला है उसकी बेटी बीएचएमएस की पढ़ाई कर रही है उसकी फीस नही पटा पा रही है। इस स्तर आवेदक अनावेदक के बताये जाने पर अन्य अधिकारी से अध्यक्ष द्वारा बात किया गया कि और उनको कहा गया कि आवेदिका के बताया वेतन का शीघ्र निर्णय करने के लिए कहा गया की उनके कार्यालय पो0 जनरल आफिस जयस्तंभ रायपुर में पत्र प्रेषित किया जायेगा आज की आर्डरसीट की कापी नि:शुल्क दिया जाये तथा अपनी शिकायत के लिए निराकरण करने में सहयोग हो सके अगामी सुनवाई आयोग रायपुर में रखी जायेगी।अन्य प्रकरण प्रस्तुत आवेदिका उपस्थित अनावेदक क्रमांक 03 उपस्थित अनावेदक क्रमांक 01, 02 अनुपस्थित।

अनावेदन क्रमांक 02 अनावेदक के पति और शा. मा. शाला उस्लापुर में कार्यरत है से शादी कर लिया है उसके तरफ से एक बेटा और एक बेटी है शासकीय सेवक होते हुए अनावेदक क्रमांक 02 ने अवैधानिक रूप से दूसरी शादी किया है नियमानुसार उसकी शासकीय सेवा से पृथक की जा सकती है। जिस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र प्रेषित किया जाये तथा रायपुर सुनवाई 14.07.2025 को उपस्थित कराने का निर्देश तथा उस्लापुर के शिक्षक श्री कोशले के लिए अधिकारी को पत्र भेजा जाये कि उन्हे तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाये और उसकी सेवा पुस्तिका की प्रमाणित प्रतिलिपि प्रेषित 15 दिन के अंदर आयोग प्रस्तुत अनावेदक क्रमांक 02 को पुलिस अधीक्षक को पत्र प्रेषित करें। कि सुनावाई पर एसआई के माध्यम से उपस्थित कराये। अगली सुनवाई हेतु प्रस्तावित।

अन्य प्रकरण प्रस्तुत उभयपक्ष उपस्थित आवेदक ने आरोप लगाया था कि उसकी मकान को बेजा कब्जा मकान को तोड़वाया था लेकिन अनावेदक पक्ष ने यह बताया कि तहसील कार्यालय से नया बेजा कब्जा को हटाया और तहसील में उसका प्रकरण निराकृत हो चुका है अत: आयोग द्वारा रखे जाने का कोई औचित्य नही है। अत: प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण प्रस्तुत उभयपक्ष उपस्थित आवेदक ने बेजा कब्जा के जमीन पर बटवारा की शिकायत किया है आपसी विवाद को सुलझाये बगैर उनके बेजा कब्जा का निपटारा नही हो सकता है आयोग प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण प्रस्तुत आवेदक के सामाजिक बहिस्कार किया था दोनो पक्षों का सुना गया दोनो पक्षों के मध्य थाना मुंगेली में सुलहनामा हो चुका अनावेदक पक्ष ने कहा है कि हमने कोई सामाजिक बहिस्कार नही किया है यदि भविष्य में अनावेदक सामाजिक बहिस्कार करते है तो आवेदिका उनके खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करा सकेगी और कोटवार की कोटवारी समाप्त करा सकेगी। इस आशय के साथ प्रकरण नस्तिबद्ध किया गया।

अन्य प्रकरण प्रस्तुत आवेदक ने शिकायत की है कि तत्कालीन सरपंच मालती डिक्सेना ने दुरभावना पूर्ण कार्यवाही करने के लिए लिखा था वर्तमान अनावेदक क्रमांक 05 अब सरपंच नही है ऐसी दशा में आवेदक वर्तमान तहसीलदार कार्यालय में आवेदनकर कार्यवाही कर सकती है और अनावेदकगण एफ.आई.आर. दर्ज करा सकती है इस आशय के साथ प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया।

## संपादकीय

### आगजनी : सुरक्षित हों उद्योग

*राजधानी रायपुर के स्टेशन रोड की सत्कार गली के पास स्थित रसायनिक पदार्थों के एक गोदाम में बड़ी आगजनी हुए एक सप्ताह भी नहीं हुआ है कि शनिवार को उरला औद्योगिक क्षेत्र में डामर के एक गोदाम में भीषण आग लग गयी। वेस्टर्न तार प्रोडक्ट्स लिमिटेड नामक इस कंपनी में दोपहर को कर्मचारी काम कर रहे थे कि अचानक हुए विस्फोट में डामर के कई डिब्बों में विस्फोट होते गये। दमकल की 8 गाड़ियों ने 2 घंटों की मशक्कत के बाद इस पर काबू पाया। कर्मचारियों की सतर्क ता एवं फुर्ती से कोई प्राण हानि नहीं हुई। यह आगजनी लगभग उसी तरीके से हुई जैसी स्टेशन रोड के लक्ष्मी केमिकल कंपनी के गोदाम में हुई थी। रात होने से गोदाम बंद था वरना इस गोदाम के आसपास संचालित होटलों एवं अन्य दुकानें चपेट में आ सकती थीं। समीप खड़े कई वाहन भी चपेट में आ गये थे।*

*प्रदेश भर के कई गोदामों में आग लगने से जान-माल का छोटा-बड़ा नुकसान होता रहा है। 3 मई को प्लाईवुड से भरे रायपुर के देवेन्द्र नगर के टिम्बर मार्केट स्थित गोदाम, रायपुर के ही चांदनी चौक में बांस, बल्लियों, गद्दों, रजाइयों, तकियों आदि से भरे एक टेंट हाउस, बिलासपुर के तेलीपारा में फोम गोदाम (अप्रैल) में आगजनी हुई है। कुछ गोदाम ऐसे स्थानों में स्थित हैं कि उन तक पहुंचने के लिये फायर ब्रिगेड को खासी मुश्किलें आईं। इसी साल की फरवरी में भाटापारा कृषि उपज मंडी के तथा राजनांदगांव के शंकरपुर स्थित बारदाना फैक्ट्री में हुई आगजनी ने बड़ा नुकसान पहुंचाया।*

*रिहायशी बस्तियों में होने वाली आगजनी से जनसाधारणों के जीवन को खतरा पहुंचता है तो वहीं औद्योगिक परिसरों में लगने वाली आग उनमें कार्यरत लोगों के जीवन को तबाह करती है। इसलिये ज़रूरी है कि सभी तरह के गोदाम, खासकर जिनमें ज्वलनशील पदार्थ रखे जाते हैं, उनके निर्माण तथा उनकी कार्यप्रणाली को सुरक्षित बनाने की सख्त आवश्यकता है। शीघ्र आग पकड़ने वाली सामग्रियां, जैसे केमिकल पदार्थ, विस्फोटक, पटाखे, लकड़ी, प्लास्टिक, पीवीसी, फोम, कपास आदि से बनने वाली वस्तुओं के गोदाम और फैक्ट्रियां पूर्णतः सुरक्षित हों।*

*बहुत सी ऐसी इकाइयां हैं जो इस प्रकार की सामग्रियों का निर्माण औद्योगिक सप्लाई के लिये करती हैं। उनके भंडारण से भी पहले निर्माण के दौरान आग लगने के खतरे बहुत होते हैं। मशीनों में आने वाली खराबियां, शॉर्ट सर्किट, मानवीय भूल आदि कई ऐसे कारण हैं जिनके चलते अक्सर फैक्ट्रियों में आग लग जाती है।*

*औद्योगिक सुरक्षा विभाग को हर तरह की उत्पादन इकाइयों में सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिये। संचालकों को वह आदर्श कार्यप्रणाली लागू करने पर मजबूर करे। देखा जाता है कि मालिक एवं प्रबंधक पैसे बचाने के लिये उद्योग के इस पहलू को नज़रंदाज करते हैं। कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों और सुरक्षित मशीनरी देना तथा नियमित रख-रखाव सरकार को सुनिश्चित करना चाहिये।*

## सार-संक्षेप



### पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय में एनसीसी कैंप का आयोजन

**बिलासपुर,** 16 जून (देशबन्धु)। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के ग्रुप मुख्यालय रायपुर मार्गदर्शन मे 7 सीजी एनसीसी बटालियन बिलासपुर द्वारा आयोजित कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप सीएसटीसी और थल सेना कैंप सलेक्शन कैंप टीएससी का भव्य आयोजन 16 से 25 जून तक बिलासपुर में किया जा रहा है। इस संयुक्त प्रशिक्षण शिविर में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से सैकड़ों एनसीसी कैडेटों ने उत्साहपूर्वक भाग ले रहे है। यह कैंप युवाओं के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा, जिसमें कैडेटों को ड्रिल, मैप रीडिंग, हथियार संचालन, फायरिंग, प्रथम चिकित्सा, जाजीग डिस्टेंश,आपदा प्रबंधन, सामाजिक सेवा एवं राष्ट्र सेवा के गहन प्रशिक्षण दिए जाएंगे। टीसीएस ग्रुप लेवल के चयन हेतु रायपुर ग्रुप के दिशा निर्देश पर आयोजित इस विशेष कैंप में चयन प्रक्रिया अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक होंगी। इसमें ऑब्स्टेकल रेस, मैप रीडिंग, सर्विस सूटिंग, जाजीग डिटेन्स, हेल्थ हाइजीनिक,जैसी गतिविधियों के माध्यम से योग्य कैडेटों का चयन किया जाएगा, जो आगामी इंटर ग्रुप प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर कैंप कमांडेंट 7 वी सीजी बटालियन के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल लोकेश देवा ने कहा, एनसीसी केवल प्रशिक्षण नहीं, यह जीवन का संस्कार है। यह अनुशासन, समर्पण एवं नेतृत्व के गुणों को विकसित करता है। इस अवसर पर बटालियन के कैंप एजुटेन्ट एसपी श्रीवास, एनसीसी अधिकारी अशोक नागपुरे, रंजू शर्मा, हेमंत सिंह, नवीन सिरस्वार,पार्वती कौशिक, रोहित लहरे, सूबेदार मेजर नरेश कुमार, सूबेदार ब्रिज मोहन, सूबेदार परमिंदर सिंह, नायब सूबेदार लाल सिंह, बीएचएम दीपक इन सभी अधिकारियों के मार्गदर्शन में कैंप प्रारंभ किया गया।

### सुनील कुमार यादव को पीएचडी अवार्ड

**बिलासपुर,** 16 जून (देशबन्धु)। डॉ. सी.वी.रामन विश्वविधालय कोटा रोड बिलासपुर से सुनील कुमार यादव को पी एच डी की उपाधि प्रदान की गई है।



इनके शोध विषय स्टडी ऑन द लाइवलीहुड ऑपर्चुनिटी एंड प्रॉब्लम फेसड बाय सिल्क विवर ड्यूरिंग कोकून प्रोडक्शन इन सेरीकल्चर इंडस्ट्री विथ स्पेशियल रिफरेंस टू जांजगीर चाम्पा डिस्ट्रिक छतीसगढ़ पर प्रदान की गई। 2019 से लगातार अपने शोध कार्य को पूर्ण करने मेहनत व ईमानदारी से निरन्तर प्रयास करते रहे है। इन्होंने अपने शोध कार्य रूरल टेक्नोलॉजी के विभागाध्यक्ष गाइड डॉक्टर अनुपम तिवारी के सानिध्य में पूर्ण किया है। सुनील यादव अपने पिता सवर्गीय गुलाब सिंह यादव जी को प्रेरणा स्त्रोत मानते हुवे सफलता का श्रेय अपनी माता जी श्रीमती कमला यादव भाई श्री अनिल यादव , के साथ अपनी पत्नी रेवती यादव को देते हुवे सभी परिवार जनों व मित्रो सहपाठियों का आभार जताया है जिनके प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सहयोग प्राप्त हुवा है।

## कैट सदस्यों ने परसदा में रोपा फलदार पौधा

**बिलासपुर,** 16 जून (देशबन्धु)। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट)बिलासपुर द्वारा पितृ दिवस के अवसर पर बिलासपुर टेक्सटाइल मार्केट रामा वर्ल्ड के पास परसदा रायपुर रोड में वृक्षारोपण किया गया। बिलासपुर कैट के मीडिया प्रभारी परमजीत सिंह अनेजा ने बताया कि परसदा रायपुर में कैट सदस्यों के द्वारा गुलमोहर, अशोक ,जामुन , कदम, बादाम, कटहल, अमरूद के फलदार और छायादार लगभग 51 पेड़ लगाए गए। जिसमे कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेन्द्र गांधी प्रांतीय उपाध्यक्ष राजू सलूजा, बिलासपुर के अध्यक्ष किशोर पंजवानी, महामंत्री हीरानंद जयसिंह, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुशील छाबड़ा, संगठन मंत्री परमजीत उपवेजा, सहकोषाध्यक्ष विष्णु गुप्ता एवं टीम, कैट महिला टीम से प्रतिज्ञा सिंह, किरण सिंह, श्रीराम कपड़ा मार्केट के अध्यक्ष अमरजीत टुटेजा एवं बिलासपुर टैक्सटाइल मार्केट के सदस्य व्यापारीगढ़, जवाहर सराफ, श्री राव, दिनेश मूंदड़ा मुख्य रूप से उपस्तिथ थे। साथ ही साथ कार्यक्रम में विशेष हीरानंद जयसिंह ने अपनी बिटिया कृतिका जयसिंह, आशीष अग्रवाल ने अपनी बेटियों तनिष्का अग्रवाल और पलक अग्रवाल एवं प्रतिज्ञा सिंह ने अपनी बिटिया मृणालीनी सिंह के साथ वृक्षारोपण किया। उक्त जानकारी कैट के मीडिया प्रभारी परमजीत सिंह ने दी है।



## उसकी देन कमेटी के सर्वसम्मति से सदर बने युसूफ हुसैन बंटी

### जिले की सबसे बड़ी और पुरानी कमेटी है उसकी देन

**बिलासपुर,** 16 जून (देशबन्धु)। बिलासपुर मुस्लिम समाज में अपना वर्चस्व रखने वाली शहर की सबसे पुरानी उसकी देन कमेटी को नया सदर (अध्यक्ष) मिल गया। पूर्व निगम सभापति शेख नजीरूदीन के निवास पर हुई बैठक में उसकी देन कमेटी के संस्थापक सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सरकार गरीब नवाज के बड़े आशिको में शुमार युसूफ हुसैन उर्फ बंटी को उसकी देन कमेटी का नया सदर मनोनीत किया गया।

बैठक में शामिल सदस्यों ने नए सदर युसूफ हुसैन को बधाई दी और फूलो की माला पहनकर उनका स्वागत किया। पूर्व सदर गय्यूर हुसैन के अस्वस्थ होने से उसकी देन कमेटी के संस्थापक सदस्यों ने उनके पुत्र युसूफ हुसैन बंटी को कमेटी का नया सदर (अध्यक्ष) बनाए जाने का प्रस्ताव बैठक में रखा जो सर्वसम्मति से हाथ उठाकर पास हुआ। पूर्व निगम सभापति शेख नजीरूदहदीन ने इस अवसर पर कहा कि उसकी देन कमेटी शहर की सबसे पुरानी मुस्लिम कमेटी है जो ईद मिलादुननबी के मौके पर शहर में निकलने वाले भव्य जुलुस का संचालन करती है,साथ ही मोहर्रम में 10 रोजा तकरीर कराने के अलावा अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करती है। इस कमेटी में अध्यक्ष

बनाए जाने को लेकर कभी कोई विवाद नहीं हुआ सदैव सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है। आज भी पुरानी परिपाटी को दोहराते हुए बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों की सहमति से युसूफ हुसैन बंटी को उसकी देन कमेटी का नया सदर चुना गया है। मदीना मस्जिद के पूर्व ईमाम मौलाना शब्बीर नूरी ने कहा कि युसूफ हुसैन बंटी हर महीने हिंद के राजा सरकार गरीब नवाज की दरगाह में हाजिरी पेश करते हैं। ख्वाजा साहब की खास नजरे करम युसूफ हुसैन बंटी पर है आज उन्हें शहर की सबसे बड़ी मुस्लिम कमेटी का सदर चुना जाना सरकार गरीब नवाज की ही अता है। नए सदर यसुफ हुसैन बंटी ने सलाम करते हुए सबका आभार जताया। अंत मे मौलाना शब्बीर नूरी ने दुआ कर बैठक समाप्त की।



बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ संस्थापक सदस्य एस ए कादिर, शेख नजीरूदीन, अबरार बाबा, सैयद सादिक अली, हाजी इकबाल, इंतेजामिया कमेटी दरगाह लुतरा शरीफ के अध्यक्ष इरशाद अली, सैयद जफर, हाजी सलीम, सैयद इंसान अली, शेख महफूज, आदिल अली, शेरू भाई, प्यारे भाई, विक्की भाई, फैजान शिबू, सिकंदर खान, मूसा भाई आदिल भाई सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।

## थाना सीपत में शिकायत समाधान शिविर,एसएसपी ने कहा जिले के सभी थानों में होगा आयोजन

### ग्राम जुहली के 55 महिलाओं को बनाया गया महिला कमांडो किया गया सम्मान , सहयोग करने वाले 10 सक्रिय बुजुर्गों को भी मिला सम्मान, चला रहे गाँव में नशा मुक्ति अभियान

**बिलासपुर,** 16 जून (देशबन्धु)। सीपत पुलिस द्वारा थाना प्रभारी गोपाल सतपथी के नेतृत्व में सोमवार को थाना परिसर में शिकायत समाधान शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह शामिल हुए। सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी द्वारा बुके भेंटकर उनका सम्मान किया गया। इस दौरान मंच पर एडिशनल एसपी (ग्रामीण) श्रीमती अर्चना झा , सीपत थाना के एसडीओपी सिद्धार्थ बघेल भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में टीआई गोपाल सतपथी ने स्वागत भाषण के साथ शिविर का उद्देश्य बताते हुए कहा कि कोई भी शिकायतों का जल्द से जल्द निपटारा करना हमारी प्रमुख प्राथमिकता है ताकि पुलिस के कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे। तथा लोगों का पुलिस से झिझक दूर हो अपनी समस्याओं को आसानी से पुलिस के समक्ष प्रस्तुत कर सके । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने जुहली की दुर्गा स्वरूप महिलाओं को एक चेतना प्रहरी का दर्जा देते हुए कहा कि आप महिला कमांडो बनकर ऐसा काम किया है जो केवल आपके गांव बल्कि जिले व प्रदेश को गौरवांवित करता है। आने वाले समय मे वनांचल ग्राम जुहली का नाम प्रदेश स्तर पर सामने आने वाला है। यह ग्राम निश्चित ही आदर्श ग्राम बनकर स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस भी एक हाथ से ताली नही बजा सकती बल्कि समाज को भी पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना होगा। उन्होंने जुहली की महिला कमांडो के जज्बे को सलाम करते हुए उनके कार्यो को जमकर सराहा। एसएसपी ने आगे कहा कि आप सिर्फ शराब ही नही बल्कि गांजा , टेबलेट हर प्रकार के नशीले पदार्थ से आने वाली पीढ़ी को दूर करें जिससे देश व प्रदेश आगे बढ़ेगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अवैध शराब को लेकर कहा कि यदि हमारे आँख के नीचे कोई नशे का करोबार कर रहा है निश्चित ही उनकी कमर तोड़ी जाएगी। अवैध शराब , कच्ची शराब की बिक्री अब बिल्कुल भी बर्दाश्त नही किया जाएगा। कानून के प्रति भी जनता को जागरूक करें , समाज मे जागरूकता लाना बहुत बड़े अपराधों को रोकना होता है। उन्होंने सामुदायिक पुलिसिंग , संगठित अपराध के बारे में भी उपस्थित जनता को जागरूक किया। एसएसपी ने जुहली की महिला कमांडो को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी अलख आप ग्रामीण क्षेत्रों में भी जगाएं । इसके साथ ही थाना के पुलिसकर्मियों को भी इन महिलाओं की प्रेरणा को गांव गांव तक पहुंचाने एवं नही मानने वालों के ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की बात कही। अंत मे जिले के पुलिस कप्तान ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी अपने बच्चों को बेहतर को बेहतर शिक्षा दें , उन्हें गलत आदतों से दूर रखें , मोबाइल से दूर रखें जिससे वे पढ़ाई में ध्यान दें और आगे चलकर समाज , देश का नाम रौशन कर सकें। एडिशनल एसपी (ग्रामीण) अर्चना झा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जैसे आप अपने बच्चों को सही संस्कार व दिशा देते है वैसे अपने परिवार व समाज को भी सही दिशा प्रदान करें। क्योंकि घर की नारी जब आगे बढ़ती है तो समाज संस्कारवान बनता है। महिला जब एक कदम आगे बढ़ाती है तो गांव की सुरक्षा निश्चित हो जाती है। आप नारी सशक्तिकरण की साक्षत स्वरूप है। उन्होंने कहा कि निश्चित ही एसएसपी के मार्गदर्शन में दिखाई गई चेतना आज जमीनी स्तर पर दिख रही है। अब यह चेतना हर व्यक्ति के अंतर्मन में जाग रही है। आप सभी नशे को लेकर जागरूक हो। महिलाओं को आगे बढ़ाएं , उन्हें सहयोग व सम्मान प्रदान करें ताकि वो अपने लक्ष्य तक आगे बढ़ सके व क्षेत्र को नशामुक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।




इससे पूर्व वनांचल ग्राम जुहली की आदिवासी महिला विष्णु देवी सारथी , दुखनीबाई मरकाम ने पुलिस कप्तान को बताते हुए कहा कि बाहर से आने वाले व्यक्तियों को यदि छोड़ दिया जाए तो अब हमारा ग्राम पूर्ण रूप से नशामुक्त ग्राम बन चुका है चाहे तो आप जाकर देख सकते हैं। इसके लिए हमको न दिन दिखा न रात , लगभग 300 महिलाएं लाठी लेकर निकले तब यह संभव हो सका। कांग्रेस नेता प्रमोद जायसवाल ने खांडा के ग्रामीणों के साथ मिलकर वहां बड़ी मात्रा में बन रहे अवैध शराब को शीघ्र ही बंद कराने एसएसपी को आवेदन दिया। इस अवसर पर जुहली ग्राम को नशामुक्त बनाने वाली महिला कमांडो को एसएसपी रजनेश सिंह , एडिशनल एसपी (ग्रामीण) अर्चना झा , सीपत थाने के एसडीओपी सिद्धार्थ बघेल के अलावा उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने आदिवासी गमछा , सुरक्षा के लाठी , सिटी देकर सम्मानित किया गया। शिविर में कुल 18 आवेदन मिले .इस दौरान प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र धीवर , जनपद सभापति मनोज खरे , सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार , भाजपा नेता तामेश्वर कौशिक , वरिष्ठ कांग्रेसी प्रमोद जायसवाल , जनपद सदस्य रेवाशंकर साहू , निरतु सरपंच मुरली मनोहर बिंद , रांक सरपंच विक्रम प्रताप , पंधी सरपंच वीरेंद्र साहू , एमललाल साहू , तानाजी बांकरे , भागीरथी पोरते , लुतरा सरपंच चंद्रमणि मरावी , गुड़ी सरपंच दुर्गा साहू , जुहली सरपंच चन्देश्वरी त्रिभुवन पोरते , जुहली सरपंच चंद्रवती पोरते , धनियां सरपंच दुष्यंत यादव सहित बड़ी संख्या में 72 गांवों के ग्रामीण उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में सीपत के सभी पुलिस के जवानो का विशेष योगदान रहा।

## सार-संक्षेप



### अनंत हैं समस्याएं, जनदर्शन में आए 116 आवेदन

**कोरबा,** 16 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर जनदर्शन में आज कलेक्टर अजीत वसंत ने आमनागरिको की समस्याओं को सुना। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को सम्बंधित अधिकारियों को प्रेषित कर समय-सीमा के भीतर निराकरण के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में कुल 116 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर जनदर्शन में आज आधार कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, नये स्कूल-आंगनबाड़ी भवन, नौकरी दिलाने, अतिक्रमण हटाने, मुआवजा दिलाने, सीमांकन, पट्टा, खाता विभाजन, रोजगार, उपचार हेतु सहयोग नक्शा बटांकन, आर्थिक सहायता, स्कूल फीस माफ करने, पेंशन आदि के आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निराकरण के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग और अपर कलेक्टर मनोज बंजारे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### सिमकेंदा में वज्रपात से सहायिका की मौत, 2 महिलाएं झुलसी

**कोरबा,** 16 जून (देशबन्धु)। खराब मौसम के बीच वज्रपाज की घ्ज्ञटना में सिमकेदा में एक आंगनबाडत्र्ी सहायिका मौत हो गई जबकि दो महिलाएं झुलस गईं उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।श्यांग थाना क्ष्ेत्र में यह घटना रविवार को दोपहर करीब 3 बजे हुई जब एक ही परिवार की तीनों महिलाएं सहित करीब 6 लोग अपने खेत में फसलों के लिए खाद डालने व खेत में कचरा साफ करने गई थीं। खेत में काम करने के दौरान मौसम बिगड़ने लगा तो जल्दी काम खत्म कर घर लौटने की तैयारी में थीं लेकिन हुआ कुछ और। जहां ये लोग काम कर रहे थे,वहीं खेत में एकाएक बिजली गिरी और तीनों महिलाएं चपेट में आ गईं। इस घटना में मृतका मदनमती पति उत्तम राठिया उम्र 36 वर्ष,आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 सिमकेन्दा में सहायिका कार्यरत थी। उसके 4 बच्चों के सिर से मां का आँचल छिन गया। इसी तरह फिरोबाई पति चन्द्रा राठिया उम्र 38 वर्ष गाज से झुलस गई है। इनका उपचार धरमजयगढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। अन्य झुलसी महिला की हालत ठीक है।



### नपा बांकी में संदिग्ध गतिविधियां, भाजपा पार्षद ने जांच की मांग की

**कोरबा,** 16 जून (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अपने कार्यों को लेकर कुछ दिनों से सुर्खियों में है। अब किसी और ने नहीं बल्कि विधायक प्रतिनिधि लक्खू शर्मा ने सीएमओ से कहा है कि यहां रात्रि में हो रही संदिग्ध गतिविधियों की जांच कराई जानी चाहिए। सीएमओ को शर्मा ने एक पत्र लिखा है जिसमें कहा गया कि 12 जून की रात्रि 7 से 10 बजे तक अज्ञात लोगों के द्वारा नगर पालिका कार्यालय बांकीमोंगरा में कार्य किया जा रहा था। जबकि सामान्य तौर पर जनता के लिए कार्यालय का समय 5 बजे तक का है। विशेष परिस्थिति में ही अधिकारी यहां काम कर सकते हैं। आशंका जताई गई है कि 12 जून को नगर पालिका में संदेहास्पद कार्य किया गया होगा। ऐसा भी हो सकता है कि कुछ दस्तावेजों से छेड़छाड़ की गई होगी। संबंधित लोग कौन थे और इनका उद्देश्य क्या था, इसकी जांच जरूरी है। शर्मा ने कहा कि 12 जून की रात तीन घंटे की अवधि का सीसीटीवी फुटेज के साथ मामले की जांच कराई जानी चाहिए।

### सीपीआई का आरोप- सरकार शराब दुकान खोलने में व्यस्त

**कोरबा,** 16 जून (देशबन्धु)। भारतीय महिला फेडरेशन छत्तीसगढ़ की राज्य सह सचिव कामरेड विजयलक्ष्मी चौहान एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला कोरबा के सचिव कामरेड पवन कुमार वर्मा ने कहा कि सरकार को शिक्षा और स्वास्थ्य के कहीं ज्यादा शराब में रुचि है। प्रदेश में 10,463 स्कूल बंद कर नई शराब दुकानें खोली जा रही हैं। महिला संगठन, सीपीआई की मुख्य मांग है कि शराब दुकान खोलने की नीति तत्काल रद्द की जाए। बंद किए गए स्कूल दोबारा शुरू किए जाएं। स्वास्थ्य और रोजगार पर प्राथमिकता के साथ निवेश हो। हसदेव क्षेत्र में पेड़ों की कटाई पर तत्काल रोक लगाया जाये। कोरबा जिले के सभी तालाबों की साफ सफाई एवं पानी भराव की व्यवस्था किया जाए। कोरबा जिले के दूषित वातावरण के कारण आम जनजीवन को सांस लेना मुश्किल हो रहा है इसका एक मुख्य कारण राखड का परिवहन ट्रको से किया जाना है, उसे बलकर कैप्सूल से परिवहन किया जाए।

### पोड़ीबहार में मेयर ने किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण




**कोरबा,** 16 जून (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्रमांक 29 (नवीन वार्ड क्रमांक 32) पोड़ीबहार मोहल्ला स्थित सामुदायिक भवन परिसर में 16 लाख से निर्मित नए सामुदायिक भवन का लोकार्पण एक समारोह में महापौर संजूदेवी राजपूत ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन व सभापति नूतन सिंह ठाकुर विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम में अजय गोंड़ सदस्य, श्रीमती ममता यादव, पार्षद नरेंद्र देवांगन, श्रीमती चंद्रकाली जायसवाल,अशोक चावालानी, चंद्रलोक सिंह, पंकज देवांगन, प्रताप सिंह कंवर, राकेश वर्मा, गणेशराम मेहरा, मनोहर वस्त्रकार, अनिल वस्त्रकार उपस्थित थे। इस भवन का निर्माण स्थानीय नागरिकों की सामूहिक मांग के अनुरूप किया गया है, जो अब क्षेत्र में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए एक उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधियों और समाज के गणमान्यजनों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी भव्य बनाया।

# जिले में 17 करोड़ से बदलेगा 108 शालाओं का कलेवर

## शिक्षा व्यवस्था को संजीवनी मिलेगी डीएमएफ से



**कोरबा,** 16 जून (देशबन्धु)। शिक्षा और स्वास्थ्य को सरकार ने प्राथमिकता क्रम पर रखा है। भारत का भविष्य गढ़ने के लिए बच्चों की शिक्षा जरूरी है। भवन अच्छे होंगे तो व्यवस्था भी बेहतर होगी। इसी इरादे से जिला प्रशासन ने कोरबा जिले में 108 सरकारी स्कूलों का कलेवर बदलने तय किया है। 17 करोड़ 8 लाख रुपए इस पर खर्च होंगे। इसे मंजूरी दे दी गई है।

खबर के अनुसार शिक्षा व्यवस्था को संजीवनी देने के लिए डिस्ट्रिक्ट मिनरल्स फंड का उपयोग किया जाना है। प्रशासकीय समिति ने शिक्षा मामले को ध्यान में रखते हुए 108 स्कूलों के मामले में अपनी स्वीकृति दी। बताया गया कि पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत चोढ़ा के अंतर्गत ग्राम भदरापारा छिंदपानी, भादाकछार छिंदपानी, तालाबपारा, छिंदपानी, ग्राम पंचायत पोटापानी अंतर्गत बरहामुड़ा, ग्राम पंचायत भण्डारखोल अंतर्गत जरमौहा, लाफा के गोंदिलहापारा, कोरबी के झालापारा, बड़ेबांका के कटेलपारा में नवीन प्राथमिक शाला, ग्राम पंचायत कोरबी, नोनबिर्रा, ग्राम पंचायत पोड़ी में पुराना भवन विनिष्टीकरण सहित नए माध्यमिक शाला भवन निर्माण हेतु 16 लाख 60 हजार की राशि स्वीकृत किए गए है।

पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के खिरटी पंचायत के रनईपारा, ग्राम पंचायत परला के ललमटटापारा, ग्राम पंचायत सारिसमार के बंशीपेन्द्रो में एवं ग्राम पंचायत सरभोका के आश्रम में नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण हेतु 15-15 लाख, ग्राम पंचायत मेरई अंतर्गत मुडमिसिनी, पचरा के नदियापार, मानिकपुर के शाहीपुर, खिरटी के पण्ड्राआमा, कोडगार के महादेवपारा, ग्राम पंचायत पसान के गोलाबहरा, दर्रीपारा, बालमपुर, पोड़ीकला के पोड़ीपारा, बरदापखना, सैला के पथराडांड, अडसरा के घाघरा, रानीअटारी, जटगा के बरेलियापारा, मेरई के ठाकुरदईयापारा, साखो के बरभांठा, मदनपुर के कोदवारीपारा, कटोरीनगोई के कुकरीकाडर, कोडगार के पहाड़पारा, घुंचापुर के लालपुर, मोरगा के जूनापारा, भुलसीभवना, गुड़रूमुड़ा के कोड़ा, धजाक के जामबहार, मिसिया के करमीपारा, सिंधिया के कर्रा, ग्राम पंचायत केन्दई के केन्दई व आश्रित ग्राम रामभांठा, टिहलीसराई, पचरा के खुरूभांठा, लेपरा के नानलेपरा, सिर्री के बांधपारा, लैंगी के मोहनपुर में ग्राम पंचायत लाद, ग्राम पंचायत अटारी में पुराना भवन विनिष्टीकरण व नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण के लिए प्रत्येक संस्थान हेतु 15 लाख 65 हजार रुपए दिए जाएंगे। कुछ जगह पुराने भवन नष्ट कर नए भवन बनाए जाने हैं। इन पर 16 लाख 60 हजार की लागत आएगी। जबकि ग्राम पंचायत सुतर्रा व अमलडीहा में नवीन माध्यमिक शाला भवन निर्माण हेतु प्रत्येक संस्थान के लिए 15 लाख 85 हजार मंजूर किए गए हैं। जिले के कटघोरा और करतला विकासखंड में भी कई ऐसे विद्यालय भवनों के सुधार व निर्माण हेतु राशि स्वीकृत की गई है।

# गंदा इशारे ने बिगड़ैल युवक को पहुंचाया जेल

**कोरबा-रजगामार,** 16 जून (देशबन्धु)। कोरबा क्षेत्र में बिगड़ैल युवकों के दिन अब अच्छे नहीं चल रहे हैं। उन्हें कोई और नहीं बल्कि युवतियां सबक सिखा रही हैं। राह चलते भद्दे कमेंट और इशारे करने पर एक युवती ने युवक का वीडियो बनाया और इसकी शिकायत की। पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर युवक को पकड़ कर जेल भेज दिया।



रजगामार चौकी प्रभारी लक्ष्मण खूंटे ने बताया कि मामले की पीड़िता ने अपने परिवार के सदस्य के साथ 14 जून को चौकी में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 11 जून को कोरबा से रजगामार अपने घर आते समय डुमरडीह पुल के आगे एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से तेजी पूर्वक चलाकर स्कूटी के सामने लाकर खड़ा कर अश्लील हरकत इशारा कर अश्लील टीका-टिप्पणी करने लगा। पीड़िता ने पूरे घटना का वीडियो बनाया जो सोशल मीडिया मे वायरल हो गया। वायरल वीडियो को कोरबा पुलिस ने शीघ्र ही गंभीरता से लेते हुए मोटरसाइकिल सीजी12 एएल 1249 व वीडियो के व्यक्ति मोटरसाइकिल मालिक (चालक) राजकुमार राठिया पिता उजित राठिया 24 साल, निवासी ग्राम घोटमार थाना करतला की तलाश कर हिरासत में लिया। रजगामार चौकी में पंजीबद्ध अपराध धारा 75 (2),78(2),79 बीएनएस में आरोपी राजकुमार राठिया को गिरफ्तार किया। मोटरसाइकिल को मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 183(1), 196(2) के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए जप्त किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

## सुरक्षा नियमों की मजबूती पर दिया जा रहा जोर

**कोरबा,** 16 जून (देशबन्धु)। बालको ने सुरक्षित कार्यस्थल की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए डिजिटलीकरण, सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करने के साथ ही कर्मचारियों एवं परिवहन भागीदारों में सुरक्षा के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को भी प्रोत्साहित किया है। पूरे प्लांट में मासिक चर्चा एवं जागरूकता कार्यक्रम सुरक्षा संस्कृति को और मजबूती प्रदान करती हैं। एआई-संचालित निगरानी प्रणालियों तथा डिजिटल सुरक्षा डिस्प्ले के सहयोग से जोखिमों की पहचान तथा सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित कर कंपनी के शून्य-हानि दर्शन की प्रतिबद्धता को मजबूत किया है।



कंपनी औद्योगिक विकास के साथ कर्मचारियों की सुरक्षा तथा भलाई के प्रति भी पूरी तरह समर्पित है। सुरक्षित कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण सत्र और सेमिनार आयोजित किये हैं। इसका उद्देश्य संयंत्र परिसर में कार्यरत विभिन्न परिवहन भागीदार के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ाना था। कोयला एवं ऐश के परिवहन से जुड़े 50 से अधिक ट्रांसपोर्ट भागीदारों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। परिवहनकर्ताओं को महत्वपूर्ण सड़क सुरक्षा उपायों से अवगत कराया गया तथा उन्हें सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुपालन के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# राधासागर तालाब बन रहा लोगों के लिए उपयोगी

## नगर पालिका ने शुरु कराया सुधार कार्य

**कोरबा-कटघोरा,** 16 जून (देशबन्धु)। काफी समय से सुधार की आवश्यकता महसूस कर रहे राधासागर तालाब को संवारने के लिए औपचारिक कोशिश की गई है। नगर पालिका परिषद कटघोरा ने इस दिशा में मानसून की सक्रियता से पहले काम प्रारंभ किया। जोर इस बात पर दिया जा रहा है कि विशेष रूप से तालाब के उस हिस्से की साफ-सफाई कराई जाए जहां लोगों की पहुंच होती है और वे निस्तार करते हैं।



कटघोरा में राधासागर तालाब की पहचान प्राचीन स्थान के रूप में है। कई पीढ़ियों से लोग इसका उपयोग करते आ रहे हैं। अच्छी बात यह है कि 12 महीने इसमें पानी की उपस्थिति होती है। नहाने-धोने के साथ-साथ मांगलिक कार्यों के लिए इसकी उपयोगिता सुनिश्चित होती है और यही सब इसे एक अलग पहचान देते हैं। अलग-अलग कारणों से तालाब की स्थिति के सामने कई चुनौतियां आईं। बीते वर्षों में आवश्यक काम नहीं होने से यहां समस्याओं में विस्तार हो गया। मौजूदा स्थिति में तालाब का उपयोग करने में लोगों को दिक्कत हो रही है। अलग-अलग माध्यम से नगर पालिका प्रशासन तक यह बात पहुंची। नगर पालिका ने जन महत्व से जुड़े विषय को गंभीरता से लिया और सुधार को लेकर काम करना तय किया। सोमवार से यहां की सफाई शुरू कराई गई है। प्रयास यही है कि राधासागर तालाब के घाटों के आसपास अपशिष्ट और अन्य सभी प्रकार की गंदगी को हटाया जाए। साफ-सफाई इतनी कर दी जाए कि लोगों को यहां पहुंचने के बाद परेशानी न हो और वे सहज तरीके से निस्तार कर सके। नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल ने देशबन्धु को बताया कि तालाब की सफाई जनता से जुड़ा विषय है इसलिए हमने इसे ध्यान में रखा। इस काम पर अधिकतम खर्च कितना आएगा, यह इस्टीमेटेड नहीं है। प्राथमिकता के साथ काम को प्रारंभ कराया गया है। नगरीय निकाय विभाग से आगे व्यवस्था बनाएंगे। नगरीय क्षेत्र में कई कार्य कराए जाने हैं। फील्ड का प्रबंधन कराने के लिए प्रदेश सरकार से लगातार पत्राचार किया जा रहा है।

# शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था होगी 30 जून तक एकल शिक्षकीय स्कूलों में

कोरबा, 16 जून (देशबन्धु)। शिक्षा सत्र 2025-26 की शुरुआत के साथ ही जिले में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के 90 एकल शिक्षकीय स्कूलों में रिक्त शिक्षक पदों को 30 जून तक भरने का लक्ष्य रखा गया है।




जिला शिक्षा अधिकारी तामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि जिले के सभी एकल शिक्षकीय स्कूल ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां विभिन्न कारणों से शिक्षकों की कमी बनी हुई है। इस समस्या के समाधान के लिए विभाग ने स्थिति का आकलन कर उच्चाधिकारियों को जानकारी भेजी है। अगले 15 दिनों में इन स्कूलों में अतिरिक्त शिक्षक पद भरे जाएंगे। उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के लिए दिशा-निर्देश प्राप्त हो चुके हैं। कोरबा जिले के जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) के माध्यम से शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। इस प्रक्रिया में पहले से कार्यरत अतिथि शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी, साथ ही अन्य विकल्पों पर भी विचार किया जाएगा। उपाध्याय ने विश्वास जताया कि शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता से इन स्कूलों की शैक्षणिक स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने कहा, शिक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारा प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। स्थानीय अभिभावक रामकुमार साहू ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा, एकल शिक्षकीय स्कूलों में शिक्षकों की कमी से पढ़ाई प्रभावित होती थी। अब भर्ती होने से बच्चों का भविष्य संवरेगा। शिक्षा विभाग की इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ने की उम्मीद है। भर्ती प्रक्रिया की प्रगति पर सभी की नजरें टिकी हैं। आगे की अपेक्षा- शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि ग्रामीण बच्चों को निर्बाध शिक्षा मिल सके।

# ग्राम उत्कर्ष अभियान में मिली योजनाओं की जानकारी

**कोरबा,** 16 जून (देशबन्धु)। जनपद पंचायत पाली के मदनपुर कलस्टर में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत सोमवार को जागरूकता सह लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर का शुभारंभ जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दिलहरण कुर्मी एवं जनपद सदस्य दिलीप सिंह की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर मदनपुर, नानबांका, बड़ेबांका, डोड़की, सगुना व परपरा ग्राम पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर में पंचायत विभाग, उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई एवं मौके पर समाधान भी किया गया। शिविर में 20 ग्रामीणों के आधार कार्ड अद्यतन किए गए। 02 नए आधार कार्ड जारी किए गए।ग्राम पंचायत बड़ेबांका में मृत्यु प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही 16 ग्रामीण परिवारों का स्वास्थ्य परीक्षण स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किया गया। शिविर में अनुसूचित जनजाति परिवारों को सरकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ दिलाने के साथ ही उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया। सीईओ जनपद पंचायत पाली भूपेंद्र सोनवानी ने आभार व्यक्त किया।

## मारने की धमकी देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा,** 16 जून (देशबन्धु)। होली के दिन घर में घुसकर एक दिव्यांग महिला को मारने-पीटने की धमकी देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी अमित सोनवानी को उरगा पुलिस ने खोड्डल से गिरफ्तार किया। उसे जेल भेज दिया गया है।



उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि यह आरोपी हत्या और मारपीट के मामले में सजायाफ्ता रह चुका है। पीड़िता ने उरगा थाना पहुंचकर बताया कि आरोपी के द्वारा होली त्यौहार के 2-3 दिन पहले उसके घर पहुंचा जब वह काम कर रही थी। जबरिया आकर आरोपी ने मारने-पीटने की धमकी दी और दुष्कर्म किया। उसके बाद कई बार इस प्रकार की घटना को अंजाम दिया। 15 जून को भी उसके द्वारा ऐसी हरकत की गई। उसने कहा कि अगर इसकी जानकारी किसी को दी तो उसे और परिवारजनों को खत्म कर दूंगा। पुलिस ने इस मामले में धारा 333, 296, 351 (3), 115 (2), 64 (2) कायम किया। पीड़िता की मां का भी कथन इस मामले में लिया गया। बताया गया कि प्रकरण में वेजाइल सीमेन स्लाईड प्रिजर्व कर परीक्षण कराने की सलाह डॉक्टर ने दी है। प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार किया गया जिसमें उसने अपराध करना कबूल किया। इस मामले में थाना प्रभारी राजेश तिवारी के साथ एएसआई संतराम सिन्हा, बसंत भैना, रामू कुर्मी, नितेश तिवारी, शांतनु राजवाड़े, महिला आरक्षक अनुराधा कंवर, उमेश कुमार ने सहयोग किया।

## उत्पीड़न की शिकायत करने 24 घंटे खुली रहेगी हेल्पलाईन

**कोरबा,** 16 जून (देशबन्धु)। भारत शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित महिला हेल्पलाईन टोल फ्री नंबर 181 पीडित महिलाओं की सहायता हेतु 24 घंटे 7 दिवस संचालित है। पीड़ित महिला, अपातकालीन सेवा हेतु सखी वन सेन्टर, महिला हेल्पलाईन टोल फ्री नंबर 181 एवं डायल 112 पुलिस के माध्यम से घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, शोषण, यौन हमला आदि मुद्दों पर सुरक्षा, संरक्षण एवं सहायता प्राप्त कर सकती है। आपकी सखी एप्प के माध्यम से आवेदिका/आवेदक द्वारा ऑनलाईन शिकायत दर्ज होने पर सखी वन स्टॉप सेन्टर द्वारा त्वरित कार्यवाही एवं महिलाओं की गोपनीयता बनाए रखते हुए आवश्यकतानुसार सहायता प्रदान की जाती हैं। जिसमें कानूनी सहायता, पुलिस सहायता, चिकित्सा सेवाएं, मनोवैज्ञानिक परामर्श, अस्थाई आश्रय सेवाएं दी जाती है।

## नहीं बदला केबल, साल भर से पहरीपारा लो-वोल्टेज के शिकंजे में

**कोरबा-बरपाली,** 16 जून (देशबन्धु)। कोरबा जिले के रामपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरपाली- पहरी पारा के ग्रामीण विगत एक वर्ष से समस्या से जूझ रहे हैं। विद्युत वितरण विभाग के कनिष्ठ यंत्री को ग्राम पंचायत बरपाली के वार्ड 15 पहरीपारा के लोगों ने लो वोल्टेज की समस्या बताई लेकिन कुछ नहीं हुआ। वहां के लोग अब कार्यालय का घेराव करने के मूड में हैं।



लोगों ने शिकायत में बताया कि बरपाली के वार्ड 15 पहरीपारा में पिछले एक वर्ष से केबल फेल होने के कारण और वोल्टेज डाउन होने से बिजली के उपकरण पंखा, कूलर, बोर मशीन कुछ भी ठीक से नहीं चल पा रहे हैं जिससे मोहल्ले वासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बिजली विभाग में केबल बदलने व वोल्टेज बढ़ाने हेतु कई बार मौखिक व लिखित शिकायत की है लेकिन बिजली विभाग द्वारा अभी तक केबल नहीं बदला गया जिससे आम जनता काफी परेशान और आक्रोशित हैं। बिजली विभाग के मनमानी पूर्ण रवैये के कारण पूरी गर्मी का मौसम बीत गया तथा अब बरसात में बिजली गुल की समस्या रहेगी जिससे और भी परेशानी बढ़ेगी। ग्रामवासियों का कहना है कि अब यदि हमारी समस्या का समाधान नहीं हुआ अर्थात केबल नहीं बदला गया और वोल्टेज की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो हमारे द्वारा बिजली आफिस का घेराव किया जाएगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग के जेई की होगी।

# मानसून में बाधित न हो कोयला उत्पादन, सीएमडी ने गेवरा का किया दौरा

## अधिकारियों से सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी ली

कोरबा, 16 जून (देशबन्धु)। जिले में संचालित कोयला खदानों से बारिश में भी बेहतर उत्पादन होना चाहिए, यह कंपनी की नीति है। एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने कोरबा स्थित गेवरा मेगा परियोजना का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने परियोजना के विभागीय और संविदा खदानों का निरीक्षण कर कोयला उत्पादन की प्रगति और सुरक्षा प्रबंधों की गहन समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान श्री दुहन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उत्पादन के साथ-साथ सुरक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में सुरक्षा मानकों से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। कोयला उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ कार्यस्थल की सुरक्षा और कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखना कंपनी की प्राथमिकता है। श्री दुहन ने आगामी मानसून सीजन को देखते हुए परियोजना में की जा रही तैयारियों का भी जायजा लिया।




उन्होंने अधिकारियों को बारिश के मौसम में सुचारू संचालन बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। जल निकासी, ढलानों की सुरक्षा, मशीनरी की तैयारी तथा कर्मचारियों की सुरक्षा के मद्देनज़र ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर एसईसीएल के कई वरिष्ठ अधिकारी, परियोजना प्रभारी, तकनीकी स्टाफ और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। श्री दुहन ने खदान क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए वहां कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों से सीधे संवाद भी किया तथा उनकी समस्याओं और सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना।

## सार-संक्षेप



### नए शैक्षिक सत्र के पहले दिन जिला शिक्षा अधिकारी का सघन निरीक्षण अभियान

**एमसीबी** , 16 जून (देशबन्धु)। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हुआ, वैसे ही जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने शालाओं में सघन निरीक्षण कर अपनी सक्रियता और सजगता का परिचय दिया। उन्होंने शासकीय हाई स्कूल पिपरिया, पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिपरिया, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय शासकीय बेलबहरा, शाला जामपारा (बरबसपुर), पूर्व माध्यमिक विद्यालय कमलडाड़, शासकीय प्राथमिक शाला डोमनापारा एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय डोमनापारा का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025 की विस्तारपूर्वक जानकारी दी और शिक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रवेश उत्सव को उत्साह और रचनात्मकता के साथ मनाया जाए। उन्होंने नए विद्यार्थियों को समय पर पाठ्यपुस्तकों का वितरण सुनिश्चित करने के लिए, स्कैनिंग प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से लागू करने की बात कही। विद्यालय परिसर की स्वच्छता, शिक्षकों की समय पर उपस्थिति और कक्षा संचालन की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी छात्र को शिक्षा से वंचित न रहने दिया जाए और शिक्षकों की ओर से शिक्षा के प्रति किसी प्रकार की लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र पांडे एवं संकुल प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल पिपरिया एवं डॉ. विनोद पांडेय भी उपस्थित रहे और पूरे निरीक्षण कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी के साथ समन्वय बनाते हुए सक्रिय भूमिका निभाई।

### कलेक्टर ने रायगढ़ जिले से दो लोगों को 1 साल के लिए किया जिला बदर

**विशाल सिंह और पवन प्रजा हुए रायगढ़ से जिला बदर**

**रायगढ़**, 16 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने दो लोगों को रायगढ़ जिले से जिला बदर कर दिया है। उनके द्वारा जारी आदेश के मुताबिक विशाल सिंह, आ.रणधीर सिंह, उम्र-22 वर्ष, निवासी-ग्राम रेलवे बंगलापारा, रायगढ़ और पवन प्रजा, आ.दुकालू प्रजा, उम्र-28 वर्ष, निवासी-ग्राम विजयपुर थाना चक्रधरनगर, रायगढ़ इन दोनों को एक साल की अवधि के लिए रायगढ़ से बाहर जाने के आदेश दिए गए हैं। आदेश का पालन नहीं होने पर वैधानिक कार्रवाई किया जाएगा। जिला बदर किए गए दोनों लोगों को रायगढ़ जिले के साथ ही रायगढ़ की सीमा से लगे अन्य जिला क्षेत्रों से भी बाहर जाने के लिए आदेशित किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम-1990 की धारा 3 एवं धारा 5 (क) एवं (ख) के तहत दिनांक 12 जून 2025 को पारित आदेश के अनुसार कलेक्टर न्यायालय के दाण्डिक प्रकरण क्रमांक 02/2023 के तहत विशाल सिंह आ.रणधीर सिंह और प्रकरण 18/2023 के अनुसार पवन प्रजा आ. दुकालू प्रजा को यह आदेश दिया जाता है कि वे 24 घंटे के अंदर जिला रायगढ़ तथा समीपवर्ती राजस्व जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, बलौदाबाजार, महासमुन्द, जांजगीर-चाम्पा, कोरबा एवं जशपुर जिले के क्षेत्र से एक वर्ष की अवधि के लिए बाहर चले जावे और जब तक यह आदेश लागू रहेगा, बिना वैधानिक पूर्वानुमति के आपको इस जिले में एवं उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। यह आदेश का तुरंत पालन किया जाए, पालन न करने पर आपके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### कलेक्टर जनदर्शन में आम जनता की सुनीं समस्याएं



**अधिकारियों को तय समय-सीमा में निराकरण के निर्देश**

**अम्बिकापुर**, 16 जून (देशबन्धु)। जिला प्रशासन द्वारा आम जनता की समस्याओं और मांगों के त्वरित समाधान के हेतु साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने मांग और शिकायत को लेकर आवेदन किया। कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने जनता की बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर जनदर्शन में अनुकंपा नियुक्ति, भूमि सीमांकन, जमीन बटवारा, हैण्ड पम्प खनन, पेंशन भुगतान, वन अधिकार पत्र की स्वीकृति, नहर में भूमि अधिग्रहण की मुआवजा दिलाने बावत जैसी मूलभूत सुविधाओं की समस्याएं तथा राजस्व विभाग से संबंधित अनेक आवेदन प्राप्त हुए। सभी विषयों को कलेक्टर ने ध्यानपूर्वक सुना और अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से तलब कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री भोसकर ने जनदर्शन में संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि, लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए, ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। प्रत्येक नागरिक के आवेदन की तत्परता और पारदर्शिता के साथ निपटान किया जाए। जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में दूरदराज से आने वाले ग्रामीणों की सुविधा के लिए चना, गुड़ और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे आवेदक ग्रामीणों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुनील नायक, अमृत लाल ध्रुव, रामसिंह ठाकुर, सभी एसडीएम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# मोदी के नेतृत्व में भारत फिर से बनेगा विश्वगुरु

**संकल्प से सिद्धि तक के प्रोफेशनल मीट में कार्यकर्ताओं में मंत्री श्याम बिहारी ने भरा जोश, देश के अंतिम छोर तक योजनाओं के प्रचार का दिलाया संकल्प**

**दुनिया की ग्यारहवीं इकोनॉमी 2025 में चौथी रैंक पर पहुंची, वर्तमान जीडीपी ग्रोथ 2047 के विकसित भारत की ओर अग्रसर**

**एमसीबी/चिरमिरी**, 16 जून (देशबन्धु)। विकसित भारत की परिकल्पना का आधार, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमृत काल में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल में सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने, संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम अंतर्गत चिरमिरी के बड़ा बाजार अग्रवाल भवन में भारतीय जनता पार्टी ने प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया। इस विशेष कार्यक्रम में मुख्य वक्ता और अतिथि के रूप में पधारी जांजगीर चांपा की सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े सहित छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, जिलाध्यक्ष एमसीबी, भारतीय जनता पार्टी श्रीमती चंपा देवी पावले मौजूद रही। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के बाद हुई, इसके बाद प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि समेत कई वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल में देश हित में लिए गए निर्णय और योजनाओं को देश के कोने कोने में पहुंचाने के संकल्प को स्वयं की जिम्मेदारी बताया, इस दौरान जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले ने महिला सशक्तिकरण का उदाहरण पेश किया, उन्होंने कहा कि 2014 के पहले देश की महिलाएं घरों में डरी, सहमी रहती थी लेकिन आज हम गर्व से कह सकते है कि अब महिलाएं डरती नहीं है बल्कि बराबरी में काम कर रही है, देश के विकास में अपना योगदान दे रही है, सेना में दुश्मनों के छक्के छुड़ाने में मर्दों से पीछे नहीं है, वे अब आत्मनिर्भर भारत में आत्मनिर्भरता की ओर है और ये सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व क्षमता और साहसिक कदम की बदौलत संभव हो पाया है और इसी को हमे जन जन तक पहुंचना है जिसके लिए आज यहां अग्रवाल भवन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि के तौर पर जांजगीर चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को एक नई दिशा दी है। श्री मोदी के 11 साल का कार्यकाल 2047 विकसित भारत बनाने के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। हम आज दुनिया के नक्शे में ताकतवर भारत के रूप में उभर रहे है पिछले दिनों आए सर्वे में आज का भारत दुनिया का चौथा बड़ा देश बन गया है जबकि 2014 से पूर्व यही रैंक भारत का ग्यारहवां था, तो आप समझ सकते है कि श्री मोदी की सोच क्या है, अभी हाल में ही हुए पुलग्राम हमले में हमारे सैनिक, जवान पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिये, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता आज दुनिया देख रही है और इसी बात को हमे गांव गांव तक पहुंचना है। इसी के लिए आज हम सब यहां इकट्ठा हुए है क्योंकि जब तक आप हम एक एक कार्यकर्ता जनता के सामने देश हित की बात नहीं करेंगे तो विरोधी इसका फायदा उठाएंगे और मिशन 2047 का सपना अधूरा रह जाएगा।

### मोदी सरकार में किसानों को

**आज की संगोष्ठी 2047 के विकसित भारत बनाने का होगा कदम**




### मिला सम्मान

स्थानीय विधायक व प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ने संकल्प से सिद्धि तक के प्रोफेशनल संगोष्ठी की शुरुआत अन्नदाताओं के जीवन स्तर में आए बड़े बदलाव से की, उन्होंने कहा कि पहले कई राज्यों से तस्वीरें सामने आती थी कि फसल बर्बाद हो गया तो किसान ने खुदकुशी कर ली, आत्महत्या कर ली किंतु 2014 के बाद से ऐसी तस्वीरें आना बंद हुई है, इसके पीछे मोदी सरकार की तीन बड़ी योजनाएं शामिल है। इनमें फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि और 3100 रुपए समर्थन मूल्य, इससे ना सिर्फ किसानों की आय में बढ़ोत्तरी हुई है बल्कि किसानों को उनका सम्मान भी वापिस मिला है, अकेले छत्तीसगढ़ में ही एक किसान 3 से लेकर 11 लाख रुपए सिर्फ धान बेचकर कमा रहा है।

श्री जायसवाल ने आगे कहा कि आप लोगों को मालूम होगा कि हमारा भारत विश्व गुरु था, भारत अध्यात्म, व्यापार, शिक्षा का बड़ा केंद्र रहा है, भारत का मनुष्य ही नहीं बल्कि नदी, नाले, संस्कृति, पहाड़, पेड़ पौधे, मिट्टी सब जानते है कि भगवान राम का जन्म यहां हुआ है, ऐसे देश में भगवान राम के जन्मस्थली को प्रमाणित करने में 500 साल लग गए, यह कार्य भारत की आस्था से जुड़ा था यह भी मोदी जी के कार्यकाल में ही संभव हो पाया और इसी तर्ज पर विकसित भारत 2047 का लक्ष्य विश्व गुरु के स्थान पर एक बार फिर कायम होगा जिसके लिए इस निरंतरता को बनाए रखने के लिए आज की संगोष्ठी हो रही है, हमारी आपकी जिम्मेदारी है कि इस निरंतरता को बनाए रखने में अपना योगदान दे।

### धारा 370 हटाना मील का पत्थर था

देश में मोदी सरकार के 11 सालों के कार्यकाल को आप देखे तो अनेकों ऐसे कार्य हुए है जिसे कर पाना नामुमकिन माना जाता था, धारा 370 भारत की अखंडता और एकता के लिए हमेशा से नासूर रहा है, इसके हटते ही आप महसूस कर रहे होंगे कि उसका परिणाम क्या देखने को मिल रहा है। कहने को धारा 370 बहुत ही छोटा शब्द है लेकिन भारत के इतिहास में यह उतना ही बड़ा नासूर रहा है। यह सब मोदी जी जैसे महापुरुष की ही देन में संभव हो सका है।

### दुनिया का एक तिहाई संपदा भारत के पास था

विधायक श्याम बिहारी जायसवाल संकल्प से सिद्धि तक में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि मैने कई मंचों में इस बात का जिक्र कर चुका हु कि भारत में दुनिया का एक तिहाई संपदा मौजूद रहा है, किसी भी देश के शक्ति की गढ़ना उसके संपदा और शक्ति पर निर्भर करता है और भारत के पास दुनिया का एक तिहाई संपदा मौजूद रही है तो आप समझ सकते है कि भारत कितना शक्तिशाली रहा होगा। मुगलों ने 600 साल भारत पर राज किया है। अग्रेजों ने भारत को लूटा फिर 1947 में देश आजादी का स्वाद चखा, लेकिन उसके बाद कांग्रेस काल में भारत की स्थिति दिन प्रतिदिन साल दर साल गिरती चली गई। भाजपा 2014 में पूरे दमखम से सत्ता में आई, श्री नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने और तब से लगातार देश तरक्की कर रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत दुनिया के ग्यारहवें स्थान से चौथे स्थान पर पहुंच चुका है और वो दिन दूर नहीं जब 2047 के भारत में दुनिया का नंबर वन इकोनॉमी भारत बनेगा और फिर से विश्वगुरु का दर्जा भारत को मिलेगा तो आप सब अपने दायित्वों का निर्वहन करे और 11 साल के जन उपयोगी योजनाओं को जन जन तक पहुंचा कर अपने दायित्वों का निर्वहन करे और विकसित भारत बनाने में अपना योगदान दे। उक्त कार्यक्रम में निगम महापौर राम नरेश राय, सभापति संतोष सिंह, एमआईसी मेंबर, पार्षद, मंडल अध्यक्ष चिरमिरी, नगरपालिका अध्यक्ष मनेंद्रगढ़ श्रीमती प्रतिमा यादव सहित भारी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता और जन समुदाय उपस्थित रहे।

# 25 अतिक्रमित ठेले व शासकीय भूमि पर बने शेड हटाए गए

**अतिक्रमण पर नगर पंचायत सीतापुर, पुलिस व प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई**

**अम्बिकापुर**, 16 जून (देशबन्धु)। नगर पंचायत सीतापुर अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने वर्षों से अतिक्रमण कर लगाए गए 25 ठेलों को हटाने की कार्रवाई सोमवार को संयुक्त रूप से नगर पंचायत, पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन की टीम द्वारा की गई।

यह कार्रवाई नगर के अन्य क्षेत्रों में शासकीय भूमि पर अवैध रूप से बनाए गए शेडों को हटाने के साथ भी की गई। उक्त स्थानों पर कुछ लोगों द्वारा लंबे समय से बेजा कब्जा कर व्यवसाय संचालित किया जा रहा था,



जिससे आमजन को आवागमन में परेशानी हो रही थी एवं सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न हो रही थी। कार्यवाही के दौरान प्रशासनिक टीम ने पहले से सूचना व चेतावनी दिए जाने के बावजूद अतिक्रमण हटाने में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध सख्ती बरती और अतिक्रमण हटाकर भूमि को मुक्त कराया। नगर पंचायत सीतापुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और नगर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित तथा अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है।

इस कार्रवाई में स्थानीय पुलिस बल की मौजूदगी में सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद रही और शांतिपूर्वक ढंग से अतिक्रमण हटाया गया। ग्रामीणों एवं नगर वासियों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि इससे नगर का सौंदर्यीकरण एवं यातायात व्यवस्था बेहतर होगी।

# किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने जिला स्तरीय निरीक्षण अभियान

**अम्बिकापुर**, 16 जून (देशबन्धु)। खरीफ 2025 सीजन में किसानों को समय पर उचित मूल्य पर गुणवत्तायुक्त कृषि आदान (बीज, खाद आदि) की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में आज विकासखंड अंबिकापुर में जिला स्तरीय कृषि विभाग की टीम द्वारा बीज विक्रय करने वाले विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रमुख रूप से पान कंपनी के धान बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की गहनता से जांच की गई। विक्रेताओं द्वारा वैध अनुज्ञप्ति और श्रोत प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए गए, जिससे उनकी गतिविधियां नियम अनुसार पाई गईं। हालांकि निरीक्षण में दो संस्थानों में अनियमितताएं सामने आईं। संबंधित विक्रेताओं द्वारा किसानों को निर्धारित प्रारूप में बिक्री रसीद (बिल) उपलब्ध नहीं कराए जाने की शिकायत पाई गई, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किया गया। कृषि विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रतिष्ठानों में उपलब्ध बीज की मात्रा और बिक्री दरों की जानकारी दुकान के बाहर सूचना पटल पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए, जिससे कृषकों को सही जानकारी प्राप्त हो सके और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# डीईओ कार्यालय का कांग्रेस ने किया घेराव, युक्तियुक्तकरण में भ्रष्टाचार का आरोप

**एमसीबी** , 16 जून (देशबन्धु)। भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में किए जा रहे युक्तियुक्तकरण के विरोध में सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला शिक्षा अधिकारी ष्ठश्वह्र कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने सरकार और शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये।



कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि युक्तियुक्तकरण के नाम पर शिक्षा विभाग में व्यापक स्तर पर गड़बड़ियां की गई हैं। सूची में कई प्रकार की विसंगतियाँ सामने आई हैं, जिससे शिक्षकों और छात्रों दोनों को भारी नुकसान हो रहा है। कांग्रेस का कहना है कि इस प्रक्रिया की आड़ में अधिकारियों द्वारा मनमानी और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया गया है। प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी ने दो प्रमुख मांगें रखीं। उनमें युक्तियुक्तकरण की वर्तमान सूची को तत्काल निरस्त किया जाए और जिला शिक्षा अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग शामिल है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि इन मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन में कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्थानीय जनता का भी समर्थन इस आंदोलन को मिल रहा है, जिससे साफ है कि युक्तियुक्तकरण के खिलाफ असंतोष व्याप्त है।

# गणित और विज्ञान में 100 प्रतिशत अंक लाने वाले 10वीं-12वीं विद्यार्थियों को जिला प्रशासन करेगा सम्मानित

**शिक्षा में गुणवत्ता लाने एवं छात्र-छात्राओं को मोटिवेट करने जिला प्रशासन की अभिनव पहल**

अम्बिकापुर , 16 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर विलास भोसकर ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत जिले में संचालित शैक्षणिक योजनाओं और गतिविधियों की जानकारी लेकर समीक्षा की।

जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सिन्हा ने बताया कि जिले में संचालित पीएम श्री स्कूल, श्रम करने वाले बच्चों और अनाथ बच्चों हेतु शिक्षा, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना, निशुल्क साइकिल वितरण, पाठ्य पुस्तक, यूनिफॉर्म वितरण, मध्यान भोजन, रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा योजना, इंस्पायर अवार्ड योजना, शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया, व्यावसायिक शिक्षा, आईसीटी और स्मार्ट क्लास, मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना, छत्तीसगढ़ महतारी दुलारी योजना सहित स्कूलों में संचालित अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी।

जिला शिक्षा अधिकारी ने सत्र 2024-25



परीक्षा परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा पांचवी के 98.76 प्रतिशत, कक्षा आठवीं के 96.27 प्रतिशत, दसवीं के 87.58 प्रतिशत, कक्षा 12वीं के 85.74 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहे हैं। कलेक्टर ने इन परिणामों की सराहना करते हुए कहा कि स्कूल प्रारंभ हो गए हैं, उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आवश्यक कार्य योजना बनाने और जर्जर स्कूल भवनों को मरम्मत करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने निशुल्क साइकिल वितरण, पाठ्यपुस्तक, यूनिफॉर्म को समय पर वितरण करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने जिले के सभी अधिकारियों को शिक्षा के बेहतर गुणवत्ता एवं छात्र-छात्राओं को मोटिवेट करने हेतु विभिन्न स्कूलों का विकसित करने को कहा। जिले के स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में बच्चों को प्रोत्साहित एवं प्रेरित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल की गई है कि जिसमें 10वीं एवं 12वीं विद्यार्थी जो छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा में गणित एवं विज्ञान में 100 में 100 अंक प्राप्त करता है उसे जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित एवं आवश्यक राशि प्रदाय की जाएगी। इस पहल हेतु जिला प्रशासन से कलेक्टर एवं अन्य 34 से अधिक अधिकारियों ने शिक्षा में गुणवत्ता एवं बच्चों को प्रेरित करने के लिए अपना हाथ बढ़ाया है जिससे आने वाले समय में बेहतर परीक्षा परिणाम प्राप्त होंगे।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने आगामी 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाना है उसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद बीज की उपलब्धता की जानकारी ली तथा भंडारण एवं वितरण की स्थिति से अवगत हुए। उन्होंने किसानों को समय पर खाद बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । कलेक्टर ने बारिश के मौसम में राशन सामग्री की परेशानी ना हो इसलिए दूरस्थ अंचल क्षेत्र में राशन सामग्री की भंडारण एवं वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

# खुले स्कूलों के पट, पहले दिन पहुंचे बच्चों का हुआ स्वागत

**युक्तियुक्तकरण के पश्चात नव पदस्थ शिक्षकों का भी तिलक लगाकर स्कूलों में किया गया स्वागत**

**शिक्षकों की पदस्थापना से शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय रहे स्कूलों में भी दिखी रौनक**

**पहले दिन पहुंचे बच्चों को मिला जाति-आय-निवास प्रमाण पत्र का उपहार**

**रायगढ़**, 16 जून (देशबन्धु)। 16 जून से फिर स्कूल खुल गए हैं। नए सत्र से साथ कक्षाएं फिर से गुलजार हो गई हैं। विद्यार्थियों में नई क्लास में पहुंचने का उत्साह है। पहले दिन शाला पहुंचे बच्चों का तिलक लगा और मुंह मीठा कर स्वागत किया गया। इन सबके बीच जो खास नजारा इस बार देखने को मिलेगा वो है कि कई ऐसे स्कूल जो शिक्षकों की कमी से जूझ रहे थे उनमें अब फिर से रौनक है। कारण मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अतिशेष शिक्षकों की काउंसिलिंग से जिले के शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय शालाओं में पदस्थापना कर दी गई है। कई ऐसे स्कूल जहां पहले एक भी शिक्षक नहीं थे वहां अब छात्रों के दर्जमान से 3 से 4 शिक्षकों







की पोस्टिंग हो चुकी है। यह शैक्षणिक वातावरण को बेहतर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पालकों में भी इस बात को लेकर खुशी है कि बच्चे अब स्कूलों में सारे विषयों की पढ़ाई कर पाएंगे।

शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर जिले के स्कूलों में न्योता भोज का आयोजन किया गया। साथ ही निःशुल्क पाठ्य-पुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया गया। इसी तरह जिले के कई स्कूलों में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम 2.0 अंतर्गत पौधा रोपण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

### युक्तियुक्तकरण के पश्चात नव पदस्थ शिक्षकों का भी तिलक लगाकर स्कूलों में किया गया स्वागत

युक्तियुक्तकरण के पश्चात विकासखण्ड पुसौर के शासकीय प्राथमिक विद्यालय-सेमरा में शिक्षिका की पदस्थापना हुई है। जिससे वहां के विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है। आज शाला प्रवेशोत्सव के दौरान नई शिक्षिका का सम्मान तिलक लगाकर किया गया। इसी तरह विकासखण्ड रायगढ़ के प्राथमिक शाला साल्हेओना में भी बच्चों ने गुलदस्ता भेंटकर शिक्षिका का सम्मान किया। युक्तियुक्तकरण पश्चात धरमजयगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत प्राथमिक शाला कुम्हीचुंआ जो कभी शिक्षक विहीन था, आज इसमें 4 शिक्षकों की पदस्थापना हुई है। ऐसे में यहां खुशी का माहौल है एवं सभी बच्चे उत्साहित है।

### पहले दिन पहुंचे बच्चों को मिला जाति-आय-निवास प्रमाण पत्र का उपहार

पहले दिन पहुंचे नव प्रवेशी बच्चों को शाला पहुंचने पर न सिर्फ तिलक और मिठाई से स्वागत किया गया, बल्कि उन्हें उनके जाति, आय और निवास प्रमाण पत्र बनाकर दिए गए। जिले के सभी तहसीलों में राजस्व अधिकारियों ने स्कूलों में पहुंचकर बच्चों को ये प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने सभी राजस्व और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दे रखा है कि आगामी 16 जुलाई अर्थात शाला खुलने से 1 माह के अंदर सभी नव प्रवेशित स्कूली बच्चे जिनके जाति, आय और निवास प्रमाण पत्र नहीं है उन्हें यह बनाकर दिए जाएं। इसके लिए दोनों वो विभागों को आपसी समन्वय से काम करते हुए जल्द सारी प्रक्रियाएं पूरी करने के लिए विशेष रूप से निर्देशित किए गया है।

## सार-संक्षेप




### आरोपियों को 7-7 वर्ष का सश्रम कारावास, झूठे प्रचार व मारपीट के गंभीर आरोप सिद्ध

जांजगीर, 16 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के पदाधिकारियों द्वारा एक राय होकर सुनियोजित रूप से झूठा प्रचार कर दुकान से नकली दवाई जबरन बेचना, मारपीट, धमकी और लूटपाट करने के प्रकरण में न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए आरोपियों को दोषी करार देते हुए 7-7 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) जांजगीर अमित कुमार द्वारा सुनाया गया।

प्रकरण के अनुसार 27 अगस्त 2021 को क्रांति सेना के नेता व पदाधिकारी बताकर कुछ युवक मोटरसाइकिल व बोलेरो में सवार होकर शिकायतकर्ता की दुकान में घुसे और नकली दवाई बेचने का झूठा आरोप लगाते हुए विवाद किया। विरोध करने पर आरोपियों ने दुकानदार की बहन को अपशब्द कहे और गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने लगे। इसी दौरान दुकान में रखे दवाई व अन्य सामग्री को नुकसान पहुँचाया गया और जबरन पैसे की मांग करते हुए मारपीट की गई। इस मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान आरोपी मुकेश रात्रे, लक्की वर्मा, तरुण साहू, कुणाल बघेल, भोलू कुर्रे, रमाकांत खरे को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर आरोपियों को दोषी ठहराया गया। न्यायालय ने दोषियों को भादंवि की धारा 147, 148, 452, 323, 386, 397 के अंतर्गत विभिन्न धाराओं में 1 से 7 वर्ष तक का सश्रम कारावास एवं जुर्माने की सजा सुनाई है। यदि अर्थदंड अदा नहीं किया गया तो अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। यह प्रकरण लोक अभियोजक योगेश कुमार गोपाल (अति. लोक अभियोजक, एफटीसी, जांजगीर) द्वारा प्रस्तुत किया गया था।

### कर्मचारियों-पेंशनरों की मांगों को लेकर कल को सौंपा जाएगा ज्ञापन

जांजगीर, 16 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की प्रांतीय प्रबंध समिति के निर्णय अनुसार, जांजगीर-चांपा जिले में भी कर्मचारियों और पेंशनरों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर 18 जून को जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर संघ के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा। ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम 18 जून को शाम 4 बजे निर्धारित किया गया है। इसे सफल बनाने के लिए जिले के समस्त कर्मचारियों एवं पेंशनरों से 18 जून को अपराह्न 3.30 बजे कर्मचारी भवन, नहरिया रोड, जांजगीर में उपस्थिति की अपील की गई है। संघ की प्रमुख तेरह सूत्रीय मांगों में केंद्र सरकार के समान 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता, 300 दिन का अवकाश नगदीकरण, लिपिक एवं अन्य संवर्गों की वेतन विसंगतियों का निराकरण, पिंगुआ समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक करना, पूरे सेवाकाल में चार स्तरीय वेतनमान, कैशलैस चिकित्सा सुविधा, लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को पूर्ण करना, संविदा एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण, अनुकंपा नियुक्त लिपिकों की कौशल परीक्षा हेतु कार्यालय प्रमुख को पुन: अधिकृत करना एवं शिक्षकों के युक्तिकरण में हुई विसंगतियों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई शामिल हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह परिहार, सचिव के.के. थवाईत, मनहरन थवाईत, अशोक राठौर, दिनेश राठौर, ओ.पी. जायसवाल, ओ.पी. शर्मा, मनोज यादव, नरेंद्र सिंह, सूर्यपाल सिंह, अजय थवाईत, सी.बी. बंजारे, असीम थवाईत, आदित्य पाठक, रामहैया कश्यप एवं अधिकारी कर्मचारी पेंशनर संघ के जिलाध्यक्ष महेश राठौर तथा जी.एस. उपाध्याय ने संयुक्त रूप से की है।

### कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने स्टॉप डायरिया प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**सारंगढ़,** 16 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कलेक्ट्रेट परिसर सारंगढ़ से स्टॉप डायरिया प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार रथ जिले के गांवों में जाकर डायरिया रोग के रोकथाम के लिए प्रचार प्रसार करेगा। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार डॉ एफ आर निराला सीएमएचओ के मार्गदर्शन में जिले 16 जून से स्टॉप डायरिया कैंपेन प्रारंभ हुआ है। इसके अंतर्गत जन्म से 5 वर्ष के बच्चो में मृत्यु का एक मुख्य कारण डायरिया होता है, जिसका शीघ्र निदान एवं उपचार से शिशुओं में मृत्यु दर को कम कर सकते है। इस कारण 16 जून से 31 जून तक जिले के प्रत्येक गांव में ये अभियान चलेगी। आयोजित कार्यक्रम में एएनएम और मितानिनों को डायरिया प्रबंधन, उपचार एवं काउंसलिंग के लिए सेक्टर स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्वास्थ्य केंद्रों की पानी की टंकियों की सफाई कराई जाएगी। सभी घरों के टंकी को सफाई कराई के लिए प्रेरित भी की जाएगी। ओआरएस और जिंक की उपलब्धता दवा वितरक तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी। प्रचार प्रसार की गतिविधियां ग्राम स्तर पर नारा लेखन, विभिन्न माध्यमों से प्रचार प्रसार टीवी, रेडियो से लेकर व्हाट्सप्प, फेसबुक, ट्विटर और कोटवार द्वारा मुनादी आदि से की जाएगी। एएनएम एवं मितानिन को प्रशिक्षित करना, हाथ धोने की विधि को आम जनता के सामने करके दिखाना है कि, ओआरएस की घोल कैसे बनाई जाती है, बना के दिखाना, जब ओआरएस के पैकेट उपलब्ध न हो उस वक्त नमक चीनी के साथ घोल कैसे बनाए बना कर सीखना, सुरक्षित पेयजल एवं स्वच्छ शौचालय के बारे में बताना। दिशानिर्देश के अनुसार दस्त प्रबंधन में प्लान ए, प्लान बी एवं प्लान सी के बारे में बताना। हर स्वास्थ्य केंद्रों में ओआरएस एवं जिंक कॉर्नर बनाना , ओपीडी, वार्डो में एनआरसी में डायरिया प्रबंधन, हाथ धोने की विधि, ओआरएस घोल बनाने की विधि के बारे में बताना, पहुंच विहीन क्षेत्रों में दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित करना, गंभीर दस्त के लक्षणों या जटिलताओं को लोगो को बताना जलजनित बीमारियों के बारे में पब्लिक को जागरूक करना, उच्च जोखिम वाले श्रेत्र जैसे ईंट भटा, खानाबदोश, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र, प्रवासी मजदूर, मलिन बस्ती इत्यादि।

### वरुण ने किया क्षेत्र का नाम रौशन

डभरा , 16 जून (देशबन्धु)। ब्लॉक डभरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम



लटेसरा के मेधावी छात्र वरुण पटेल ने नीट यूजी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 19293 प्राप्त किया है । वरुण पटेल ने मुलाकात के दौरान बताया कि उनका यह पहला प्रयास था वे अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को देते हैं आपको बता दें कि इनके पिता माधव पटेल एवं माता पुष्पा पटेल हैं ।अघरिया समाज के क्षेत्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश पटेल कोषाध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल केंद्रीय प्रतिनिधि भूपेंद्र पटेल सचिव विनोद पटेल महासचिव ओम प्रकाश पटेल वरिष्ठ उपाध्यक्ष चतुर्भुज पटेल हृदय पटेल सहित सामाजिक पदाधिकारी में खुशी की लहर व्याप्त है।

# स्कूलों मे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया प्रवेश उत्सव

## कलेक्टर ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं मीठा खिलाकर किया स्वागत

जांजगीर, 16 जून (देशबन्धु)। जिले के सभी स्कूलों मे आज प्रवेश उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इसी क्रम में जिला कलेक्टर जन्मेजय महोबे अकलतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत हरदी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पहुँचे, जहाँ उन्होंने नवप्रवेशी छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मीठा खिलाकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने छत्राओं को बेग, पाठ्य सामग्री का वितरण किया। इस दौरान जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती गंगा साहू, सरपंच श्रीमती सरिता मिरी, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, डीएमसी आरके तिवारी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।



विद्यार्थियों एवं उपस्थितजन को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री महोबे ने कहा बच्चों की पहली पाठशाला माँ होती है और दूसरी पाठशाला हमारा विद्यालय होता है। शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे कोई भी कार्य सरलता से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज और देश के समग्र विकास में शिक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विशेष रूप से अभिभावकों और नागरिकों से अपील की कि यदि आपके आसपास कोई शाला त्यागी बच्चा हो तो उसकी जानकारी अवश्य दें, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। कलेक्टर महोबे ने भाषाई ज्ञान के महत्व पर बल देते हुए कहा कि हिंदी और छत्तीसगढ़ी के साथ-साथ अंग्रेजी भाषा का ज्ञान भी ज़रूरी है। साथ ही उन्होंने गणित एवं अन्य विषयों के प्रति रुचि बढ़ाने की आवश्यकता जताई और कहा कि इन विषयों को समझकर पढ़ने से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती गंगा साहू एवं सरपंच श्रीमती सरिता मिरी ने भी शाला प्रवेश उत्सव के दौरान कार्यक्रम को संबोधित किया । शाला प्रवेश उत्सव के दौरान कलेक्टर श्री महोबे एवं जिला पंचायत सीईओ श्री रावटे ने एक पेड़ मां के नाम के अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया।

### बच्चों के बीच बैठकर कलेक्टर ने किया न्योता भोज

शाला प्रवेश उत्सव के अवसर न्योता भोज कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी छात्राओं के साथ जमीन पर बैठकर भोजन करते हुए कलेक्टर श्री महोबे ने न सिर्फ बच्चों का मनोबल बढ़ाया, बल्कि उनके बीच आत्मीय संवाद भी स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को पूड़ी सब्जी एवं मिठाई को अपने हाथों से बच्चों की थाली मे परोसा । इसके साथ ही उन्होंने बच्चों से भोजन, पढ़ाई, रहने की सुविधा और रुचियों के बारे में बातचीत की।कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ पोषण और आत्मीय माहौल भी बच्चों के विकास के लिए जरूरी है। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं कलेक्टर को अपने बीच पाकर बेहद उत्साहित नजर आईं। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं शिक्षा विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# दुर्घटनाओं में मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया होगी और तेज

## जिले के विवेचकों व ऑपरेटरों को आई रेड व ई-डार का दिया जा रहा प्रशिक्षण

जांजगीर, 16 जून (देशबन्धु)। जिले में सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को समय पर मुआवजा दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात श्री उदयन बेहार के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना व चौकियों में पदस्थ विवेचकों एवं सीसीटीएनएस ऑपरेटरों को आई रेड (इंटरनेशनल रोड एक्सीडेंट डाटाबेस) व ई-डार (इलेक्ट्रानिक डिटेल्ड एक्सीडेंट रिपोर्ट) पोर्टल का गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



प्रशिक्षण की शुरुआत 13 जून से की गई है, जिसमें आई रेड की डीआरएम श्रीमती साधना गुप्ता एवं यातायात शाखा जांजगीर के निरीक्षक लालन पटेल द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। अब तक चाम्पा, जांजगीर, शिवरीनारायण, नवागढ़, बलौदा, अकलतरा, नैला, पंतोरा, राहौद थाना क्षेत्रों में कार्यरत विवेचकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। शेष थानों में 17 एवं 18 जून को प्रशिक्षण आयोजित होगा। आई रेड और ई-डार पोर्टल के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित समस्त जानकारी डिजिटल माध्यम से अपलोड की जाती है। रिपोर्ट दर्ज करने की यह प्रक्रिया जितनी शीघ्र होगी, पीड़ित पक्ष को उतनी ही जल्दी मुआवजा राशि प्राप्त होगी। वर्तमान में जानकारी अपलोड करने में हो रही देरी के कारण कई मामलों में मृतकों के परिजनों को मुआवजा मिलने में विलंब हो रहा था। इस स्थिति में सुधार लाने हेतु यह प्रशिक्षण विशेष रूप से आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में बताया गया कि ई-डार में 10 अलग-अलग फॉर्मेट होते हैं, जिन्हें मामले के अनुसंधानकर्ता द्वारा ही सावधानीपूर्वक भरा जाना आवश्यक है। इन सभी फॉर्मेट्स की क्रमवार जानकारी दी गई, ताकि रिपोर्ट में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो।

### डिजिटल पहल से होगा त्वरित न्याय

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्पष्ट है कि पीड़ित परिवारों को न्याय समय पर मिले और वे अनावश्यक प्रक्रियात्मक परेशानियों से बच सकें। शासन की इस डिजिटल पहल का उद्देश्य है कि टेक्नोलॉजी के माध्यम से लोगों को राहत मिले और मुआवजा वितरण की प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी और त्वरित हो।




## खोखरा में तलवारनुमा हथियार लहराने वाला युवक गिरफ्तार

जांजगीर, 16 जून (देशबन्धु)। थाना जांजगीर क्षेत्र के ग्राम खोखरा में एक युवक द्वारा सार्वजनिक स्थल पर तलवारनुमा हथियार लहराकर लोगों में दहशत फैलाने की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी अनुज टंडन (उम्र 35 वर्ष), निवासी भैंसों, थाना पामगढ़, जिला जांजगीर-चांपा को पुलिस ने घेराबंदी कर धरदबोचा। आरोपी के पास से लोहे का तलवारनुमा हथियार बरामद किया गया, जिससे वह राहगीरों को डरा-धमका रहा था। इस घटना से क्षेत्र में भय का माहौल बन गया था और किसी भी अप्रिय घटना की आशंका जताई जा रही थी।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर तत्काल घेराबंदी की और आरोपी को हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस सफल कार्रवाई में निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी की भूमिका विशेष रूप से रही।




## फरार वारंटियों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 34 आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर,** 16 जून (देशबन्धु)। जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए जांजगीर-चांपा पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं फरार वारंटियों के विरुद्ध विशेष सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान जिले भर से कुल 34 फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत जिले के सभी थाना एवं चौकियों में निगरानी बदमाशों और गुंडा तत्वों की चेकिंग की गई। पुलिस के अनुसार, वर्तमान में जिले में कुल 166 बदमाशों (73 निगरानी व 93 गुंडा बदमाशों) की सूची तैयार की गई है। इनके व्यवसाय, रहन-सहन, जीविकोपार्जन और गतिविधियों की गहन जांच की जा रही है। अभियान के दौरान संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त बदमाशों को हिदायत दी गई एवं निरंतर निगरानी जारी है।

अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई गिरफ्तारियों में थाना जांजगीर में 02 गिरफ्तारी वारंट, 02 स्थायी वारंट,चौकी नैला 02 गिरफ्तारी वारंट,थाना अकलतरा 02 गिरफ्तारी वारंट,थाना नवागढ़ 01 गिरफ्तारी वारंट, 01 स्थायी वारंट, थाना पामगढ 01 गिरफ्तारी वारंट, 04 स्थायी वारंट,थाना शिवरीनारायण- 03 स्थायी वारंट,थाना बिर्रा 01 गिरफ्तारी वारंट, 05 स्थायी वारंट,थाना बम्हनीडीह 01 स्थायी वारंट,,थाना मुलमुला 05 गिरफ्तारी वारंट, 02 स्थायी वारंट,थाना अजाक 02 गिरफ्तारी वारंट

सभी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण के लिए ऐसे अभियान समय-समय पर चलाए जाते रहेंगे।

# शहरी क्षेत्रों में दुकानों के सामने अतिक्रमण हटाने सख्त निर्देश

### कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक

### धरती आबा अभियान के तहत जनजातीय परिवारों को मिलेगा समग्र लाभ, 17 जून से 27 जून तक शिविर का होगा आयोजन

**जांजगीर,** 16 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुंचे। कलेक्टर ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 17 जून से 27 जून तक आयोजित होने वाले विशेष शिविरों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने धरती आबा उत्कर्ष अभियान के माध्यम से अनुसूचित जनजाति परिवार के प्रत्येक सदस्यों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, उज्ज्वला योजना आदि से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देते हुए सभी विभाग को समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव को नई शिक्षा नीति के अनुरूप उत्साह के साथ मनाया जाए एवं शाला त्यागी बच्चों की संख्या शून्य करने का लक्ष्य रखें। उन्होंने स्कूलों की मरम्मत, गणवेश वितरण और सायकल वितरण की तैयारी समय रहते पूर्ण करने एवं उत्कृष्ट विद्यार्थियों, शिक्षकों का सम्मान भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी नियमित रूप से स्कूलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले, ताकि स्कूली बच्चों को किसी तरह की कोई समस्या का सामना न करना पड़े। इस दौरान उन्होंने अधिकारी से उनके या अपने परिवार के जन्मदिन, सालगिरह एवं अन्य अवसरों पर स्कूल में न्योता भोज का आयोजन भी करने कहा।



कलेक्टर श्री महोबे ने वर्तमान में गर्मी और वर्षा के मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियों के प्रति सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने उल्टी-दस्त से प्रभावित ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य सर्वे एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश दिए कि वह ग्राम सचिवों से गांव में बीमारी की सूचना मिलने पर तत्काल अवगत कराए। इसके साथ ही उन्होंने आगामी खरीफ फसल सीजन के लिए खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा किसानों को किसी तरह की कोई समस्या न आए यह सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर श्री महोबे ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के संबंध में कहा कि कार्यक्रम में सभी जनप्रतिधियों, समाजसेवी सहित नागरिकों को शामिल किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी प्रतिभागियों को पौधे वितरित करने एवं उद्यानों में सामूहिक योग अभ्यास का आयोजन किया जाए।

### सड़क पर अतिक्रमण और जलभराव की समस्या पर सख्ती

कलेक्टर ने सड़क पर अतिक्रमण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही करने कहा। उन्होंने सड़कों की स्थिति सुधारने हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं। पुल-पुलियों के आस-पास जलभराव की समस्या से निपटने के लिए त्वरित कार्य करने के निर्देश भी दिए गए। इसके साथ ही उन्होंने शहरी क्षेत्रों मे दुकानों के सामने अवैध अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ,अपर कलेक्टर ज्ञानेद्र सिंह ठाकुर, सर्व एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अकलतरा में युक्तिकरण निर्णय पर हंगामा, अभिभावकों का उग्र प्रदर्शन

## कुंवर भुवन भास्कर सिंह शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला के समायोजन का विरोध तेज

अकलतरा, 16 जून (देशबन्धु)। शिक्षा विभाग द्वारा नगर की ऐतिहासिक शैक्षणिक संस्था कुंवर भुवन भास्कर सिंह शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला को कन्या शाला में समायोजित किए जाने के निर्णय के खिलाफ सोमवार को अकलतरा में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन हुआ। विद्यालय प्रांगण के सामने बड़ी संख्या में एकत्र हुए अभिभावकों ने इस निर्णय को पूरी तरह अनुचित और एकपक्षीय बताते हुए विभागीय अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।




प्रदर्शन में महिलाओं और पुरुषों की बड़ी भागीदारी देखी गई। अभिभावकों ने आरोप लगाया कि विभाग ने बच्चों की भावनाओं, शिक्षा के माहौल और विद्यालय की गरिमा को दरकिनार करते हुए यह निर्णय मनमाने ढंग से लिया है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के असमय और असंगत फैसले से बच्चे स्कूल जाने से झिझकने लगे हैं और उनके भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है।

नगर के पार्षदों, वरिष्ठ नागरिक मंच, समाजसेवियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से एक ज्ञापन सौंपकर जिला प्रशासन से मांग की है कि इस समायोजन को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। अभिभावकों का कहना है कि इससे न केवल बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी, बल्कि एक ऐतिहासिक शिक्षण संस्थान की पहचान भी समाप्त हो जाएगी। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन की निष्क्रियता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी इस निर्णय के विरोध में ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अब तक अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इसी उपेक्षा के खिलाफ अब अभिभावक सड़कों पर उतरने को मजबूर हुए हैं। आक्रोशित नागरिकों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही समायोजन निर्णय को वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा तथा नगर बंद जैसे कठोर कदम भी उठाए जाएंगे। इसके लिए पूरी जिम्मेदारी शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन की होगी।

### ऐतिहासिक विद्यालय को यथास्थिति में बनाए रखने की मांग

ज्ञापन में मांग की गई है कि 106 वर्षों पुराने कुंवर भुवन भास्कर सिंह विद्यालय को वर्तमान स्थिति में ही संचालित किया जाए ताकि विद्यार्थियों के भविष्य और शिक्षा के स्तर से कोई समझौता न हो। अभिभावकों ने यह भी कहा कि आवश्यकता होने पर वे न्यायालय की शरण लेने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

# देश विदेश

## गर्म हवा का गुब्बारा के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक महिला की मौत

**साओ पाउलो,** 16 जून (एजेंसियां)। दक्षिण-पूर्वी ब्राज़ील के साओ पाउलो में रविवार को पर्यटकों को ले जा रहा एक गर्म हवा का गुब्बारा (हॉट एयर बैलून) के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 26 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि जब गुब्बारा इपेरो के पास कैपेला डू ऑल्टो शहर के ग्रामीण इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ तब उसमें लगभग 35 लोग सवार थे। ब्राज़ील के समाचार चैनल ग्लोबोन्यूज़ ने बताया कि गुब्बारे के पास पर्यटन उद्देश्यों के लिए उड़ाने का लाइसेंस नहीं था। दुर्घटना के बाद पायलट को गिरफ़्तार कर लिया गया। बोइतुवा शहर में स्थित ब्राज़ीलियन बैलून परिसंघ ने भी कहा कि यह संगठन के साथ पंजीकृत नहीं था।

# जी-7 सम्मेलन में वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा व सुरक्षा होगा फोकस

- ग्लोबल इकोनॉमी व जियोपॉलिटिकल चुनौतियों को लेकर विचारों के आदान-प्रदान का मंच है शिखर सम्मेलन
- कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी कर रहे इस वर्ष के शिखर सम्मेलन की मेजबानी



**कैलगरी,** 16 जून (एजेंसियां)। ग्रुप ऑफ सेवन (जी7) शिखर सम्मेलन ने अपनी संक्षिप्त की गई रूपरेखा प्रस्तुत की, जिसमें ग्लोबल इकोनॉमी और एनर्जी सिक्योरिटी पर चर्चाओं को प्राथमिकता दी गई। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, पहले यह सम्मेलन रविवार से शुरू होने वाला था, लेकिन अब इसे दो दिनों का कर दिया गया है। यह आधिकारिक रूप से सोमवार से शुरू होगा। वैश्विक लीडर अल्बर्टा के कनानास्किस पहुंचना शुरू कर चुके हैं। सोमवार के कार्यक्रम में वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण पर चर्चा करने के लिए जी7 नेताओं के बीच 90 मिनट का सेशन शामिल है।

जी7 एक अनौपचारिक समूह है, जिसमें दुनिया की सात उन्नत अर्थव्यवस्थाएं (कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और संयुक्त राज्य अमेरिका) शामिल हैं। यह वार्षिक शिखर सम्मेलन मेजर ग्लोबल इकोनॉमी और जियोपॉलिटिकल चुनौतियों को लेकर विचारों के आदान-प्रदान का एक मंच है।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी इस वर्ष के शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे हैं। उन्होंने यूक्रेन, ऑस्ट्रेलिया, भारत, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, ब्राजील, संयुक्त अरब अमीरात और दक्षिण अफ्रीका सहित कई गैर-जी7 देशों के नेताओं को भी निमंत्रण दिया है। इससे पहले रविवार को साइप्रस के राष्ट्रपति ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि हम साइप्रस और भारत के बीच आर्थिक सहयोग को मजबूत कर रहे हैं। साथ मिलकर, हम रणनीतिक साझेदारी के एक नए युग में प्रवेश कर रहे हैं, जो विश्वास और हमारे साझा मूल्यों पर आधारित है। साइप्रस और भारत मिलकर सहयोग और समृद्धि का एक सशक्त संदेश दे रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कनाडा में आयोजित 51वें जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने जा रहे हैं।

## कनाडा में ब्रेन वॉश के शिकार बच्चे कर रहे पीएम मोदी का विरोध : सिंह

**जौनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों के विदेश दौरे पर हैं। अपनी यात्रा के दूसरे चरण में वह कनाडा के लिए रवाना हो चुके हैं, जहां वह जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। वहीं, कनाडा में कुछ खालिस्तानी समर्थक उनकी यात्रा का विरोध कर रहे हैं। ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर सिंह के पूर्व सचिव सरदार त्रिलोचन सिंह ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। सरदार त्रिलोचन सिंह ने कनाडा में उपस्थित खालिस्तानी समर्थकों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कनाडाई सरकार से उन पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि दूसरे देश के बच्चे ऐसा कर रहे हैं तो कहीं-कहीं वे हमारे देश के सम्मान को ठेस पहुंचा रहे हैं। उनका ब्रेन वॉश किया गया है। यह कहीं से भी जायज नहीं है। कनाडा सरकार को चाहिए कि वह बच्चों को पकड़कर उन्हें कड़ी सजा दें।

## पीएम मोदी की कनाडा यात्रा को लेकर भारतीय मूल के लोगों में उत्साह



- कनाडा की अर्थव्यवस्था में प्रवासी भारतीयों की है बड़ी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-7 की बैठक में भाग लेने के लिए कनाडा दौरे पर जाएंगे। वह सोमवार और मंगलवार को कनाडा में रहेंगे। उनके इस दौरे को लेकर कनाडा के भारतीय मूल के लोगों में खुशी की लहर है। आईटी प्रोफेशनल तरुण जैन ने कहा कि जब से कनाडा के प्रधानमंत्री ने पीएम नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया है, तब से भारतीय समुदाय में काफी उत्साह है। हमें अब तक यकीन नहीं हो रहा है कि वह आ रहे हैं। हमारे मन में सवाल है कि कहां इकट्ठा होकर हम उनका स्वागत करेंगे। कनाडा की अर्थव्यवस्था में प्रवासी भारतीय अपनी हिस्सेदारी रखते हैं। इसमें डॉक्टर, इंजीनियर, छात्र हैं। हर भारतीय यह चाहता है कि कनाडा और भारत के रिश्ते सुधर जाएं। इससे कनाडा की प्रगति और उन्नति होगी और कनाडा भी इस बात को समझता है। व्यापारी गौतम सेवडा ने कहा कि हम सभी भारतीय जो कनाडा में रह रहे हैं, काफी उत्साहित हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रण मिला है। यह दोनों देशों के लिए काफी अच्छी बात है। भारत सबसे युवा देश है। पूरी दुनिया में कनाडा के पास जो प्राकृतिक संसाधन हैं, जो चीजें यहां पर हैं, उनका फायदा दोनों देश एक साथ काम करते हुए उठा सकते हैं।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 17 जून, 2025 आषाढ़ कृष्ण पक्ष 6

### राशिफल

मेष - आप सामाजिक काम में उपस्थित होंगे। मित्रों तथा स्नेहियों के साथ बहुत आनंद मना सकेंगे। मित्रों के पीछे धन खर्च होगा और उनके पास से लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। आप कहीं घूमने जाने की योजना बना सकते हैं।

वृषभ - जो लोग नए काम की शुरुआत करना चाहते हैं या उसकी योजना बनाना चाहते हैं, उनके लिए दिन बहुत अच्छा है। आज आप नौकरी या व्यवसाय में लाभदायक परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। पदोन्नति होगी।

मिथुन - प्रतिकूल संयोग के बनने से आपके कार्य में विलंब होगा। शरीर में ताजगी और मन में उत्साह का अभाव रहेगा। पेट के रोग सताएंगे। नौकरी में अधिकारियों के नकारात्मक व्यवहार से आपको दु-ख होगा।

कर्क - मन का नकारात्मक व्यवहार आपको हताश करेगा। बाहर का खाने-पीने के कारण स्वास्थ्य खराब होगा। क्रोध को नियंत्रण में रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ बखेड़ा खड़ा होगा। नए संबंध तकलीफदायक साबित होंगे।

सिंह - पति-पत्नी के बीच मामूली कारणों से विवाद उत्पन्न होने से मनमुटाव होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। सांसारिक विषयों के बारे में उदासीन रहेंगे। सार्वजनिक जीवन में अपयश या स्वाभिमान भंग होने का योग है।

कन्या - आज आपके लिए दिन शुभ है। घर में सुख-शांति का वातावरण छाया रहेगा। मन भी प्रसन्न रहेगा। सुख के प्रसंग बनेंगे। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बीमारी से पीड़ित व्यक्ति की परिस्थिति में सुधार आएगा।

तुला - आज आप का दिन सुखपूर्वक गुजरेगा। बौद्धिक चर्चाओं में दिन गुजरने की संभावना है। आज कल्पनाशक्ति से कोई बड़ा काम आसानी से कर पाएंगे। संतान से शुभ समाचार मिलेंगे।

वृश्चिक - आज का दिन शांतिपूर्ण रूप से व्यतीत करें, क्योंकि किसी बात को लेकर मन चिंताग्रस्त रहेगा। कुटुंब या परिवार में किसी से वाद-विवाद हो सकता है। स्वास्थ्य के विषय में चिंता रहेगी। धनहानि एवं यशहानि हो सकती है।

धनु - आज आप ज्योतिष और आध्यात्मिक बातों में खूब रुचि लेंगे। भाई-बहनों के साथ आप का व्यवहार अच्छा रहेगा। नए काम की शुरुआत के लिए समय अच्छा है। मित्रों एवं स्नेहीजनों से मुलाकात होगी।

मकर - आज आप शेयर मार्केट में आज अपनी किस्मत आजमा सकते हैं। किसी बड़े निवेश में भी आपकी रुचि रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होगा। परिजनों के साथ विवाद हो सकता है।

कुंभ - आज का दिन शुभ फलदायी है। शारीरिक तथा मानसिक रूप से आप प्रसन्न रहेंगे। भौतिक तथा आध्यात्मिक दृष्टि से आपको अच्छा अनुभव होगा। परिजनों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा।

मीन - आज मानसिक व्याकुलता अधिक रहेगी और एकाग्र नहीं रह पाएंगे। धार्मिक कामों में धन खर्च हो सकता है। पूंजी निवेश में आज विशिष्ट ध्यान रखने की जरूरत है।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## कांगो में भारी बारिश से 29 लोगों की मौत

**किंशासा,** 16 जून (एजेंसियां)। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) की राजधानी किंशासा में भारी बारिश के कारण सप्ताहांत में कम से कम 29 लोगों की मौत हो गई है।

स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुष्क मौसम में असामान्य बारिश के कारण शहर में भारी नुकसान हुआ, सड़कें जलमग्न हो गईं,



बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और बड़े पैमाने पर बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हुई। किंशासा के गवर्नर डैनियल बुम्बा ने कहा कि लोगों को निकालने और अस्थायी पुनर्वास के प्रयास जारी हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से आपदा जागरूकता बढ़ाने और निवारक उपाय करने का भी आग्रह किया। स्थानीय मीडिया ने मौसम विज्ञान अधिकारियों के हवाले से बताया कि देश में अभी शुष्क मौसम चल रहा है, लेकिन बारिश 90 मिलीमीटर तक पहुंच गई जो हाल के वर्षों में इस समय के लिए सबसे अधिक है।

डीआरसी में बारिश का मौसम आमतौर पर नवंबर से मई तक चलता है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भारी बारिश जारी रहने का अनुमान है और एक करोड़ 70 लाख की आबादी वाले शहर को और नुकसान हो सकता है।

## पश्चिम एशिया में तनाव पर एस जयशंकर ने यूएई के उप-प्रधानमंत्री से की चर्चा

**नई दिल्ली,** 16 जून (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति को देखते हुए यूएई के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नहयान से बात की। विदेश मंत्री ने इसकी जानकारी अपने आधिकारिक सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर दी है।

विदेश मंत्री ने अपने पोस्ट में कहा कि पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति और कूटनीति की भूमिका पर संयुक्त अरब अमीरात के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नहयान से फोन पर बात की।

पश्चिम एशिया में वर्तमान स्थिति अत्यंत तनावपूर्ण और अस्थिर है, जो मुख्य रूप से इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य संघर्ष के कारण है। यह क्षेत्र पहले से ही लेबनान, गाजा और यमन में चल रहे संघर्षों से प्रभावित था, लेकिन हाल में इजरायल-ईरान तनाव ने स्थिति को और जटिल कर दिया हैk12 जून को इजरायल ने ऑपरेशन राइजिंग लायन के तहत ईरान पर बड़े हवाई



पश्चिम एशिया लेबनान, गाजा व यमन में चल रहे संघर्षों से प्रभावित था : एस जयशंकर, विदेश मंत्री

हमले किए थे। इन हमलों में तेहरान, इस्फहान और खोर में सैन्य ठिकानों, हवाई रक्षा प्रणालियों और कथित न्यूक्लियर प्लांट्स को निशाना बनाया गया। इजरायल ने दावा किया कि हमले का उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकना था, जिसे वह अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा मानता है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की मई 2025 की रिपोर्ट में ईरान पर 60 फीसद से अधिक संवर्धित यूरेनियम जमा करने और परमाणु अप्रसार संधि के उल्लंघन का आरोप लगाया गया था।

## ईरानी हमलों में अमेरिकी दूतावास को मामूली नुकसान

**तेल अवीव,** 16 जून (एजेंसियां)। इजरायल में अमेरिकी राजदूत माइक हकाबी ने सोमवार को बताया की कि ईरानी मिसाइल हमलों के कारण इजरायल स्थित अमेरिकी दूतावास को थोड़ा नुकसान हुआ है, लेकिन किसी भी अमेरिकी कर्मचारी को चोट नहीं आई है।

स्थिति के मद्देनजर, इजरायल में अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावास एक दिन के लिए बंद रहेंगे। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच सुरक्षित स्थान पर रहने का आदेश जारी है।



- बढ़ते संघर्ष के बीच सुरक्षित स्थान पर रहने का आदेश जारी

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राजदूत हकाबी ने लिखा कि इजराइल में हमारा अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावास आज आधिकारिक रूप से बंद रहेगा। शेल्टर इन प्लेस अभी भी प्रभावी है। तेल अवीव में दूतावास शाखा के पास ईरानी मिसाइल के हमले से कुछ मामूली क्षति हुई है, लेकिन अमेरिकी कर्मियों को कोई चोट नहीं आई है। ईरान की तरफ से, नागरिकों की मौत का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजरायली हवाई हमलों की लगातार चार रातों के बाद कम से कम 230 लोग मारे गए हैं, जिनमें से लगभग 90 प्रतिशत नागरिक बताए जा रहे हैं।

बढ़ती हुई मौतों और तनाव कम करने के वैश्विक आह्वान के बावजूद, तेहरान ने युद्ध विराम वार्ता को दृढ़ता से खारिज कर दिया है, जबकि इजरायली हमले जारी हैं। कतर और ओमान के मध्यस्थों को कथित तौर पर ईरानी अधिकारियों ने बताया है कि सार्थक बातचीत तभी मानी जाएगी जब ईरान इजरायल के पहले के हमलों का अपना पूरा सैन्य जवाब दे देगा। इस बीच, इजरायल ने ईरान के महत्वपूर्ण सैन्य और परमाणु बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने में पर्याप्त सफलता का दावा किया है।

## यूक्रेन युद्ध में 6 हजार से अधिक उत्तर कोरियाई सैनिक हताहत : ब्रिटिश

**सोल,** 16 जून (एजेंसियां)। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी सेना के खिलाफ लड़ाई में उत्तर कोरिया के 6,000 से अधिक सैनिकों के हताहत होने का अनुमान जताया है। मंत्रालय ने रविवार को एक्स पोस्ट पर यह आकलन साझा किया। मंत्रालय का यह आकलन अप्रैल की शुरुआत में रूस के पश्चिमी सीमावर्ती क्षेत्र कुर्स्क में 5,000 से अधिक उत्तर कोरियाई सैनिकों के हताहत होने के अनुमान के दो महीने बाद आया है। मंत्रालय ने कहा कि कुल हताहतों की संख्या कुर्स्क क्षेत्र में शुरू में तैनात किए गए लगभग 11,000 डीपीआरके सैनिकों के आधे से ज्यादा है। डीपीआरके उत्तर कोरिया का आधिकारिक नाम है, जिसका मतलब है- डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया।

मंत्रालय के अनुसार अब तक युद्ध में उत्तर कोरिया की कार्रवाई कुर्स्क क्षेत्र तक ही सीमित रही है। मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेनी क्षेत्र में तैनाती के किसी भी फैसले के लिए संभवत: रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन की मंजूरी जरूरी होती है।

## आज का इतिहास

1609-नीदरलैंड, इंगलैंड और फ्रांस ने 12 वर्षों के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

1674-शाहजी भोंसले की पत्नी तथा छत्रपति शिवाजी की माता जीजाबाई का निधन।

1756-नवाब सिराजुद्दौला ने 50 हजार सैनिकों के साथ कलकत्ता पर आक्रमण किया।

1799-नेपोलियन बोनापार्ट ने इटली को अपने साम्राज्य में शामिल किया।

1858-1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का निधन।

1885-स्टैचू ऑफ लिबर्टी न्यूयार्क के बंदरगाह पहुंचा।

1928-प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार, कवि, साहित्यकार तथा उड़ीसा के प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता गोपबंधु दास का निधन।

1942-उत्तराखंड के राजनीतिज्ञ तथा पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी का जन्म।

1973-भारत के सर्वश्रेष्ठ टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस का जन्म।

1981-हिन्दी चलचित्र अभिनेत्री अमृता राव का जन्म।

1991-राजीव गांधी को मरणोपरांत भारत रत्न दिया गया।

1994-उत्तरी कोरिया अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को अपने देश में बने रहने देने को सहमत।

1999-लेकेव जुमा द. अफ्रीका के उपराष्ट्रपति नियुक्त! कारगिल में चल रहे युद्ध के मद्देनजर आई.एस.आई. द्वारा कारगिल जेहाद फ़ंड की स्थापना।

2001-नेपाल शाही परिवार हत्या प्रकरण में डॉक्टर ने कहा कि दीपेन्द्र के खून में शराब का अंश नहीं था।

**तैयारी** — भारत समेत 24 देशों की सेना कर रही हैं संघर्षग्रस्त क्षेत्रों के लिए शांति का अभ्यास

## विभिन्न देशों के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना है उद्देश्य

**नई दिल्ली,** 16 जून (एजेंसियां)। भारत और अमेरिका समेत 24 देशों की सेनाएं एक महत्वपूर्ण बहुराष्ट्रीय शांति स्थापना का सैन्य अभ्यास 'ख़ान क्वेस्ट' कर रही हैं। यह अभ्यास मंगोलिया के फाइव हिल्स ट्रेनिंग एरिया में चल रहा है। अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड के साथ साझेदारी में यह अभ्यास शांति स्थापना में सैन्य कौशल को निखारने के लिए 24 देशों की सैन्य टुकड़ियों को एक साथ लाया है। सोमवार को भी इस मल्टीनेशनल संयुक्त सैन्य अभ्यास में भारत व अन्य देशों की सेनाएं महत्वपूर्ण अभ्यास कर रही हैं।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक 'खान क्वेस्ट' सैन्य अभ्यास 28 जून 2025 तक चलेगा। इसका उद्देश्य विभिन्न देशों के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना है। इसके अलावा यह अभ्यास इन 24 देशों को आपस में सीखने की प्रक्रिया के बारे में प्रोत्साहित करता है और बहुराष्ट्रीय समन्वय को मजबूती दे रहा है।

इस अभ्यास के दौरान संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में कार्य संचालन और मानवीय राहत अभियानों का अभ्यास किया जा रहा है। संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में सिविल-मिलिट्री समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही यहां ऐसी अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। ये सभी प्रशिक्षण गतिविधियां संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों के नियमों के तहत की जा रही हैं।



- 28 जून तक चलेगा 'खान क्वेस्ट' सैन्य अभ्यास

सेना का मानना है कि इस अभियान में भारत की सहभागिता उसके यूएन शांति रक्षा के समृद्ध अनुभव को दर्शाती है। वहीं मंगोलिया के साथ भारत के रणनीतिक संबंधों को भी यह अभ्यास मजबूत कर रहा है। यह अभ्यास हाल ही में मंगोलिया में संपन्न हुए 'नोमैडिक एलीफैंट 2025' अभ्यास की सफलता पर आधारित है। नोमैडिक एलीफैंट से द्विपक्षीय सैन्य संबंधों को और मजबूती मिली है। अभ्यास के दौरान भारतीय सैन्य दल विश्व के अन्य देशों की सेनाओं के साथ यथार्थ-आधारित परिदृश्यों में प्रशिक्षण कर रहा है। इससे न केवल विभिन्न देशों के बीच सामरिक समन्वय मजबूत होगा, बल्कि आपसी विश्वास, मित्रता और साझी प्रतिबद्धता की भावना को भी बल मिलेगा।

## सुडोकू 6946


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | | | | | | 3 | |
| | | 1 | 3 | | 8 | | | |
| | | 8 | | | | 7 | | |
| | 1 | 2 | 6 | | | | 8 | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 3 | 9 | | | | 7 | 2 | 1 | |
| | | 3 | | | | 1 | | |
| | | | 5 | | 3 | 4 | | |
| | 2 | | | | | | 9 | 3 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6946




**बायें से दायें:-**

१. जिसके हाथ में चक्र हो, विष्णु
३. सर्वविदित (उर्दू)
५. आलिंगन, अंकपाश (उर्दू)
६. माथा, ललाट
७. नुकसानदेह
९. निंदित, बेइज्जत (उर्दू)
१०. टालमटोल
१२. सूर्य
१३. घुंघरू
१४. अन्यमनस्यक
१६. 'टेंशन' खिंचाव
१८. श्रीराम के श्वसुर का नाम
२०. बंधक, रेहन (उर्दू)
२१. समान दरजे का
२३. लेनापति

**ऊपर से नीचे:-**

१. आलोकित होना, चौंकना
२. उद्धार होना, मुक्ति पाना (मुहावरा)
३. प्रसन्नचित्त (उर्दू)
४. भय, दहशत
५. अग्निकांड (उर्दू)
८. 'मेंटेनेंस' देखरेख
१०. उपन्यास, कहानी
११. हसरत
१२. हिंदुस्तान
१३. नया, नवीन
१४. पत्नी
१५. बजरंगबली
१७. अनीश्वरवादी
१८. सूचित करना
१९. टीस
२२. नुकसानदेह

### वर्ग पहेली-6945



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6946 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 2 | 1 | 5 | 9 | 3 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 8 | 6 | 4 | 2 |
| 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 | 8 | 9 |
| 6 | 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 | 1 | 6 | 5 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 |

## दुनिया को जानें

### एमआई6 के 116 साल के इतिहास में पहली बार महिला प्रमुख नियुक्त

**नई दिल्ली,** 16 जून (एजेंसियां)। ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी (सीक्रेट इंटेलिजेंस सर्विस) एमआई6 के 116 साल के इतिहास में पहली बार एक महिला इसके प्रमुख के रूप में नियुक्त की गई हैं। ब्लेज मेट्रेवेली इस साल के अंत में सर रिचर्ड मूर का स्थान लेंगी और 18वीं प्रमुख बनेंगी। वह 1999 में इस संगठन में शामिल हुई थीं।

ब्लेज मेट्रेवेली वर्तमान में एमआई6 में प्रौद्योगिकी और नवाचार की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। यह ऐतिहासिक नियुक्ति एक ऐसे समय में हो रही है जब इन खुफिया सेवाओं का काम पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। एमआई6 ब्रिटेन की अंतरराष्ट्रीय खुफिया एजेंसी है, जिसका काम विदेशी धरती पर खुफिया जानकारी जुटाकर देश की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके मुख्य कार्यों में आतंकवाद को रोकना, शत्रु देशों की गतिविधियों को बाधित करना, और साइबर सुरक्षा को मजबूत करना शामिल है। इसका प्रमुख आमतौर पर 'सी' के नाम से जाना जाता है। 'सी' विदेश सचिव को रिपोर्ट करता है और जॉइंट इंटेलिजेंस कमेटी का हिस्सा होता है, जिसमें अन्य विभागों के प्रमुख और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शामिल होते हैं।

# खेल जगत

## डब्ल्यूटीसी फाइनल में मार्करम की शतकीय पारी के मुरीद हुए रिकी पोंटिंग

**नई दिल्ली,** 16 जून (एजेंसियां)। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज एडेन मार्करम ने 136 रन की पारी खेली। उनके इस शतक ने विपक्षी ऑस्ट्रेलिया टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को भी प्रभावित किया है। एडेन मार्करम को खराब प्रदर्शन के चलते 2022/23 सीजन में ऑस्ट्रेलियाई टीम से बाहर कर दिया गया था, लेकिन इसके बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ 115 रन की पारी और केपटाउन में भारत के विरुद्ध एक और शतक के साथ इस खिलाड़ी ने टेस्ट में वापसी का संकेत दिया। आईसीसी डिजिटल पर रिकी पोंटिंग ने मार्करम की तारीफ करते हुए कहा, 'जब टीम को आपकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है, तब उस तरह का प्रदर्शन करने में सक्षम होना ही आपको सम्मान दिलाता है। मुझे लगता है कि हर कोई हमेशा से जानता है कि एडेन मार्करम कितने अच्छे खिलाड़ी हैं।



# भारत और श्रीलंका में होगा आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 क्रिकेट का उद्घाटन मैच

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 16 जून (देशबन्धु)। भारत और श्रीलंका के बीच 30 सितम्बर को चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरू में खेले जाने वाले उद्घाटन मैच से आईसीसी महिला वन डे विश्व कप 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज होगा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 5 अक्टूबर को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में भिड़ेगी जबकि बांग्लादेश से वह भी 26 अक्टूबर को बेंगलुरू में ही भिड़ेगी। आईसीसी ने आईसीसी महिला वन डे विश्व कप 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट के कार्यक्रम की पुष्टि सोमवार को की। इसके मुताबिक पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को होगा गुवाहाटी में होगा यदि पाकिस्तान की टीम इसमें पहुंचती तो यह कोलंबो में होगा। इसी तरह पाकिस्तान की टीम यदि 2 नवम्बर को फाइनल में पहुंचती तो भी वह कोलंबो में ही अपने प्रतिद्वंद्वी से भिड़ेगी अन्यथा यह बेंगलुरू मे होगा।

भारत ने पहलगाम में आतंकी हमले के बाद उसके खिलाफ मई में 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) हाईब्रिड करार पर सहमति के चलते पाकिस्तान अपने सभी मैच कोलंबो में खेलेगा। पाकिस्तान कोलंबो में भारत से 5 अक्टूबर को भिड़ने के साथ वहीं 2 अक्टूबर को बांग्लादेश, 15



अक्टूबर को इंग्लैंड , 18 अक्टूबर को न्यूजीलैंड से तथा 24 अक्टूबर को श्रीलंका से भिड़ेगा। पाकिस्तान की टीम यदि सेमीफाइनल या फाइनल में पहुंचती है तो वह ये दोनों बड़े मुकाबले कोलंबो में ही खेलेगी। मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम अपने अभियान का आगााज 1 अक्टूबर को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच खेल का करेगी और इसके बाद 8 अक्टूबर को पाकिस्तान से कोलंबो में भिड़ेगी जबकि उपविजेता इंग्लैंड से 22 अक्टूबर को इंदौर में भिड़ेगी ।2022 के संस्करण की उपविजेता इंग्लैंड अपने अभियान का आगाज 3 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच खेल कर करेगी जबकि बांग्लादेश अपने पहले मैच में 2 अक्टूबर को कोलंबो में पाकिस्तान से भिड़ेगा।

बांग्लादेश की टीम पाकिस्तान के खिलाफ कोलंबो में अपने अभियान का आगाज करने के साथ अगले तीन मैच विशाखापट्टनम में खेलेगी जबकि श्रीलंका

■ भारत चिर प्रतिद्वंद्वी पाक से 5 अक्टूबर को कोलंबो में भिड़ेगा
■ पाक अपने सभी मैच कोलंबो में खेलेगा, फाइनल 2 नवम्बर को

(20 अक्टूबर) से कोलंबो में खेलेगी। वहीं दक्षिण अफ्रीका की टीम न्यूजीलेंड के खिलाफ 6 अक्टूबर को और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 25 अक्टूबर को इंदौर में खेलेगी।

आईसीसी वन डे महिला विश्व कप क्रिकेट विश्व कप में कुल 28 लीग मैच भारत में 'बेंगलुरू, इंदौर, गुवाहाटी, विशाखापट्टनम और कोलंबो में खेले जाएगे ।आखिरी डबल हेडर में इंग्लैंड की टीम न्यूजीलैंड से तथा भारत की टीम बांग्लादेश से 26 अक्टूबर को भिड़ेगी। पहला सेमीफाइनल गुवाहाटी अथवा कोलंबो में खेला जाएगा(इस पर निर्भर करेगा की पाकिस्तान की टीम कहां तक पहुंचेगी) दूसरा सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को बेंगलुरू में खेला जाएगा । फाइनल 2 नवंबर को बेंगलुरू अथवा कोलंबो (पाकिस्तान फाइनल में पहुंचा तो कोलंबो अन्यथा बेंगलुरू) में खेला जाएगा। भारत 9 अक्टूबर को विशाखापत्तनम में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा, इसके बाद 12 अक्टूबर को इसी मैदान पर ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा। वहीं, 19 अक्टूबर को इंदौर भारतीय टीम अपना अगला मैच इंग्लैंड से, 23 अक्टूबर को गुवाहाटी में न्यूजीलैंड से तथा 26 अक्टूबर को बेंगलुरु में बांग्लादेश के खिलाफ लीग चरण का अपना आखिरी मैच खेलेगी। दूसरा सेमीफाइनल 30 अक्टूबर को बेंगलुरु में और फाइनल 2 नवंबर को होगा।

भारत 2013 के बाद पहली बार आईसीसी महिला वन डे विश्व कप की मेजबानी कर रहा। 2025 के आईसीसी महिला वन डे विश्व कप का प्रारूप 2022 के संस्करण जैसा होगा जिसमें की इसमें शिरकत करने वाली सभी आठ टीमें एक दूसरे के खिलाफ राउंड रॉबिन आधार पर खेलेंगी और शीर्ष चार टीमें सेमफाइनल में पहुंचेगी। मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, पिछली उपविजेता इंग्लैंड,दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका तथा मेजबान भारत सीधे महिला वन डे विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई किया है जबकि आखिरी दो स्थान पाकिस्तान और बांग्लादेश ने क्वॉलिफायर्स से हासिल किए।

आईसीसी के चैयरमैन जय शाह ने कहा, ' आईसीसी महिला वन डे विश्व कप 2025 के कार्यक्रम की पुष्टि से इसके लिए उत्साह व उत्सुकता और बढ़ जाएगी। दुनिया की आठ सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेट टीमों के भारत आने, शानदार आयोजन स्थलों और रिकॉर्ड तोड़ भीड़ के साथ, हम सभी एक यादगार टूर्नामेंट की बाट जो रहे हैं।

### शुरुआती मैच व नॉकआउट

| | |
|---|---|
| उदघाटन मैच 30 सितम्बर | भारत वि श्रीलंका, बेंगलुरू। |
| 2 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया वि न्यूजीलैंड, इंदौर। |
| 3 अक्टूबर | इंग्लैंड वि द अफ्रीका, बेंगलुरू। |
| 29 अक्टूबर | पहला सेमीफाइनल गुवाहाटी/कोलंबो। |
| 30 अक्टूबर | दूसरा सेमीफाइनल, बेंगलुरू। |
| 2 नवंबर | फाइनल, बेंगलुरू/कोलंबो। |

### भारत के मैचों का कार्यक्रमः

| | |
|---|---|
| 30 सितम्बर | भारत वि.श्रीलंका, बेंगलुरू |
| 5 अक्टूबर | भारत वि. पाकिस्तान, कोलंबो । |
| 9 अक्टूबर | भारत वि. दक्षिण अफ्रीका, विशाखापट्टनम। |
| 12 अक्टूबर | भारत वि. ऑस्ट्रेलिया, विशाखापट्टनम।। |
| 19 अक्टूबर | भारत वि इंग्लैंड, इंदौर। |
| 23 अक्टूबर | भारत वि न्यूजीलैंड, गुवाहाटी। |
| 26 अक्टूबर | भारत वि बांग्लादेश, बेंगलुरू। |

# आज लीड्स में भारतीय टीम के साथ वापस जुड़ेंगे गौतम गंभीर



प्लेइंग इलेवन पर लेने हैं कई फैसले

**नई दिल्ली,** 16 जून (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर मंगलवार को टीम के साथ वापस जुड़ने जा रहे हैं। गंभीर बीते हफ्ते फैमिली इमरजेंसी के चलते इंग्लैंड से वापस भारत लौट आए थे। गौतम गंभीर की मां को खराब स्वास्थ्य के चलते हॉस्पिटल एडमिट करवाना पड़ा था। अब इस घटनाक्रम से वाकिफ सूत्रों ने बताया है कि गौतम गंभीर लीड्स में खेले जाने वाले टेस्ट से पहले संभवत: मंगलवार को इंग्लैंड पहुंचेंगे। भारतीय खिलाड़ी कुछ समय पहले इंट्रा-स्क्वाड मैच खेलने के लिए बेकेनहैम में रुके थे। यह मैच बंद दरवाजों के पीछे खेला गया था, जिससे जुड़े अपडेट बीसीसीआई के सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किए गए थे। गौतम गंभीर की गैरमौजूदगी में बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक, गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल, असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट और फील्डिंग कोच टी दिलीप ने भारतीय टीम को हेडिंग्ले में शुरू होने वाली आगामी टेस्ट सीरीज की तैयारी में मदद की।

भारतीय खिलाड़ी कुछ समय पहले इंट्रा-स्क्वाड मैच खेलने के लिए बेकेनहैम में रुके थे

जब इंट्रा-स्क्वाड गेम चल रहा था, उसी समय पूर्व भारतीय क्रिकेटर और बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण की टीम के साथ तस्वीरें सामने आईं। इससे फैंस के बीच उत्सुकता पैदा हो गई। इसके पीछे की वजह लक्ष्मण का भारतीय टीम के साथ होना और ठीक उसी समय गौतम गंभीर का नई दिल्ली में अपने परिवार के साथ होना था। लेकिन सूत्रों ने बताया कि लक्ष्मण का भारतीय टीम से मिलना उनके कार्यक्रम का हिस्सा था। ओलंपिक से जुड़े एक समारोह के लिए स्विट्जरलैंड के लुसाने में रहने के बाद लक्ष्मण को सिर्फ दो दिनों के लिए इंग्लैंड में रहना था। लीड्स में वापस आने के बाद, गंभीर और भारतीय टीम के थिंक-टैंक को प्लेइंग इलेवन के बारे में कई फैसले लेने हैं। इनमें जसप्रीत बुमराह कौन से तीन टेस्ट खेलेंगे? कौन तीसरे और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे? इन सवालों के जवाब खोजे जाएंगे। एक ओर बी साई सुदर्शन, करुण नायर, ध्रुव जुरेल और अभिमन्यु ईश्वरन मिडिल ऑर्डर पर बल्लेबाजी के दावेदार हैं। वहीं, दूसरी तरफ नीतीश कुमार रेड्डी और शार्दुल ठाकुर जैसे दो तेज गेंदबाजों को लेकर मैनेजमेंट उलझन में है।

# भारत ने आईएसएसएफ विश्व कप में जीते चार पदक

**म्यूनिख,** 16 जून (एजेंसियां)। भारत के निशानेबाजों ने जर्मनी के म्यूनिख में तीसरे आईएसएसएफ विश्वकप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण और दो कांस्य सहित कुल चार पदक जीते। इस टूर्नामेंट में भारत के 36 सदस्यीय दल ने भाग लिया। टूर्नामेंट की पदक तालिका में भारत तीसरे स्थान पर रहा। चीन पहले और नॉर्वे दूसरे स्थान पर रहे। गन फॉर ग्लोरी अकादमी में प्रशिक्षण ले रही दो बार की ओलंपियन एलावेनिल वलारिवन ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल श्रेणी में 231.2 अंक हासिल करते हुए कांस्य पदक के साथ भारत का पदक खाता खोला। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने इसी स्पर्धा के क्वालिफिकेशन राउंड के दौरान 635.9 का असाधारण स्कोर दर्ज करते हुए



■ इस टूर्नामेंट में भारत के 36 सदस्यीय दल ने भाग लिया
■ दो स्वर्ण और दो कांस्य सहित कुल चार पदक जीते

एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया।

इसके अलावा राइफल निशानेबाज सिफ्ट कौर समरा ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में 453.1 के अंतिम स्कोर के साथ पोडियम पर तीसरा स्थान हासिल किया। उन्नीस वर्षीय सुरुचि सिंह ने म्यूनिख में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में 241.9 का स्कोर हासिल करते हुए अपना तीसरा स्वर्ण पदक जीता। अर्जुन बाबूता और आर्य बोरसे की शानदार जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में चीन की टीम पर 17-7 की शानदार जीत दर्ज करते हुए भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता।गन फॉर ग्लोरी के एक और होनहार एथलीट मैडेननी उमामहेश ने टूर्नामेंट में अपने कौशल का प्रदर्शन किया और 632.3 के स्कोर के साथ पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष आठ में स्थान पाने वाले एकमात्र भारतीय एथलीट बन गए। महिला निशानेबाज वलारिवन ने कहा, 'हम अपने देश के लिए कुछ जीतने के सपने को साकार करने के लिए प्रतिदिन प्रशिक्षण लेते हैं। मैं गन फॉर ग्लोरी सेटअप और विशेष रूप से कोच नेहा चव्हाण का बहुत आभारी हूं, जिन्होंने मुझे उस खेल में उत्कृष्टता हासिल करने में मदद करने के लिए निरंतर मार्गदर्शन और मदद की, जिसे मैं बहुत प्यार करती हूं।

# हम अर्जेंटीना के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए है तैयारः सलीमा टेटे

**लंदन,** 16 जून (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने सोमवार को कहा कि हम 17 और 18 जून को लंदन में होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के मैचों में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम अर्जेंटीना के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को तैयार है। आगामी मैचों के बारे में सलीमा टेटे ने कहा, 'अर्जेंटीना हॉकी में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम है और उसने अब तक 12 एफआईएच प्रो लीग मैचों में से सात जीते हैं। लीग के इस चरण में आने से पहले हम जानते थे कि उन्हें हराना मुश्किल होगा, लेकिन हम बिना लड़े हार नहीं मानेंगे। हम दोनों मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। टीम उनसे मुकाबला करने के लिए अच्छी तरह से अभ्यास और महत्वपूर्ण अंक हासिल करने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर काम कर रही है।'

उप कप्तान नवनीत कौर ने कहा, 'जैसा कि आपने देखा, टीम ने पिछले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी है और हम अर्जेंटीना के खिलाफ भी ऐसा ही करने की योजना बना रहे हैं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे और जीत का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। अर्जेंटीना के खिलाफ जीत से न केवल हमें अंक हासिल करने में मदद मिलेगी, बल्कि इससे टीम का मनोबल भी बढ़ेगा। हम बेल्जियम और चीन के खिलाफ मैच खेलने के लिए एंटवर्प और फिर बर्लिन जाएंगे।' भारतीय महिला हॉकी टीम लंदन के ली वैली हॉकी एंड टेनिस सेंटर में 17 जून को अर्जेंटीना के खिलाफ पहला और उसके बाद 18 जून को दूसरा मैच खेलेगी।



हम 17 और 18 जून को लंदन में होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के मैचों में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम अर्जेंटीना के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को तैयार हैः **सलीमा टेटे, कप्तान,भारतीय महिला हॉकी टीम**

# फीफा क्लब विश्वकप में यूरोप के दिग्गज क्लबों ने जीत दर्ज की

**न्यूयॉर्क,** 16 जून (एजेंसियां)। फीफा क्लब विश्व कप में यूरोप के दिग्गज फुटबॉल क्लबों बायर्न म्यूनिख और पेरिस सेंट-जर्मेन ने जीत के साथ शानदार शुरुआत की। इसके अलावा बोटाफोगो ने सिएटल साउंडर्स पर मामूली अंतर से जीत दर्ज की, जबकि पाल्मेरास और पोर्टो के बीच खेला गया मैच गोल रहित ड्रॉ रहा। ग्रुप सी में रविवार को मिडफील्डर जमाल मुसियाला की दूसरे हाफ में लगाई गई हैट्रिक की बदौलत बायर्न म्यूनिख ने ऑकलैंड सिटी पर 10-0 के साथ बड़ी जीत हासिल की, जबकि किंग्सले कोमन और माइकल ओलिस ने दो-दो गोल किए। साचा बोए और थॉमस मुलर और अन्य ने भी एक-एक गोल दागे। बायर्न की जीत क्लब विश्व कप के इतिहास में सबसे बड़ी जीत है, जिसने 2021 में अल-हिलाल की अल जज़ीरा पर 6-1 की जीत को पीछे छोड़ दिया। ग्रुप बी में नयी यूरोपीय चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन ने दोनों हाफ में दो गोल करके कैलिफोर्निया के पासाडेना में रोज बाउल में 80 हजार से अधिक




प्रशंसकों के सामने एटलॉटिको मैड्रिड पर 4-0 की जीत हासिल की। ब्राजील के पाल्मेरास और पुर्तगाली टीम पोर्टो ने न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में ग्रुप ए के अपने मुकाबले में गोलरहित ड्रॉ खेला। ग्रुप बी के दूसरे मुकाबले में सीरी ए चैंपियन बोटाफोगो ने एमएलएस क्लब सिएटल साउंडर्स पर 2-1 से जीत हासिल की। जैर और इगोर जीसस के हेडर ने हाफटाइम तक बोटाफोगो को 2-0 की बढ़त दिलाई, लेकिन क्रिस्टियन रोल्डन ने गोलकर जीत के अंतर को कम कर दिया।

# जिसे समझा अपना `आइडल', उसी के साथ इंग्लैंड दौरे पर खेलेंगे साईं सुदर्शन

**नई दिल्ली,** 16 जून (एजेंसियां)। भारत-इंग्लैंड के बीच 20 जून से लीड्स में टेस्ट सीरीज की शुरुआत होने जा रही है। इसी बीच शानदार फॉर्म से चल रहे बाएं हाथ के बल्लेबाज बी साईं सुदर्शन ने खुलासा किया है कि तमिलनाडु टीम के साथी खिलाड़ी वाशिंगटन सुंदर उनके प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। ऐसा पहली बार है, जब वॉशिंगटन सुंदर और साईं सुदर्शन इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट टीम का हिस्सा रहे हैं। सुदर्शन ने 'बीसीसीआईडॉटटीवी' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, 'जब मैं युवा था, तब से ही वाशिंगटन मेरे प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। मैंने उनके खिलाफ कुछ मैच खेले हैं, इसलिए यह हमेशा खास होता है। ईमानदारी से कहूं तो मैंने उनसे बहुत प्रेरणा ली है। जिस तरह से वह आगे बढ़े और देश के लिए खेले, वह वाकई बहुत शानदार था।' उल्लेखनीय है कि आईपीएल में कुछ साल अच्छा खेलने के बाद वाशिंगटन सुंदर को भारत की सीनियर टीम में खेलने का मौका मिला था।



'जब मैं युवा था, तब से ही वाशिंगटन मेरे प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। मैंने उनके खिलाफ कुछ मैच खेले हैं, इसलिए यह हमेशा खास होता है। ईमानदारी से कहूं तो मैंने उनसे बहुत प्रेरणा ली हैः **साईं सुदर्शन**

साईं सुदर्शन ने आगे बताया, 'जब मैं छोटा था, तब से उन्हें जानता हूं। उनके साथ खेलता हूं। यह एक तरह की प्रेरणा है। इससे मुझे लगा कि मैं भी उसी तरह से खेलना चाहता हूं। वह बचपन से ही मेरे लिए प्रेरणा रहे हैं।' आईपीएल 2025 में ऑरेंज कैप जीतने वाले सुदर्शन भारत के लिए तीन वनडे और एक टी20 मैच खेल चुके हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वह प्रभावशाली नजर आए हैं। सुदर्शन ने काउंटी टीम सरे के लिए दो सत्रों में 281 रन बनाए। इसी के साथ उन्होंने टीम को चैंपियनशिप जिताने में अहम रोल निभाया। दूसरी ओर, वाशिंगटन सुंदर ने साल 2017 में भारत के लिए डेब्यू किया था। वह पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में वापसी के बाद से टेस्ट टीम का हिस्सा रहे हैं।

भारत की इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 20 जून से 4 अगस्त तक चलेगी। यह मैच हेडिंग्ले, एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और द ओवल में खेले जाने हैं। शुभमन गिल की अगुआई में भारत 2007 के बाद पहली बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।

## सार संक्षेप

### राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता 27 जून से पंचकूला में

**चंडीगढ़।** हरियाणा में राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता (महिला एवं पुरुष वर्ग) का आयोजन 27 से 29 जून तक पंचकूला में किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में महिला (सीनियर वर्ग) में भार 45-48 किलोग्राम, 51 किलोग्राम, 54 किलोग्राम, 57 किलोग्राम, 6 किलोग्राम, 65 किलोग्राम, 7 किलोग्राम, 75 किलोग्राम, 8 किलोग्राम, +8 किलोग्राम तथा पुरुष (सीनियर वर्ग) में 47-5 किलोग्राम, 55 किलोग्राम, 6 किलोग्राम, 65 किलोग्राम, 7 किलोग्राम, 75 किलोग्राम, 8 किलोग्राम, 85 किलोग्राम, 9 किलोग्राम, +9 किलोग्राम भार वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

### डीडीसीए ने शहरव्यापी टी-2 क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने सोमवार को अपने बहुप्रतीक्षित टी-2 क्रिकेट टूर्नामेंट का आधिकारिक तौर पर शुभारंभ किया। सोमवार को यहां सेंट स्टीफंस कॉलेज ग्राउंड में राष्ट्रीय राजधानी की सबसे बड़ी अंतर-क्लब प्रतियोगिताओं में से एक टी-2 क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत मद्रास सीसी और यॉर्क सीसी के बीच एक रोमांचक उद्घाटन मैच के साथ हुई। प्रतियोगिता में कुल 14 क्लब भाग लेंगे। टीमों को ग्रुप चरण के लिए नौ पूल में विभाजित किया गया है। इस अवसर पर डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा, 'यह टूर्नामेंट दिल्ली क्रिकेट के लिए एक मजबूत भविष्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य ऐसे और अधिक मंच प्रदान करना है जहाँ युवा और महत्वाकांक्षी खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा कर सकें, आगे बढ़ सकें और मूल्यवान अनुभव प्राप्त कर सकें। मुझे भरोसा है कि यह पहल क्रिकेटरों की नई पीढ़ी को प्रेरित करेगी और स्थानीय क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र में अधिक ऊर्जा लाएगी।' उद्घाटन कार्यक्रम में डीडीसीए के सचिव अशोक शर्मा, निदशेक श्याम शर्मा , सह अध्यक्ष लीग समिति डॉ. अहमद तमीम सह संयोजक हर्ष गुप्ता और वरिष्ठ सचिव प्रमोद जैन और शरवन कुमार मौजूद थे।

### एमएलसी 225 : सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स ने लगाई जीत की 'हैट्रिक'

**नई दिल्ली।** सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स ने मेजर लीग क्रिकेट-225 (एमएलसी) के छठे मैच में जीत दर्ज की। इस टीम ने कैलिफोर्निया में खेले गए मुकाबले में एमआई न्यूयॉर्क को तीन विकेट से मात दी। यह इस सीजन में सैन फ्रांसिस्को की लगातार तीसरी जीत है।

# आज से श्रीलंका-बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज एंजेलो मैथ्यूज के लिए बेहद खास होगा पहला मैच

**नई दिल्ली,** 16 जून (एजेंसियां)। श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज 17 जून से शुरू होने जा रही है। पहला मैच गाले और दूसरा कोलंबो में खेला जाएगा। टेस्ट सीरीज के अलावा श्रीलंका दौरे पर बांग्लादेश की टीम तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज और इतने ही मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच क्रिकेट इतिहास में अब तक 26 टेस्ट खेले गए हैं, जिसमें 20 श्रीलंका ने अपने नाम किए। बांग्लादेश की टीम श्रीलंका के खिलाफ महज एक ही टेस्ट जीत सकी है। वहीं, पांच मुकाबले ड्रॉ रहे हैं।

दोनों देशों के बीच पहला टेस्ट सितंबर 2001 में खेला गया था। बांग्लादेश ने जो इकलौता टेस्ट इस देश के खिलाफ जीता, वह मार्च 2017 में खेला गया था। धनंजय डी सिल्वा की कप्तानी में श्रीलंकाई टीम अपने नए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करने जा रही है। बांग्लादेश के खिलाफ चुनी गई टीम में कई नए खिलाड़ियों को श्रीलंकाई टीम में शामिल किया गया है। इनमें पवन रत्नायके, इसिथा विजेसुंदरा और पसिंदु सूरियाबंडारा नए चेहरे हैं। इस टीम में सोनल दिनुषा और लाहिरु उदारा अपनी जगह बचाने में कामयाब रहे हैं, जबकि स्क्वॉड में चुने गए चोटिल तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा पहला टेस्ट नहीं खेल सकेंगे। बांग्लादेश की कमान नजमुल हुसैन शांतो के हाथों में है। मेहदी हसन मिराज, लिटन दास, इबादत हुसैन और शादमान इस्लाम से फैंस को खासा उम्मीदें होंगी। बांग्लादेश और श्रीलंका की टीमें पहला टेस्ट गाले में 17-21 जून के बीच खेलेंगी। दूसरा मुकाबला कोलंबो में 25-29 जून के बीच खेला जाना है।



## अपना आखिरी टेस्ट खेलने जा रहे एंजेलो मैथ्यूज साथी खिलाड़ी ने लिखा `इमोशनल पोस्ट'

**नई दिल्ली।** श्रीलंकाई विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश चांडीमल ने पूर्व कप्तान एंजेलो मैथ्यूज के लिए इमोशनल मैसेज लिखा है। मैथ्यूज गाले में बांग्लादेश के खिलाफ श्रीलंका के लिए अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलेंगे। पिछले महीने मैथ्यूज ने घोषणा की थी कि वह गाले में बांग्लादेश के विरुद्ध पहले मैच के बाद टेस्ट से संन्यास ले लेंगे। एंजेलो मैथ्यूज इस समय 38 साल के हैं। मैथ्यूज ने साल 2009 में पाकिस्तान के खिलाफ इसी मैदान पर अपना टेस्ट डेब्यू किया था। मैथ्यूज 15 से अधिक वर्षों से श्रीलंकाई क्रिकेट के अहम सदस्य रहे हैं। उन्होंने एक ऑलराउंडर और एक लीडर, दोनों के रूप में शानदार प्रदर्शन किया है।

बांग्लादेश के विरुद्ध पहले मैच के बाद टेस्ट से संन्यास ले लेंगे

# मार्नस लाबुशेन को टॉप ऑर्डर में बनाए रखना चाहते हैं जस्टिन लैंगर

**नई दिल्ली,** 16 जून (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज जस्टिन लैंगर ने टीम को सलाह दी है कि वह मार्नस लाबुशेन को टॉप ऑर्डर में बनाए रखें। इसके साथ ही उन्होंने इस खिलाड़ी को टीम के लिए महत्वपूर्ण कड़ी बताया है। लैंगर ने पर्थ में 'स्टेट ऑफ ओरिजिन रग्बी लीग सीरीज' की तैयारियों के दौरान पत्रकारों से कहा, 'मार्नस 50 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे हैं। उनका औसत (46.19) अभी भी अच्छा है। सभी खिलाड़ी ऐसे दौर से गुजरते हैं। अगर आप रन नहीं बना रहे, तो सुर्खियों में रहेंगे। अगर मार्नस अच्छा नहीं खेल रहे, तो एक बड़ा अंतर आ जाता है, क्योंकि ट्रेविस हेड निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हैं। इसलिए वह टीम के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'अगर मैं ऑस्ट्रेलियाई मैनेजमेंट में होता, तो अपना पूरा फोकस मार्नस को बेहतर प्रदर्शन करने पर करता। मुझे यकीन है कि वह ऐसा कर रहे हैं।' ऑस्ट्रेलिया को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से पांच विकेट से हार का सामना पड़ा था, जिसके बाद लाबुशेन को आगामी सीरीज में मौका मिलना मुश्किल नजर आ रहा है।



### सुडोकू 6946 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 2 | 1 | 5 | 9 | 3 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 8 | 6 | 4 | 2 |
| 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 | 8 | 9 |
| 6 | 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 | 1 | 6 | 5 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 |

# अर्थ जगत

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| अल्ट्रासिम्को | 2.39 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.12 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.66 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.40 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 1.39 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 3.56 प्रतिशत |
| डॉ रेड्डी लैब | 1.15 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 0.35 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.19 प्रतिशत |
| अडाणी टोटल गैस | 0.10 प्रतिशत |

**सर्राफा**

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 99,373 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,06,700 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5900 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7500-7600 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9500-9600 |
| अरहर दाल | 8600-8700 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# केंद्र सरकार ने शुरू किया 'जीएसटी पखवाड़ा'

- **गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स के 8 साल पूरे होने पर हो रहा आयोजन**
- **जीएसटी दिवस के अवसर पर 30 जून तक चलेगा कार्यक्रम**

**नई दिल्ली,** 16 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने सोमवार को पूरे देश में जीएसटी पखवाड़ा शुरू किया, जो 1 जुलाई को मनाए जाने वाले जीएसटी दिवस के अवसर पर 30 जून तक चलेगा।

दो सप्ताह तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) के बारे में जागरूकता फैलाना और करदाताओं की समस्याओं का समाधान करने में सहायता करना है। देश भर में सभी केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) आयुक्तालयों में मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने के लिए हेल्पडेस्क स्थापित किए गए हैं।

यह पहल भारत में जीएसटी लागू होने के आठ वर्ष पूरे होने के अवसर पर लॉन्च की गई है। एक जुलाई, 2017 को देश में जीएसटी को लागू किया गया था। यह पहल ऐसे समय में शुरू की गई है जब गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स नेटवर्क (जीएसटीएन) ने रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण



बदलावों का ऐलान किया है जो जुलाई 2025 की कर अवधि से प्रभावी होंगे।

नए बदलावों के लागू होने के बाद मासिक जीएसटी भुगतान फॉर्म जीएसटीआर-3बी को एडिट नहीं किया जा सकता है। सीबीआईसी के अनुसार, इसका मतलब है कि व्यवसाय अब फाइलिंग करने के बाद किसी भी विवरण को मैन्युअल रूप से नहीं बदल पाएंगे। इसके बजाय अब इस फॉर्म को जीएसटीआर-1 जैसे अन्य फॉर्म से बिक्री डेटा के आधार पर स्वतः भर दिया जाएगा और फॉर्म जीएसटीआर-1ए के माध्यम से पहले से ही सुधार करना होगा।

जीएसटीएन ने कहा कि जीएसटी रिटर्न के बीच सटीकता में सुधार और राजस्व लीकेज को रोकने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, रिटर्न दाखिल करने के लिए एक सख्त समय सीमा शुरू की जा रही है। जुलाई 2025 से, करदाताओं को नियत तिथि के तीन साल से अधिक समय बाद कोई भी जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की अनुमति नहीं होगी। यह नियम जीएसटीआर-1, जीएसटीआर-3बी, जीएसटीआर-9, जीएसटीआर-4 और अन्य सहित सभी प्रकार के रिटर्न पर लागू होगा। यह बदलाव वित्त अधिनियम, 2023 का हिस्सा था और अब इसे जीएसटी पोर्टल पर लागू किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, सीबीआईसी की ओर से करदाताओं को सलाह दी गई है कि वे अपने रिकॉर्ड की समीक्षा करें और नए नियमों के लागू होने से पहले किसी भी लंबित रिटर्न को जमा करें ताकि स्थायी रूप से लॉक आउट होने से बचा जा सके।

## पीएम वाणी के लिए टैरिफ की सिफारिश



**नई दिल्ली।** पीएम-वाणी योजना के तहत रिटेल फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करने वाला प्रत्येक सेवा प्रदाता पब्लिक डेटा ऑफिस (पीडीओ) को 200 एमबीपीएस तक के अपने सभी रिटेल एफटीटीएच ब्रॉडबैंड प्लान देना होगा जिसका टैरिफ बैंडविड्थ (क्षमता) के अनुरूप एफटीटीएच ब्रॉडबैंड प्लान के वास्ते रिटेल ग्राहकों के लिए लागू टैरिफ के दोगुने से अधिक नहीं होना चाहिए। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने पीएम-वाणी योजना के तहत पीडीओ के लिए रिटेल ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के वास्ते टैरिफ पर दूरसंचार टैरिफ (71वां संशोधन) आदेश 2025 सोमवार को जारी किया जिसमें यह सिफारिश की गयी है। ट्राई ने कहा है कि यह मूल्य निर्धारण फ्रेमवर्क छोटे पैमाने के पीडीओ की वहन-क्षमता सुनिश्चित करते हुए सभी हितधारकों के हितों को उचित रूप से संतुलित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है साथ ही इसमें ब्रॉडबैंड कनेक्शन सेवा प्रदाताओं को उचित प्रतिफल प्रदान किया गया है। प्रस्तावित टैरिफ ढांचा मौजूदा बाजार परिदृश्य, पीएम-वाणी सेवाओं को अपनाने के वर्तमान स्तरों के साथ-साथ संभावित भविष्य के विकास को ध्यान में रखते हुये तैयार किया गया है। इस फ्रेमवर्क का उद्देश्य उपर्युक्त विचारों के साथ सामंजस्य बैठाते हुए पीएम-वाणी पहल के तहत पब्लिक वाई-फाई इकोसिस्टम के व्यवस्थित, टिकाऊ और समावेशी विकास को सुविधाजनक बनाना है।

## मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में उबाल

**नई दिल्ली,** 16 जून (एजेंसियां)। मध्य पूर्व में इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष के कारण सोमवार को फिर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल देखने को मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड आज 0.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74.92 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 1.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73.83 डॉलर प्रति बैरल हो गया है।



13 जून को इजरायल की ओर से ईरान पर एयर स्ट्राइक करने के बाद से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल देखा जा रहा है और यह तब से अब तक करीब 7 प्रतिशत महंगा हो चुका है। 12 जून को ब्रेंट क्रूड का दाम 69.36 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड का दाम 66.64 डॉलर प्रति बैरल था। क्रूड ऑयल की कीमतों में बढ़त की वजह तेल संपन्न क्षेत्र में संघर्ष का लगातार बढ़ना है।


विश्लेषकों के अनुसार, उन्हें कच्चे तेल की कीमतों में कोई और वृद्धि की उम्मीद नहीं है, जब तक कि होर्मुज स्ट्रेट को बंद करने का प्रयास न किया जाए या यमन में ईरान समर्थित हौथी आतंकवादी जहाजों को निशाना न बनाया जाए। जूलियस बेयर के इकोनॉमिक्स और नेक्स्ट जनरेशन रिसर्च के प्रमुख नॉर्बर्ट रकर ने कहा कि तेल ऐसे संघर्षों का सबसे बड़ा संकेतक है और कीमतों में भी इसी के अनुसार उछाल आया है। स्थिति में उतार-चढ़ाव बना हुआ है और आने वाले दिनों और हफ्तों में पता चलेगा कि यह कितना आगे तक जाएगा।

इजरायल की यह कार्रवाई अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते पर बातचीत के खराब होने और तेहरान द्वारा यह कहने के कारण हुई है कि अगर उस पर हमला किया गया तो वह इराक और आसपास के देशों में अमेरिकी ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई करेगा।

## प्रीमियम चेरी की पहली खेप सऊदी अरब व यूएई के लिए रवाना : गोयल

**नई दिल्ली,** 16 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं व्यापार मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर से प्रीमियम चेरी की पहली वाणिज्यिक खेप सऊदी अरब और यूएई के लिए रवाना हो रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चेरी किसानों के लिए एक बड़ा बाजार खुल गया है और अब उन्हें उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने पोस्ट किया कि बहुत खुशी की बात है। जम्मू-कश्मीर से प्रीमियम चेरी की पहली वाणिज्यिक खेप सऊदी अरब और यूएई के लिए रवाना हुई है। उन्होंने कहा कि हमारे चेरी




किसानों के लिए एक बड़ा बाजार खुल गया है, जिन्हें अब अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि मोदी सरकार भारत को प्रीमियम एग्री-प्रोडक्ट के ग्लोबल सप्लायर के रूप में स्थापित करने के लिए लॉजिस्टिक्स संबंधी कमियों को दूर कर रही है। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल के लिए यह एक बड़ी जीत है। सरकार लॉजिस्टिक्स से जुड़ी बाधाओं को दूर करने और भारतीय कृषि और प्रोसेस्ड फूड प्रोडक्ट के लिए बाजार पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## थोक मुद्रास्फीति मई में`.39 प्रतिशत पर

- **थोक कीमतों में मासिक आधार पर रही नरमी**
- **सकल वस्तुओं के थोक मूल्य सूचकांक में 0.06 प्रतिशत की गिरावट**

**नई दिल्ली,** 16 जून (एजेंसियां)। थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति मई 2025 में मासिक आधार घट कर 0.39 प्रतिशत रही। अप्रैल में यह 0.85 प्रतिशत तथा पिछले साल मई में 0.39 प्रतिशत थी।

थोक मुद्रास्फीति में पिछले छह माह से लगातार गिरावट दर्ज की गई है। सरकार द्वारा सोमवार को जारी प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार अप्रैल, 2025 मई में थोक मूल्य सूचकांक अप्रैल के 154.2 अंक से घट कर मई में 154.1 पर आ गया। खाद्य वस्तुओं की कीमतों को छोड़ कर अन्य वर्गों में मासिक



आधार पर थोक कीमतों में मासिक आधार पर नरमी दिखी।

आकंड़ों के अनुसार मई में प्राथमिक वस्तुओं के थोक मूल्यों में सालाना आधार पर सामान्य रूप 2.02 प्रतिशत की कमी देखी गई। ईंधन और बिजली वर्ग में थोक मूल्य पिछले साल मई की तुलना में 2.27 प्रतिशत नीचे रहे।

विनिर्मित उत्पादों के वर्ग में थोक कीमतों में सालाना आधार पर 2.04 प्रतिशत और खाद्य उत्पादों के थोक मूल्य सूचकांक में इसी दौरान 1.72 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

मासिक आधार पर सकल वस्तुओं के थोक मूल्य सूचकांक में 0.06 प्रतिशत की गिरावट रही, जबकि प्राथमिक वस्तुओं का थोक मूल्य सूचकांक 0.05 प्रतिशत और ईंधन एवं बिजली 0.95 प्रतिशत नीचे रहा। विनिर्मित वस्तु के अप्रैल और मई के सूचकांक में कोई बदलाव नहीं दिखा, जबकि खाद्य वर्ग में थोक मूल्य सूचकांक मासिक आधार पर 0.11 प्रतिशत ऊंचा रहा।

अंतिम आंकड़ों के अनुसार मार्च 2025 में सभी वस्तुओं संबंधी थोक मूल्य सूचकांक 154.8 और उस पर आधारित थोक मुद्रास्फीाति 2.25 प्रतिशत थी। अप्रैल में जारी मार्च के प्रारंभिक आंकड़ों में थोक मूल्य सूचकांक 154.5 अंक और उस पर आधारित थोक मुद्रास्फीति 2.05 प्रतिशत बताई गई थी।

## सार संक्षेप

### भारत में नहीं है स्टारबक्स का आधिकारिक ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** टाटा स्टारबक्स ने कहा है कि भारत में उसका कोई आधिकारिक ब्रांड एंबेसडर नहीं है और इसक लिए डॉली चायवाला के साथ किसी तरह का गठबंधन नहीं किया गया है। कंपनी ने लिंकडइन पर जारी एक बयान में कहा कि हाल ही में सोशल मीडिया पर ऐसा प्रचारित किया जा रहा है कि टाटा स्टारबक्स ने भारत में औपचारिक तौर पर ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इसके मद्देनजर यह स्पष्ट किया जा रहा है कि भारत में किसी को औपचारिक तौर पर ब्रांड एंबेसडर नहीं बनाया गया है। विशेषकर डॉली चायवाला के साथ कोई गठबंधन नहीं किया गया है। कंपनी ने कहा कि किसी तीसरे पक्ष ने एक मेम बनाया जिसे गलत तरीके से वास्तविक अभियान के तौर पर देखा जा रहा है। टाटा स्टारबक्स सच्ची और वास्तविक जानकारी देने के लिए कटिबद्ध है और कंपनी अपने ग्राहकों के मूल्यों में विश्वास करती है।

### आकाश इन्विक्टस कैंपस का विस्तार

**नई दिल्ली।** प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने वाली कंपनी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए अपने विशेष आकाश इन्विक्टस परिसर का राजधानी में विस्तार करने की घोषणा की। कंपनी ने कहा कि विशेष रूप से जेईई की तैयारी कर रहे मेधावी और प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग अभ्यर्थियों के लिए आकाश इन्विक्टस का डिजाइन किया गया है। यह उच्च-गहनता वाला, व्यक्तिगत, एआई-समर्थित और परिणाम-केंद्रित उपक्रम उन छात्रों के लिए तैयार किया गया है जो आईआईटी या प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालयों में दाखिले की तैयारी कर रहे हैं। कंपनी ने कहा कि पूर्वी दिल्ली में स्थित आकाश इन्विक्टस कैम्पस एक उन्नत शैक्षणिक अनुभव के लिए पर्याप्त स्थान प्रदान करता है। इसमें दो शिफ्टों में 1,3 छात्रों को समायोजित किया जा सकता है। आकाश इन्विक्टस राजधानी दिल्ली सहित देश के 4 से अधिक शहरों में उपलब्ध होगा।

### वाटरवेज लीजर टूरिज्म का आईपीओ के लिए आवेदन

**मुंबई।** क्रूज ऑपरेटर वाटरवेज लीजर टूरिज्म ने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए 727 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आवेदन किया है। दस रुपये के अंकित मूल्य वाला यह आईपीओ 727 करोड़ रुपये तक के शेयरों का निर्गम है, जिसमें कोई ऑफर-फॉर-सेल नहीं है। इस आईपीओ से प्राप्त राशि में से 552.53 करोड़ रुपये तक जमा/अग्रिम लीज किराया और सहायक कंपनी बेक्रूज शिपिंग एंड लीजिंग प्राइवेट लिमिटेड (बेक्रूज आईएफएससी) को मासिक लीज भुगतान और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए है। यह निर्गम बुक-बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें कम से कम 75 प्रतिशत निर्गम योग्य संस्थागत खरीदारों को आवंटित किया जाना है।

# लिवाली की बदौलत गिरावट से उबरा बाजार


- **सेंसेक्स 0.84 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,796.15 अंक पर**
- **निफ्टी 0.92 प्रतिशत उछलकर 24946.50 अंक पर बंद**

**मुंबई,** 16 जून (एजेंसियां)। विश्व बाजार की तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर नीचे भाव पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले लगातार दो दिन की गिरावट से उबरकर आज शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 677.55 अंक अर्थात् 0.84 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,796.15 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 227.90 अंक यानी 0.92 प्रतिशत उछलकर 24946.50 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.93 प्रतिशत की तेजी के साथ 46,105.22 अंक और स्मॉलकैप 0.38 प्रतिशत चढ़कर 53,573.31 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4253 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1976 में तेजी जबकि 2108 में गिरावट रही वहीं 169 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 3021 कंपनियों के शेयरों में से 1483 में लिवाली जबकि 1448 बिकवाली हुई वहीं 90 में टिकाव रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, इज़राइल और ईरान के बीच जारी भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद, बाजार में तेजी देखने को मिली, जिसे प्रमुख रूप से लार्जकैप शेयरों में




मजबूती ने सहारा दिया। अनिश्चित माहौल में भी निवेशकों ने दीर्घकालिक बुनियादी कारकों पर भरोसा बनाए रखा। मध्य पश्चिम में जारी तनाव निकट भविष्य में बाजार की धारणा को प्रभावित कर सकता है और किसी भी तरह के तनाव में ढील के संकेतों पर निवेशक करीबी नजर बनाए हुए हैं।

स्मॉलकैप शेयरों के प्रदर्शन पर दबाव रहने की संभावना है, जिसका कारण उनके ऊंचे मूल्यांकन और तात्कालिक सकारात्मक कारकों की कमी है। क्षेत्रीय स्तर पर देखें तो तेल और गैस समूह ने मजबूत लाभ दर्ज किए जबकि आईटी समूह ने आगामी अमेरिकी फेडरल रिजर्व नीति बैठक की उम्मीद में बेहतर प्रदर्शन किया, जिससे ब्याज दरों की दिशा को लेकर अधिक स्पष्टता मिलने की उम्मीद है।

वैश्विक स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.36, जर्मनी का डैक्स 0.24, जापान का निक्केई 1.26, हांगकांग का हैंगसेंग 0.70 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.35 प्रतिशत मजबूत रहा।

वहीं, निफ्टी 14 अंक बढ़कर 24,732.35 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,703.60 अंक के निचले जबकि 24,967.10 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले सत्र के 24,718.60 अंक की तुलना में 0.92 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 24,946.50 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में अल्ट्रासिम्को 2.39, टेक महिंद्रा 2.12, एचसीएल टेक 1.66, टीसीएस 1.40, इंफ़ोसिस 1.39, एशियन पेंट 1.28, कोटक बैंक 1.25, टाटा स्टील 1.25, इटरनल 1.20, एलटी 1.15, आईटीसी 1.08, भारती एयरटेल 1.04, मारुति 1.04, पावरग्रिड 1.03, एचडीएफसी बैंक 0.93, बजाज फिनसर्व 0.86, रिलायंस 0.76, आईसीआईसीआई बैंक 0.75, इंडसइंड बैंक 0.36 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, टाटा मोटर्स 3.56, अडानी पोर्ट्स 0.35 और सन फार्मा के शेयर 0.19 प्रतिशत नुकसान में रहे।

## अमिताभ कांत ने जी20 शेरपा के पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली,** 16 जून (एजेंसियां)। अमिताभ कांत ने सोमवार को जी20 शेरपा के पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। उन्होंने जी20 शेरपा, नीति आयोग के सीईओ, औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग के सचिव समेत कई अन्य पदों पर 45 वर्षों तक समर्पित सरकारी सेवा के बाद इस्तीफा दिया है।



- **45 वर्ष का रहा सरकारी सेवाकाल**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और लिंकडइन पर माई न्यू जर्नी शीर्षक से एक पोस्ट में कांत ने कहा कि अब उनका लक्ष्य मुक्त उद्यम, स्टार्टअप और थिंक टैंक का समर्थन करना है। कांत ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि 45 वर्षों की समर्पित सरकारी सेवा के बाद, मैंने नए अवसरों को अपनाने और जीवन में आगे बढ़ने का निर्णय लिया है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने जी20 शेरपा के रूप में मेरा इस्तीफा स्वीकार कर लिया और मुझे कई विकासात्मक पहलों को आगे बढ़ाने और देश के विकास और प्रगति में योगदान देने का अवसर दिया। अपने सहकर्मियों, साथियों और मित्रों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि वह अब मुक्त उद्यम, स्टार्टअप, थिंक टैंक और शैक्षणिक संस्थानों को सुविधा और समर्थन देकर विकसित भारत की ओर देश की परिवर्तनकारी यात्रा में योगदान देने के लिए तैयार हैं। कांत ने कहा कि 2023 में भारत की जी20 अध्यक्षता का नेतृत्व करना उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर था।

# खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली,** 16 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में उबाल आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 176 रिंगिट उबलकर 4101 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.73 सेंट की तेजी के साथ 53.34 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9600-9700, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

# 225-26 में रियल्टी परियोजनाओं से ऋण वसूली में होगी 16 प्रतिशत की वृद्धि : रिपोर्ट

- **महामारी के बाद माइक्रो मार्केट्स में बढ़ती मांग से बिक्री में आई तेजी**

**नई दिल्ली,** 16 जून (एजेंसियां)। एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनियों (एआरसी) द्वारा संकटग्रस्त रियल एस्टेट परियोजनाओं के लिए जारी किए गए सुरक्षा रसीदों (एसआर) की संचयी वसूली दर चालू वित्त वर्ष के दौरान 16 प्रतिशत बढ़कर 38 प्रतिशत हो जाएगी। क्रिसिल की सोमवार को जारी हुई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह सुधार इन परियोजनाओं में नई इकाइयों की मजबूत बिक्री पर निर्भर करेगा, जो आवासीय रियल एस्टेट क्षेत्र में स्थिर मांग और एआरसी द्वारा ऋण के रणनीतिक रूप से पुनर्गठन के कारण संभव हो पाया है।

क्रिसिल की रिपोर्ट एनसीआर, एमएमआर3 और बेंगलुरु के माइक्रो मार्केट्स में स्थित 70 संकटग्रस्त रियल एस्टेट परियोजनाओं के विश्लेषण पर आधारित है, जिनमें लगभग 10,800 करोड़ रुपए के एसआर जारी किए गए हैं। इनमें से अधिकांश परियोजनाएं गिरती बिक्री, धीमी वसूली और



निर्माण पूरा करने के लिए धन की कमी के कारण बढ़ते ऋण चक्र में फंस गई थीं।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि रियल एस्टेट की कीमतों में वृद्धि और महामारी के बाद माइक्रो मार्केट्स में बढ़ती मांग के परिणामस्वरूप बिक्री में तेजी आई है, जिससे ये परियोजनाएं बाहरी निवेशकों द्वारा फंडिंग के लिए व्यवहार्य हो गई हैं।

रिपोर्ट में बताया गया कि एनसीआर, एमएमआर3 और बेंगलुरु के सूक्ष्म बाजारों में आवासीय अचल संपत्ति के लिए 2025-2026 में मांग में 7-9 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है और इससे इन संकटग्रस्त परियोजनाओं की बिक्री को भी सपोर्ट मिलेगा। रेटेड परियोजनाओं में से लगभग दो-तिहाई मिड-प्रीमियम सेगमेंट और उससे ऊपर की हैं, जिनसे वित्त वर्ष 26 में स्थिर मांग के कारण एआरसी की रिकवरी में 80 प्रतिशत तक का योगदान देने की उम्मीद है।

रिपोर्ट के अनुसार, दो कारणों से ऋण का पुनर्गठन संकटग्रस्त रियल एस्टेट परियोजनाओं के लिए पसंदीदा समाधान रणनीति के रूप में उभरा है। पहला, एआरसी भुगतान पर आरंभिक रोक लगाकर ऋण को वहन करने योग्य स्तर पर ला सकते हैं। एआरसी द्वारा पुनर्गठन का पक्ष लिए जाने का दूसरा कारण रियल एस्टेट क्षेत्र में अंतर्निहित मुद्दे हैं, जिसमें भूमि का दोहरा स्वामित्व और विकास अधिकार, क्रॉस-कोलैटरलाइजेशन के साथ राज्य प्राधिकरणों से अनुमोदन आदि शामिल हैं।

# जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए तोखन साहू और अरूण साव

## उप मुख्यमंत्री ने स्कूल के विकास कार्यो के लिए 20 लाख रूपए देने की घोषणा की

### उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

### बच्चे बने बाल अतिथि, तिलक लगाकर, मुंह मीठा कर किया गया स्वागत

### साइकिल, किताब, बैग सहित अन्य सामग्री बांटी गई



**बिलासपुर,** 16 जून (देशबन्धु)। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरूण साव आज सरकण्डा स्थित पीएमश्री सेजेस कन्या शाला में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। शाला प्रवेशोत्सव उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरूण साव ने स्कूल में विभिन्न कार्यों के लिए 20 लाख रूपए देने की घोषणा की। यह आयोजन न केवल नए विद्यार्थियों के प्रवेश का प्रतीक था बल्कि शिक्षा के उज्जवल भविष्य की ओर उनका पहला कदम भी था।

केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने बाल अतिथि प्रियांशु, साहिल, प्राची और धनमती का तिलक लगाकर, माला पहनाकर और मुह मीठा कर स्वागत किया। बच्चों को बैग, किताब, ड्रांइग किट, सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष श्रीमती ललिता संतोष कश्यप, कलेक्टर संजय अग्रवाल, नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल भी मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि गुरूओं की कृपा से ही उन्नति मिलती है। हरेली से लेकर होली तक हम अनेक उत्सव मनाते है जहां उत्सव होता है वहीं विकास होता है। आज का यह दिन बेहद खास है इससे हम एक वृहद उत्सव के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि ये आपके सुनहरे दिन है आने वाले भविष्य की नींव विद्यार्थी काल में ही रखी जाती है। उन्होंने बच्चों से कहा कि तनाव लेने की कतई आवश्यकता नहीं है खूब मन लगाकर पढ़ें। विद्यार्थी जीवन ही पूरे जीवन की बुनियाद होती है। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव का मूल उद्देश्य है कि एक भी बच्चा स्कूल आने से न छूटे। हमारी सरकार शिक्षा के जरिए पूरे समाज को एक साथ जोड़कर उनके लिए विकास का मार्ग प्रशस्त करना चाहती है। शिक्षा केवल डिग्री लेने के लिए नहीं है। शिक्षा और संस्कार दोनों जरूरी है। हमारे राज्य में छात्र और शिक्षक का अनुपात अन्य राज्य की तुलना में बेहतर है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने आगे कहा कि राज्य में शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलाया जा रहा है। शिक्षा हर एक का अधिकार है। युक्तियुक्तकरण के जरिए अब हर बच्चे को शिक्षा का उनका अधिकार मिल पाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में सभी के लिए शिक्षा सुलभ हो पा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से आव्हान किया की आज स्कूल का पहला और खास दिन है। आज हम सब संकल्प ले कि पूरे राज्य में अव्वल आकर बिलासपुर का परचम लहराएंगे। उन्होंने शाला प्रबंधन की मांग पर विभिन्न विकास कार्यो के लिए 20 लाख रूपए देने की घोषणा की।

बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार मिला है। बच्चियां पल्लवित और पुष्पित होंगी तो समाज भी पल्लवित और पुष्पित होगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने बताया कि विगत वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष 10वीं 12वीं के परीक्षा परिणाम में मिशन 90 प्लस प्रोग्राम के तहत सुधार आया है। हम आगे भी लगातार सुधार करने का प्रयास करेंगे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0 के तहत पौधरोपण



स्कूल परिसर में अतिथियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0 के तहत बड़ी संख्या में नीम का पौधा लगाया। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन बिल्हा बीईओ श्रीमती सुनीता ध्रुव और एपीसी समग्र शिक्षा श्रीमती सुनीता पाण्डेय द्वारा किया गया। जिला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में दीपक सिंह, अरूण सिंह चौहान, मोहित जायसवाल, रामदेव कुमावत, संयुक्त संचालक आरपी आदित्य, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी, जिला समन्वयक ओम पाण्डेय, एडीपीओ रामेश्वर जायसवाल, एपीसी मुकेश पाण्डेय, अखिलेश तिवारी सहित स्कूल की प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं और बच्चे मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक वासुदेव पाण्डेय ने किया।

# नशे में धुत कार चालक ने दो बाइकों को मारी टक्कर, तीन युवक एक युवती सहित चार की मौत







### प्रशासन ने तत्काल दिया सहायता राशि

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही,** 16 जून (देशबन्धु)। जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात पेंड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत मझगवां गांव के पास हुए एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में दो बाइकों पर सवार चार युवकों को एक तेज रफ्तार कार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी।

### कार चालक नशे में धुत, मौके पर ही तीन की मौत

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के वक्त कार चला रहा युवक मरवाही निवासी स्नेहिल गुप्ता शराब के नशे में था। टक्कर इतनी भयानक थी कि तीन युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल एक युवती को ईलाज के। लिए बिलासपुर रेफर किया गया था, बिलासपुर पहुंचने से पूर्व उसकी मौत हो गई ।

### जिला चिकित्सालय में मृतकों की पहचान

गंगाराम गंधर्व पिता डॉ. जनकराम (उम्र 25 वर्ष)—ग्राम गिरारी (बताया गया कि हादसे के दिन ही गंगाराम का जन्मदिन था)। रामअवतार पिता रामधारी गोंड़ (उम्र 30 वर्ष)— वार्ड नंबर 16, कुदरी। भूपेंद्र गोंड़ पिता गोपाल गोंड़ (उम्र 25-26 वर्ष) — साग बरघार, कुदरी। शानू केवट पति संतलाल (उम्र 25 वर्ष) — वार्ड नंबर 7, ग्राम बंधी (इलाज के दौरान मौत)। बताया जा रहा है कि सभी मृतक धनपुर की ओर बर्थडे सेलिब्रेशन के बाद घूमने निकले थे, तभी यह दर्दनाक हादसा हुआ।

### प्रशासन ने उपलब्ध कराया तत्काल राहत, मुआवजा राशि

प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए मृतकों के परिजनों को तात्कालिक आर्थिक सहायता राशि 12,500 प्रदान कर दी है। स्थायी सहायता के लिए आगे की कार्रवाई जारी है।

### पुलिस जांच जारी, फॉरेंसिक टीम जुटी

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को खबर दी। पेंड्रा पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम भी दुर्घटना स्थल पर जांच में जुटी हुई है ताकि हादसे के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सके।

इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। ग्राम गिरारी, कुदरी और बंधी गांवों में मातम पसरा हुआ है।

# योगा संगम एवं हरित योग थीम पर बहतराई स्टेडियम में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

### 11 वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 को




**बिलासपुर,** 16 जून (देशबन्धु)।11 वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को ''योगा संगम एवं हरित योग'' थीम पर योगा कार्यक्रम का आयोजन स्व. बी. आर. यादव इंडोर स्टेडियम बहतराई में सवेरे 7 बजे से आयोजित की गई है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने विभिन्न विभागों को जिम्मेदारी सौंपते हुए योगा कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर द्वारा तैयारी हेतु विभागों को योग स्थल पर आवश्यक बैठक व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था करने लोक निर्माण विभाग, आयुक्त नगर पालिक निमग, विद्युत यांत्रिकी लोक निर्माण विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, आयुष विभाग, मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी, उद्यान विभाग, खाद्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं खेल विभाग को दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार सीईओ जिला पंचायत श्री संदीप अग्रवाल द्वारा सभी जनपद पंचायत, नगर पालिक परिषद, नगर पंचायत एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी को ग्राम पंचायत स्तर पर योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने कहा गया है। योगा कार्यक्रम के साथ ही वृहद स्तर पर वन विभाग, उद्यानिकी एवं वानिकी विभागों के समन्वय से पौधारोपण, बीज रोपण, पौधों का संरक्षण, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित करने कहा है। इस अवसर पर पर्यावरण मित्रवत गतिविधियों का समावेश करते हुए छात्र-छात्राओं, स्काउट गाईड, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडर कोर, रक्षाबल तथा अन्य शैक्षणिक संस्थाओं में योग दिवस का आयोजन करने के निर्देश जारी किये गये है।

# देश में अद्वितीय कार्य हुए मोदी सरकार के 11 साल में : चंदेल




**कोरबा,** 16 जून (देशबन्धु)। पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण चंदेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 साल खास रहे। इस दौर में देश और जनता के हित में अद्वितीय कार्य संपन्न हुए हैं। बड़ी संख्या में लोगों को इनका लाभ मिलना दर्शाता है कि सही विजन के साथ योजनाएं बनाई गईं और उनका क्रियान्वयन किया गया।

प्रधानमंत्री के 11 वर्ष पूरे होने पर भाजपा देश भर में अभियान चला रही है और जनता को उपलब्धियों की जानकारी दे रही है। जनप्रतिनिधियों को इस अभियान का दायित्व दिया गया है। नारायण चंदेल इसी सिलसिले में सोमवार को कोरबा पहुंचे। उन्होंने तिलक भवन प्रेस क्लब में मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कई महत्वपूर्ण आंकड़े प्रस्तुत किए और इसके जरिए पूरी तस्वीर को खींचा कि देश में पहले क्या था और अब क्या है। हर मामले में सरकार की नीति और उसके दृष्टिकोण पर बात की गई। चंदेल ने बताया कि रक्षा मामले में हमारी प्रतिबद्धता है। समझौते के बजाय दुश्मन को करारा जवाब देने के साथ हर मोर्चे पर सफलता प्राप्त करने का संकल्प है। अंतरिक्ष से लेकर रेलवे, अधोसंरचना, आर्थिकी, कृषि, रोजगार नियोजन, सीमा सुरक्षा और प्रति व्यक्ति आय की बढ़ोत्तरी को लेकर गंभीरता से काम किया जा रहा है। किसान, गरीब के साथ-साथ विद्यार्थी, महिलाओं और सर्वाहारा वर्ग के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास के अंतर्गत देश में करोड़ों लोगों को लाभान्वित किया गया है। छत्तीसगढ़ के मामले में रुके हुए 3 लाख आवास को मंजूरी दी गई है और इस पर काम शुरु किया गया है। प्रेस कांफ्रेस में अभियान से जुड़े अशोक चावलानी, ज्योतिनंद दुबे, महापौर संजू देवी राजपूत, जिला भाजपा अध्यक्ष गोपाल मोदी, विधायक प्रेमचंद पटेल, पूर्व महापौर जोगेश लाम्बा और एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, पार्षद पंकज देवांगन,लक्ष्मण श्रीवास, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, सतविंदर पाल सिंह बग्गा, रामकुमार त्रिपाठी, भाजपा नेत्री मंजू सिंह, सुनीता पाटले, क्रांति सोनी, पवन सिन्हा,उपस्थित थे।

## बिलासपुर जिले में अवैध रेत खनन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

# 42 वाहन समेत डंप किए गए हजारों घन मीटर अवैध रेत जब्त

### कलेक्टर - एसपी के संयुक्त निर्देश पर हुई छापामार कार्रवाई





**बिलासपुर,** 16 जून (देशबन्धु)। अवैध रेत खनन के खिलाफ जिले में बड़ी कार्रवाई की गई। कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसएसपी रजनेश सिंह के संयुक्त निर्देश पर पूरे जिले में एक साथ छापामार अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध परिवहन करते 42 वाहन धरे गए। डंपिंग किए गए और अवैध परिवहन करते हजारों घन मीटर अवैध रेत बरामद किया गया। राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग के छोटे से लेकर बड़े अफसर संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई के लिए टूट पड़े। सवेरे से लेकर शाम तक कार्रवाई जारी रही। इतनी बड़ी कार्रवाई से रेत माफियों में हड़कंप मच हुआ है। दरअसल कलेक्टर ने कल रात में खनिज टास्क फोर्स समिति की आकस्मिक बैठक ली थी। रात में ही उन्हें बेखौफ होकर अभियान चलाने के कड़े निर्देश दे दिए गए थे।

टास्क फोर्स कमेटी से मिले निर्देश के अनुरूप जिले के सभी क्षेत्रों में राजस्व , पुलिस एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से रेत खदान क्षेत्रों व खनिज परिवहन कर रहें वाहनों की सघन जांच किया गया। आज की कार्यवाही में खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर जप्त कर 2 हाईवा थाना सरकंडा,3 हाईवा थाना मस्तूरी,6 हाईवा 2 ट्रेक्टर थाना पचपेड़ी, 2 ट्रेक्टर थाना बेलगहना,3 ट्रेक्टर थाना सिविल लाइन, 6 ट्रेक्टर 04 ट्राली थाना कोटा, 02 ट्रेक्टर थाना हिर्री, 03 ट्रेक्टर थाना कोनी, 04 ट्रेक्टर पकड़कर थाना चकरभाठा में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है।

खनिज रेत का अवैध उत्खनन करते पाये जाने पर 1 जेसीबी 1 चैन माउंटेन मशीन बेलगहना थाना क्षेत्र व 02 पोकलेन को पचपेड़ी थाना क्षेत्र में जप्त किया गया है। इसी तरह खनिज रेत के अवैध भंडारण के प्रकरण थाना सरकंडा क्षेत्र में 25 हाईवा, सिविल लाइन क्षेत्र में तीन अलग-अलग स्थानों में 31हाईवा, कोटा क्षेत्र में 2 जगह डम्प, मस्तूरी क्षेत्र में तीन स्थानों पर डम्प ,हिर्री क्षेत्र में पांच जगह में लगभग 450 ट्रेक्टर रेत डम्प ,कोनी क्षेत्र में चार जगह रेत डम्प का प्रकरण भी दर्ज किया गया है। आज की कार्यवाही में कुल 42 वाहनों को खनिजों के अवैध उत्खनन,परिवहन,भंडारण में संलिप्त पाये जाने पर जब्ती की कार्वाई की गई है।

कोटा अनु विभाग के अंतर्गत 21 ट्रैक्टर एक जेसीबी एक पोकलैंड एवं ग्राम बड़े बरन में 20 ट्रैक्टर अवैध रूप से रेतडंपिंग करना पाया गया । सभी अवैध परिवहन कर रहे वाहनों को थाना प्रभारी के सुपुर्द किया गया है । डंपिंग किए गए रेत को संबंधित ग्राम पंचायत को सौंपा गया है। बिल्हा के अंतर्गत ग्राम मोहदा में अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर जप्त किया गया एवं इस हिर्री थाने में खड़ा किया गया । साथ ही निषाद ट्रेडर्स द्वारा 60 ट्रैक्टर रेत डंप किया गया था जिसे जप्त किया गया। ग्राम अटर्रा में विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से लगभग 450 ट्रैक्टर रेत का भंडारण किया गया था जिसे भी पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा जप्त किया गया। बोदरी में राजस्व एवं पुलिस टीम हिर्री माइंस के पास अवैध रेत परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर जप्त किया तथा पीरेया में अवैध परिवहन करते हुए तीन ट्रैक्टर को पकड़ा गया।

तखतपुर राजस्व अनुविभाग के अंतर्गत ग्राम खटोलिया तथा ग्राम सफरी भाटा से अवैध रूप से उत्खनन कर रखे गए कल 1050 ट्रैक्टर ट्रॉली रेत की जब्ती की गई । इसे ग्राम सरपंच को सुपुर्द में दिया गया। इसी प्रकार शासकीय भूमि से बिना अनुमति के अवैध मुरूम उत्खनन करते हुए पाए जाने पर एक जेसीबी तथा एक ट्रैक्टर को ग्राम बीजा तहसील तखतपुर से जप्त किया गया। मस्तूरी सबडिवीजन के अंतर्गत पचपेड़ी क्षेत्र में हो रहे रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर कार्रवाई की गई जिसमें दो चैन माउंटेन 7 हाईवा एवं चार ट्रैक्टर पर कार्रवाई की गई। बिलासपुर सब डिवीजन के अंतर्गत ग्राम लोफांदी में लगभग 24 ट्रैक्टर ट्राली अवैध रूप से डंप रेत के अवैध भंडारण को जप्त कर ग्राम पंचायत और कोटवार के सुपुर्द किया गया। पंचनामा तैयार किया गया। ग्राम कछार में संयुक्त टीम द्वारा रेट घाट का आकस्मिक निरीक्षण भी किया गया। राजस्व, पुलिस विभाग से प्रकरण,प्रतिवेदन प्राप्त होने उपरांत राजस्व,पुलिस,खनिज नियमों के तहत आगे की कार्रवाई की जावेगी। राजस्व , पुलिस एवं खनिज विभाग की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर दावा-आपत्ति 18 से 27 तक

**बिलासपुर,** 16 जून (देशबन्धु)। एकीकृत बाल विकास परियोजना सकरी अंतर्गत ग्राम पंचायत निरतु, चनाडोंगरी, चोरभठ्ठीखुर्द एवं घुटकु के आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन मंगाए गए थे। मूल्यांकन समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों का छानबीन कर अनंतिम मूल्यांकन पत्रक जारी किया गया है। इस संबंध में आवेदिका दावा-आपत्ति 18 जून से 27 जून 2025 तक कार्यालयीन समय में एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय सकरी में स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकती हैं।

**NECC**

| 17.06.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 505 | 83 | 165 |
| चिल्हर | 6.75 | 100 | 190 |
| डिलीवरी | 520 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771